MOU Holder and Distributors
RN METALS Pvt. Ltd
Distributors of SAIL & VSP products in Telangana
Stockist of MS Beams MS Channel, MS Angle, MS Plates, TMT Bars
A-23/5 & 6, APIE, BALANAGAR, HYD.-500 037
040-23774718, 040-23774719, 9160111471

खबरें जो सोच बदल दे
# शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

MINISO
Please visit store nearest to you at these locations :
IRRUMMANZIL (L&T MALL)
MOOSARAMBAGH (L&T MALL)
KOMPALLY (TNR PLAZA)

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2026-28 । रविवार, 29 मार्च, 2026 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । website : https://www.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-8 रु.। वर्ष-8 । अंक-85

# पाक दल्ला!

## इस्लामाबाद में बुलाई तीन देशों की बैठक, ईरान युद्ध पर माथापच्ची




**इस्लामाबाद, 28 मार्च (एजेंसियां)।**

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच पाकिस्तान ने एक अहम कूटनीतिक पहल शुरू की है। इस्लामाबाद रविवार और सोमवार को सऊदी अरब, मिस्र और तुर्किये के विदेश मंत्रियों की मेजबानी करेगा, जहां क्षेत्रीय हालात पर विस्तृत चर्चा होगी। विदेश कार्यालय के मुताबिक, यह दौरा उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार के निमंत्रण पर हो रहा है। इस दौरान सऊदी विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद, तुर्किये के विदेश मंत्री हाकान फिदान और मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलअट्टी इस्लामाबाद पहुंचेंगे। इस बैठक में पश्चिम एशिया, खासकर ईरान में चल रहे युद्ध के बीच तनाव कम करने के उपायों पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा। इसके अलावा क्षेत्रीय सहयोग और आपसी समन्वय को मजबूत करने पर भी चर्चा होगी। दौरे के दौरान ये सभी नेता प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से भी मुलाकात करेंगे। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, यह महत्वपूर्ण बैठक पहले तुर्की में आयोजित होनी थी। हालांकि, इशाक डार की अन्य व्यस्तताओं के कारण उन्होंने संबंधित देशों के नेताओं से बैठक का स्थान बदलकर इस्लामाबाद करने का अनुरोध किया था।

डार ने कहा, यह बैठक तुर्की में होनी तय थी, लेकिन मेरी व्यस्तता के कारण मैंने अपने भाइयों से अनुरोध किया कि इसके बजाय कल (रविवार) इस्लामाबाद में मिलें।' उन्होंने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान विवादों को सुलझाने के लिए पूरी ईमानदारी और गंभीरता से काम कर रहा है। ▶10 पर

## इमरान के बेटे से डरी शरीफ सरकार



**लाहौर, 28 मार्च (एजेंसियां)।**

जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के बेटे कासिम खान पर पाकिस्तान सरकार ने गंभीर आरोप लगाए हैं। सरकार का दावा है कि कासिम ने जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में दिए गए अपने भाषण के जरिए देश के जनरलाइज्ड स्कीम ऑफ प्रेफरेंसेस प्लस दर्जे को कमजोर करने की कोशिश की है। इस दर्जे के तहत पाकिस्तान को निर्यात पर कम टैरिफ का लाभ मिलता है। फेडरल इंफॉर्मेशन मिनिस्टर अत्ताउल्लाह तरार, पंजाब की सूचना मंत्री अजमा बुखारी और सिंध के सूचना मंत्री शारजील मेमन ने कासिम और पीटीआई नेता जुल्फी बुखारी की आलोचना करते हुए इसे सोची-समझी साजिश बताया, जिसका उद्देश्य पाकिस्तान का जीएसपी प्लस दर्जा छीनना है।

कासिम खान ने बुधवार को यूएनएचआरसी के 61वें सत्र में अपने संबोधन में इस अंतरराष्ट्रीय संस्था से अपील की कि वह पाकिस्तान सरकार पर उनके पिता की तत्काल रिहाई के लिए दबाव डाले। ▶10 पर

### अग्रवाल समाज विवाद
## एजीएम अवैध

**हैदराबाद, 28 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

अग्रवाल समाज के अध्यक्ष अनिरुद्ध गुप्ता के निर्देशानुसार प्रेस एवं मीडिया चेयरमैन मुकुंद लाल अग्रवाल ने स्पष्ट किया है कि उपाध्यक्ष रुपेश कुमार अग्रवाल, मंत्री विकास कुमार केशन एवं कोषाध्यक्ष अचल गुप्ता द्वारा 12 अप्रैल 2026 को प्रस्तावित वार्षिक साधारण सभा (एजीएम) पूर्णतः असंवैधानिक एवं नियम विरुद्ध है। गौरतलब है कि 28 मार्च को शहर के एक हिन्दी अखबार (शुभ लाभ नहीं) में यह बेबुनियाद खबर छपवाई गयी थी।

उन्होंने बताया कि समाज के संविधान के अनुसार (अनुच्छेद 10(3)) किसी भी केंद्रीय समिति अथवा साधारण सभा की बैठक अध्यक्ष के परामर्श से ही बुलाई जा सकती है, जबकि इस बैठक के संबंध में अध्यक्ष से कोई परामर्श नहीं लिया गया था।

साथ ही, संविधान के प्रावधानों (अनुच्छेद 11) के अनुसार एजीएम वर्ष में केवल एक बार आयोजित की जाती है तथा कार्यकाल जून माह में समाप्त होकर जुलाई माह से प्रारंभ होता है, अतः उक्त प्रस्तावित तिथि भी नियमों के अनुरूप नहीं है।

इसके अतिरिक्त, संविधान (अनुच्छेद 23(3)(एफ)) के अनुसार बैठक का नोटिस एवं एजेंडा अध्यक्ष के साथ परामर्श में जारी होना अनिवार्य है, जिसका पालन नहीं किया गया है।

अतः उपरोक्त तथ्यों के आधार पर 12 अप्रैल 2026 को प्रस्तावित बैठक को अवैध, असंवैधानिक एवं अमान्य घोषित किया जाता है।

अग्रवाल समाज के सभी केंद्रीय समिति सदस्यों, शाखा पदाधिकारियों एवं समाज सदस्यों से अपील की गई है कि उक्त बैठक को निरस्त मानते हुए इसमें भाग न लें।

## कमर बाजवा का निधन



**इस्लामाबाद, 28 मार्च (एजेंसियां)।**

पाकिस्तान के पूर्व सेना प्रमुख कमर जावेद बाजवा का शनिवार को निधन हो गया। इस्लामाबाद पोस्ट से बात करते हुए उनके करीबी परिजनों ने बताया कि गिरने के कारण सिर में आई गंभीर चोटों की वजह से उनका देहांत हुआ। 65 वर्षीय बाजवा को फरवरी में रावलपिंडी सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जब वे अपने वॉशरूम में फिसल गए थे और उनके सिर में कई गंभीर चोटें आई थीं।

यह घटना फरवरी 2026 में हुई थी, जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। भर्ती होने के कुछ समय बाद ही डॉक्टरों ने उनकी एक बड़ी सर्जरी की थी और उन्हें गहन चिकित्सा इकाई में कड़ी निगरानी में रखा गया था। हालांकि, अस्पताल के अधिकारियों ने शुरुआत में सर्जरी को सफल बताया था, लेकिन उनका स्वास्थ्य पूरी तरह से उनकी रिकवरी पर निर्भर था। चोटों की गंभीरता को देखते हुए मेडिकल टीमें लगातार उनकी स्थिति पर नजर रख रही थीं।

### परमाणु ठिकानों पर हमले का बदला
## सऊदी एयर बेस पर ईरानी मिसाइल



**दुबई, 28 मार्च (एजेंसियां)।**

इजरायल द्वारा शुक्रवार को ईरान के परमाणु केंद्रों पर हमला किए जाने के कुछ ही घंटों बाद तनाव चरम पर पहुंच गया है। ईरान ने इस कार्रवाई का बदला लेने का संकल्प लेते हुए सऊदी अरब स्थित एक सैन्य ठिकाने पर हमला किया, जिसमें अमेरिकी सैनिक घायल हुए हैं और कई विमानों को नुकसान पहुंचा है। ईरानी हमले में सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयर बेस को निशाना बनाया गया। दो अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, इस हमले में कम से कम 10 अमेरिकी सैनिक घायल हुए हैं, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि हमले में ईंधन भरने वाले कई विमान भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। यह हमला इजरायल द्वारा ईरान के परमाणु ठिकानों को निशाना बनाने के तुरंत बाद हुआ है।

**इजरायल का ईरानी परमाणु केंद्रों पर प्रहार**

ईरानी सरकारी मीडिया के अनुसार, इजरायल ने ईरान के दो प्रमुख परमाणु केंद्रों अराक में शाहिद खोंडाब हेवी वॉटर कॉम्प्लेक्स और यज़्द प्रांत में अर्दकान येलोकेक उत्पादन संयंत्र को निशाना बनाया। इजरायल ने इस हमले की जिम्मेदारी लेते हुए अपनी कार्रवाई को विस्तारित और तेज करने की चेतावनी दी है। हालांकि, ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन ने स्पष्ट किया कि इन हमलों में कोई हताहत नहीं हुआ है और विकिरण का कोई खतरा नहीं है। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने सोशल मीडिया पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ईरान इजरायली अपराधों की भारी कीमत वसूलेगा। युद्ध के एक महीने बाद, तनाव के बीच एक बड़ी कूटनीतिक सफलता भी देखने को मिली है।

▶10 पर

## मोदी-ट्रंप और वो

### न्यूयॉर्क टाईम्स की खबर का भारत ने किया खंडन



**नयी दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई टेलीफोनिक बातचीत को लेकर उठी तमाम अटकलों पर विराम लगाते हुए विदेश मंत्रालय ने अपना आधिकारिक बयान जारी किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने साफ शब्दों में कहा है कि इस संवाद का केंद्र केवल आपसी सहयोग और क्षेत्रीय स्थिरता था और यह बातचीत केवल प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप के बीच हुई।

व्हाइट हाउस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच मंगलवार को फोन पर हुई बातचीत का जिक्र करते हुए शुक्रवार को कहा कि दोनों नेताओं के बीच सार्थक संवाद हुआ। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने एक बयान में कहा, राष्ट्रपति ट्रंप के प्रधानमंत्री मोदी के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं और बातचीत सार्थक रही।

हालांकि, न्यूयॉर्क टाइम्स ने खबर दी कि मोदी और ट्रंप ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर जब मंगलवार को बातचीत की, उस समय अरबपति कारोबारी एलन मस्क भी फोन पर उनके साथ मौजूद थे। अखबार ने अमेरिका के अज्ञात अधिकारियों के हवाले से खबर दी कि मंगलवार को ट्रंप और मोदी की फोन पर हुई बातचीत में एलन मस्क भी शामिल हुए थे। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच दो देशों के प्रमुखों के बीच हुई बातचीत में सरकार के इतर किसी नागरिक का मौजूद होना असामान्य है।

लेकिन विदेश मंत्रालय ने एलन मस्क के बातचीत में शामिल होने की बात का खंडन किया है। न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर में कहा गया कि मस्क के इस बातचीत में शामिल होने की दो अमेरिकी अधिकारियों द्वारा पुष्टि किए जाने से संकेत मिलता है कि दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति मस्क के राष्ट्रपति ट्रंप के साथ संबंध फिर बेहतर हो गए हैं। मस्क के सरकार से पिछले साल बाहर निकलने के बाद उनके एवं ट्रंप के संबंधों में खटास आ गई थी। मस्क को सरकार में कर्मचारियों की संख्या में कटौती करने का काम सौंपा गया था।

## गरीबों के लिए उड़ान

### हवाई यात्रा सिर्फ अमीरों के लिए नहीं : मोदी



**नोएडा, 28 मार्च (एजेंसियां)।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि पहले की सरकारें हवाई यात्रा की सुविधा को सिर्फ अमीरों के लिए मानती थीं जबकि मौजूदा सरकार ने इसे गरीबों के लिए भी सुलभ कर दिया है।

श्री मोदी ने उत्तर प्रदेश के जेवर में नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 12 साल में देश में एविएशन सेक्टर का तेजी से विकास हुआ है जिससे युवाओं को बड़ी संख्या में रोजगार भी मिल रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले की सरकारें मानती थीं कि हवाई यात्रा सिर्फ अमीरों के लिए होनी चाहिये, लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने उसे गरीबों के लिए भी सुलभ कर दिया है। उन्होंने केंद्र की पूर्ववर्ती संप्रग सरकार और उत्तर प्रदेश की सपा और बसपा की सरकारों पर नोएडा एयरपोर्ट के काम को जानबूझकर अटकाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि साल 2014 से पहले देश में सिर्फ 74 एयरपोर्ट थे। आज 160 से ज्यादा हो गये हैं। अकेले उत्तर प्रदेश में अब 17 हवाई अड्डे हैं। अब छोटे-छोटे शहरों में भी कनेक्टिविटी पहुंच रही है।

श्री मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार का प्रयास है कि एयरपोर्ट भी बने और किराया भी बहुत अधिक न हो। इसलिए, उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) योजना शुरू की गयी है। इस योजना के तहत अब तक 1.60 करोड़ लोग रियायती दरों पर टिकट लेकर हवाई सफर कर चुके हैं।उन्होंने बताया कि सरकार ने हाल ही में उड़ान योजना के अगले चरण के लिए लगभग 29 हजार करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। इसके तहतअगले आठ साल में छोटे-छोटे शहरों में 100 नये हवाई अड्डे और 200 से अधिक हेलीपैड बनाने की योजना है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश का विमानन क्षेत्र तेजी से विकास कर रहा है। इसके साथ विमानों की जरूरत भी बढ़ रही है। भारतीय विमान सेवा कंपनियों ने सैकड़ों विमानों के ऑर्डर दिये हैं। इनको उड़ाने, रखरखाव आदि के लिए बहुत बड़ी संख्या में कार्यबल की जरूरत होगी। इसके लिए प्रशिक्षण केंद्र खोले जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पहले देश में विमानों की रखरखाव, मरम्मत और ओवर हॉलिंग (एमआरओ) की पुख्ता व्यवस्था नहीं थी। आज भी 85 प्रतिशत विमानों को एमआरओ के लिए विदेश भेजना पड़ता है। मौजूदा सरकार ने एमआरओ में भी देश को आत्मनिर्भर बनाने की ठानी है। इसमें भी बड़ी संख्या में रोजगार मिलेंगे।

श्री मोदी ने कहा कि आज उन्होंने नोएडा हवाई अड्डे के उद्घाटन के साथ यहां जिस एमआरओ सुविधा की आधारशिला रखी है उसके शुरू होने पर देश-विदेश के विमानों की यहां मरम्मत होगी। इससे देश की कमाई भी होगी और युवाओं को रोजगार भी मिलेंगे।

## राजनाथ सिंह की हाई-लेवल मीटिंग

### ऊर्जा-व्यापार सुरक्षा पर रहा फोकस



**नयी दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में मंत्रियों के एक अनौपचारिक समूह ने पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न स्थिति पर चर्चा करने के लिए दिल्ली में बैठक की। इस बैठक में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय संसदीय मंत्री किरेन रिजिजू, स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, परमाणु ऊर्जा राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह सहित अन्य कई अधिकारी मौजूद रहे।

यह बैठक केंद्र द्वारा मौजूदा संघर्ष पर कई बैठकें आयोजित करने और लोगों को ईंधन की कोई कमी न होने का आश्वासन देने के बीच हुई है। विदेश मंत्रालय घटनाक्रम पर कड़ी नजर रख रहा है और पश्चिम एशिया में मौजूद भारतीय नागरिकों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इससे पहले शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों और उपराज्यपालों के साथ वर्चुअल बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रमों और देश पर इसके संभावित प्रभाव के मद्देनजर राज्यों की तैयारियों की समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, प्रधानमंत्री ने सभी मुख्यमंत्रियों द्वारा दिए गए बहुमूल्य सुझावों की सराहना की और कहा कि ये सुझाव मौजूदा स्थिति को प्रभावी ढंग से संभालने में महत्वपूर्ण होंगे। उन्होंने आगे आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए सतर्कता, तैयारी और समन्वित कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया। ▶10 पर

### कार्टून कॉर्नर




### मौसम हैदराबाद

अधिकतम : $36^0$
न्यूनतम : $24^0$



# शाह का पीएम बनते ही एक्शन शुरू, जेन जी क्रांति के दौरान हुई हिंसा के मामले में पूर्व पीएम ओली गिरफ्तार

**काठमांडू, 28 मार्च (एजेंसियां)।**

नेपाल की राजनीति में शनिवार तड़के एक ऐतिहासिक और नाटकीय मोड़ आया, जब पूर्व प्रधानमंत्री और प्रमुख कम्युनिस्ट नेता केपी शर्मा ओली को उनके भक्तपुर स्थित आवास से गिरफ्तार कर लिया गया। यह गिरफ्तारी सितंबर 2025 में हुए जेन जी विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा और प्रदर्शनकारियों पर कथित रूप से अत्यधिक बल प्रयोग के आपराधिक मामले में की गई है। इस कार्रवाई की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि ओली के साथ-साथ नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक को भी हिरासत में लिया गया है। यह घटनाक्रम राजनीतिक रूप से अत्यंत संवेदनशील समय पर हुआ है। महज 24 घंटे पहले ही रैपर से राजनेता बने बालेन शाह ने नेपाल के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली है। बालेन शाह की जीत को नेपाल में पारंपरिक राजनीति के अंत और युवा शक्ति के उदय के रूप में देखा जा रहा है। 5 मार्च को हुए आम चुनाव में बालेन शाह की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने ओली को करारी शिकस्त दी थी। गिरफ्तारी का मुख्य आधार सितंबर 2025 की वह जेन जी क्रांति है, जिसने नेपाल की सत्ता संरचना को हिलाकर रख दिया था। डिजिटल स्वतंत्रता की मांग से शुरू हुआ यह आंदोलन जल्द ही भ्रष्टाचार और कुशासन के खिलाफ एक राष्ट्रव्यापी विद्रोह में बदल गया था। उस समय सत्ता पर काबिज ओली सरकार ने प्रदर्शनों को कुचलने के लिए सख्त रुख अपनाया, जिसमें कम से कम 76 लोगों की जान चली गई और 2,000 से अधिक लोग घायल हुए। इस हिंसा की जांच के लिए गठित उच्चस्तरीय आयोग ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से ओली को जिम्मेदार ठहराया है। आयोग का तर्क है कि देश के कार्यकारी प्रमुख होने के नाते, सुरक्षा बलों द्वारा की गई गोलीबारी और मानवाधिकारों के उल्लंघन की नैतिक और कानूनी जिम्मेदारी उन पर आयद होती है। रिपोर्ट में तत्कालीन पुलिस प्रमुख चंद्र कुबेर खापुंग समेत कई अन्य अधिकारियों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की सिफारिश की गई है। कानूनी विशेषज्ञों के अनुसार, यदि ओली और रमेश लेखक पर लगे आरोप अदालत में सिद्ध हो जाते हैं, तो उन्हें अधिकतम 10 साल तक की जेल की सजा हो सकती है। दूसरी ओर, केपी शर्मा ओली ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे प्रतिशोध की राजनीति करार दिया है। उन्होंने आयोग की रिपोर्ट को चरित्र हनन करने वाला और राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित बताया है। फिलहाल, इन दिग्गज नेताओं की गिरफ्तारी के बाद पूरे नेपाल में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है ।

## न्यूज ब्रीफ

### ईरान ने अमेरिका के छह सामरिक जहाजों पर दागी मिसाइलें, तीन समुद्र में डूबे, तीन में लगी आग



**तेहरान।** ईरान के सशस्त्र बलों ने अमेरिका के छह सामरिक जहाजों को निशाना बनाया है। दावा किया गया है कि इस हमले में बड़ी संख्या में अमेरिकी सैनिक मारे गए हैं। ईरान ने इस हमले में बैलिस्टिक मिसाइलों और कद्र 380 क्रूज मिसाइलों का उपयोग किया। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कार्प्स (आईआरजीसी) के जनसंपर्क कार्यालय ने शुक्रवार देररात जारी बयान में यह जानकारी दी। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स से संबद्ध अर्ध सरकारी न्यूज एजेंसी तसनीम की रिपोर्ट के अनुसार, आपरेशन ट्रू प्रामिस 4 के तहत ईरानी बलों का 84वां हमला है। आईआरजीसी की नौसेना ने अल-शुवैख बंदरगाह और दुबई के समुद्र तटों और बंदरगाह पर अमेरिकी-इजराइली सेना के खिलाफ सटीक हमले किए। हमले में अमेरिकी सैनिक मारे गए। उनके सामरिक उपकरण नष्ट हो गए। आईआरजीसी के बयान के अनुसार, इस हमले को बैलिस्टिक मिसाइलों और कद्र 380 क्रूज मिसाइलों का उपयोग किया गया। अल-शुवैख बंदरगाह पर अमेरिका के छह लैंडिंग क्राफ्ट यूटिलिटी (एलसीयू) जहाजों को निशाना बनाया गया। इन लड़ाकू जहाजों में से तीन हमले के बाद डूब गए और बाकी जल रहे हैं। इसके साथ ही, समुद्र तट और दुबई के एक होटल में मौजूद अमेरिकी ड्रोन यूनिट के सैनिकों को ड्रोन से निशाना बनाया गया।

### मिट्टी से अचानक उगने लगे अजीबोगरीब पौधे



**टोरंटो।** कनाडा के टोरंटो के पोर्ट लैंड्स इलाके में चल रहे एक निर्माण और रिवर एन्हांसमेंट प्रोजेक्ट की खुदाई में निकली मिट्टी से अचानक अजीबोगरीब पौधे उगने लगे। प्रकृति के इस अद्भुत नजारे को देखने वाले लोग अचंभित रह गए। यहां खुदाई के दौरान करीब 7 मीटर गहराई से निकाली गई मिट्टी में कैटटेल (टाइफा), बलरश और अन्य वेटलैंड प्रजातियों के पौधे उगते नजर आए। खास बात यह रही कि ये पौधे आज के टोरंटो क्षेत्र में सामान्य तौर पर नहीं पाए जाते। इस असामान्य घटना ने वहां काम कर रहे लोगों को हैरान कर दिया, जिसके बाद इसकी जानकारी वैज्ञानिकों को दी गई। जांच में सामने आया कि ये पौधे दरअसल 100 साल से भी ज्यादा पुराने बीजों से उगे हैं, जो जमीन के भीतर दबे हुए थे। ये बीज पुराने अशब्रिजेस बे मार्श के समय के हैं, जिसे 1900 के शुरुआती वर्षों में लैंडफिल के जरिए ढक दिया गया था।

### दूल्हे ने दुल्हन को कहा बेवकूफ तो 3 मिनट में टूट गई शादी



**कुवैत सिटी।** कुवैत में एक शादी मात्र तीन मिनट के भीतर ही खत्म हो गई। इस शादी को अब देश की सबसे छोटी शादी माना जा रहा है। रिश्तों की नींव भरोसे और सम्मान पर टिकी होती है, लेकिन जब शुरुआत ही अपमान से हो जाए तो रिश्ता टिकना मुश्किल हो जाता है। ऐसा ही मामला सामने आया है कुवैत से। जानकारी के मुताबिक, कुवैत के एक कोर्ट हाउस में दूल्हा-दुल्हन ने शादी की सभी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी कीं। जज ने दोनों को पति-पत्नी घोषित कर दिया और उन्होंने आधिकारिक कागजों पर हस्ताक्षर भी कर दिए। लेकिन कोर्ट रूम से बाहर निकलने से पहले ही यह रिश्ता टूट गया। घटना तब हुई जब शादी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद दुल्हन बाहर निकलते समय हल्का सा लड़खड़ा गई और गिरते-गिरते बची। इस नाजुक पल में जहां उसे सहारे की जरूरत थी, वहीं दूल्हे ने मदद करने के बजाय उसका मजाक उड़ा दिया। रिपोर्ट्स के अनुसार, दूल्हे ने सबके सामने दुल्हन को बेवकूफ कह दिया। यह सुनते ही दुल्हन को गहरा धक्का लगा और वह भावनात्मक रूप से आहत हो गई। जिस व्यक्ति के साथ वह जिंदगी बिताने जा रही थी, उसी के इस व्यवहार ने उसे तुरंत फैसला लेने पर मजबूर कर दिया। दुल्हन ने बिना समय गंवाए जज के पास जाकर शादी को रद्द करने की मांग की। चूंकि जज इस पूरी घटना के प्रत्यक्ष गवाह थे, उन्होंने दुल्हन की बात को गंभीरता से लिया और तुरंत विवाह को निरस्त करने का आदेश दे दिया। इस तरह, कागजों पर पति-पत्नी बनने के महज तीन मिनट बाद ही दोनों का रिश्ता कानूनी तौर पर समाप्त हो गया।

# ईरान के परमाणु ठिकानों, इजराइल के कई शहरों पर हवाई हमला

**तेहरान/तेल अवीव, 28 मार्च (एजेंसियां)।**

इजराइल के शनिवार सुबह ईरान के नागरिक और परमाणु ठिकानों पर हमले पर ईरान की कड़ी प्रतिक्रिया सामने आई है। ईरान ने कहा कि इजराइल आग से खेल रहा है। उसे इसकी बहुत बड़ी कीमत चुकानी होगी। इसके बाद ईरान ने इजराइल के आसमान पर मिसाइलों की बौछार कर दी। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। रिपोर्ट के अनुसार, मध्य इजराइल पर ईरान ने बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। देश के मध्य भाग में छह अलग-अलग जगहों पर इनके टुकड़े गिरे। इससे इमारतों को नुकसान पहुंचा। अधिकारियों का कहना है कि दक्षिण में मिसाइल को रोकने की प्रक्रिया के दौरान गिरे मलबे से दो अन्य लोग मामूली रूप से घायल हुए हैं। इससे पहले ईरान ने शुक्रवार को इजराइल पर छह बार हमला किया। एक हमले में क्लस्टर बम वारहेड से लैस मिसाइल दागी गई। इससे एक बड़े इलाके में छोटे-छोटे बम गिरे और आग लग गई।

रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका-इजराइल ने ईरान के कई महत्वपूर्ण परमाणु ठिकानों पर जोरदार हमले किए गए हैं। इन हमलों ने मध्य पूर्व में तनाव को चरम पर पहुंचा दिया है। ईरान के सरकारी समाचार एजेंसी इरना के अनुसार, यज्द प्रांत के अरदकान में स्थित येलोकेक संयंत्र और अराक में स्थित शाहिद खोंदाब हैवी वाटर काम्प्लेक्स पर हमले हुए हैं। ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन ने कहा है कि इन हमलों से कोई रेडियोधर्मी प्रदूषण नहीं फैला है और न ही कोई हताहत हुआ है। हालांकि, इज़राइली मीडिया ने इन हमलों को ईरान के परमाणु कार्यक्रम के लिए बड़ा झटका बताया है। इन हमलों के जवाब में ईरान ने इजराइल के तेल अवीव और डिमोना जैसे क्षेत्रों पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं।

इस बीच ईरान के सशस्त्र बलों ने अमेरिका के छह सामरिक जहाजों को निशाना बनाया है। दावा किया गया है कि इस हमले में बड़ी संख्या में अमेरिकी सैनिक मारे गए हैं। ईरान ने इस हमले में बैलिस्टिक मिसाइलों और कद्र 380 क्रूज मिसाइलों का उपयोग किया। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कार्प्स (आईआरजीसी) के जनसंपर्क कार्यालय ने शुक्रवार देररात जारी बयान में यह जानकारी दी।



### ईरान के खिलाफ बड़े पैमाने पर जमीनी कार्रवाई शुरू कर सकता है अमेरिका

**तेहरान।** मध्य पूर्व में ईरान और अमेरिका के बीच जारी तनाव अब एक बेहद खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। कूटनीतिक गलियारों में इस बात की प्रबल आशंका जताई जा रही है कि अमेरिका अब ईरान के खिलाफ बड़े पैमाने पर जमीनी कार्रवाई शुरू कर सकता है। हालांकि आधिकारिक तौर पर अभी इसका ऐलान नहीं किया गया है, लेकिन युद्ध के मैदान से आ रही जमीनी खबरें और सैन्य गतिविधियां किसी बड़े टकराव की ओर इशारा कर रही हैं। क्षेत्र में पहले से ही करीब 50,000 अमेरिकी सैनिक तैनात हैं, जिन्हें और मजबूती देने के लिए अमेरिका अपनी प्रसिद्ध 82वीं एयरबोर्न डिवीजन के कम से कम 1,000 अतिरिक्त सैनिकों को भेजने की तैयारी कर रहा है। इसके अलावा, पेंटागन दो मरीन एक्सपेडिशनरी यूनिट की तैनाती की प्रक्रिया में है, जिससे करीब 5,000 मरीन और हजारों नौसैनिकों की ताकत और बढ़ जाएगी। दूसरी ओर, संभावित अमेरिकी हमले और जमीनी कार्रवाई की भनक लगते ही ईरान ने भी अपनी तैयारी अभूतपूर्व स्तर पर बढ़ा दी है। रिपोर्ट्स के अनुसार, ईरान ने लगभग 10 लाख से अधिक लड़ाकों को युद्ध के लिए तैयार करना शुरू कर दिया है। पूरे देश में स्थापित रिक्रूटमेंट सेंटर्स पर लोगों का हुजूम उमड़ रहा है, जहां बसीज और इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कार्प्स (आईआरजीसी) के साथ मिलकर आम नागरिक सेना में भर्ती हो रहे हैं। यह लामबंदी दर्शाती है कि ईरान किसी भी विदेशी हस्तक्षेप का मुकाबला करने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंकने को तैयार है। इस भीषण तनाव के बीच कूटनीतिक मोर्चे पर भी सरगर्मी तेज है। पाकिस्तान ने पुष्टि की है कि वह युद्ध को रोकने के लिए क्षेत्र के सभी हितधारकों के साथ सक्रिय रूप से बातचीत कर रहा है। विशेष रूप से पाकिस्तान ही वह जरिया रहा है जिसके माध्यम से अमेरिका ने अपनी मांगें ईरान तक पहुंचाई थीं। हालांकि, ईरान ने अमेरिका के 15-सूत्रीय शांति प्रस्ताव को सिरे से खारिज कर दिया है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए स्पष्ट किया कि अंतरराष्ट्रीय कानून किसी की सुविधा का उपकरण नहीं है।

# चीन को मिली बड़ी कामयाबी, अब 500 किमी दूर ही राफेल और एफ-35 को कर सकता है ध्वस्त



**बीजिंग, 28 मार्च (एजेंसियां)।**

भारत के पड़ोसी देश चीन से आई एक खबर ने रक्षा विशेषज्ञों का ध्यान खींचा है। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी एयर फोर्स (पीएलए) ने अपने चेंगदू जे-10सी फाइटर जेट को एक नए और आधुनिक रडार सिस्टम के साथ एकीकृत किया है। चीन का दावा है कि इस तकनीक के जरिए वह 5वे जनरेशन के स्टील्थ फाइटर जेट्स को भी ट्रैक और इंटरसेप्ट कर सकता है। यदि चीनी दावों को सही माना जाए, तो यह रडार प्रणाली चौथी पीढ़ी के विमानों जैसे राफेल और तेजस को 500 किलोमीटर दूर से ही पहचान कर उन्हें आसमान में ही निशाना बनाने में सक्षम है। हाल ही में चीन ने एक उच्च-तीव्रता वाले सैन्य अभ्यास के दौरान जे-10सी को अपने अत्याधुनिक फ्लाइंग रडार केजे-500 के साथ जोड़कर परखा है। जो एक तीसरी पीढ़ी का एयरबोर्न अर्ली वार्निंग विमान है, जो शानेक्सी वाय-9 प्लेटफार्म पर आधारित है। इसकी सबसे बड़ी खूबी इसमें लगे तीन येसा रडार पैनल हैं, जो बिना घूमे ही 360 डिग्री की निरंतर निगरानी प्रदान करते हैं। यह रडार न केवल स्टील्थ विमानों का पता लगाने में सक्षम है, बल्कि एक साथ सैकड़ों लक्ष्यों को ट्रैक कर सकता है। चीनी रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, यह विकास पारंपरिक युद्ध शैली से हटकर सिस्टम-आफ-सिस्टम्स युद्ध की दिशा में एक बड़ा कदम है। केजे-500 लगभग 12 घंटे तक लगातार उड़ान भर सकता है और युद्ध के दौरान फाइटर जेट्स के लिए एक कमांड सेंटर के रूप में कार्य करता है। चीन की इस बढ़ती तकनीक और हवाई निगरानी क्षमता के बीच, भारत के लिए मिशन सुदर्शन चक्र और राफेल जैसे प्रोजेक्ट्स का समय पर पूरा होना रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। बता दें कि भारत की भौगोलिक स्थिति उसे एक साथ दो मोर्चों पर चुनौतियों का सामना करने के लिए मजबूर करती है। एक ओर चीन की विस्तारवादी नीतियां हैं, तो दूसरी ओर पाकिस्तान की ओर से होने वाली अशांति। इन खतरों को देखते हुए नई दिल्ली अपनी सैन्य क्षमता को 21वीं सदी के युद्ध कौशल के अनुरूप ढालने में जुटी है। भारतीय नीति-निर्माताओं का पूरा ध्यान अब डिफेंस सेक्टर को सुपरपावर बनाने पर है, जिसके तहत थल, नभ और जल सेना के लिए कई रणनीतिक प्रोजेक्ट्स पर काम चल रहा है। राष्ट्रीय हवाई क्षेत्र को एक अभेद्य किले में बदलने के लिए भारत ने मिशन सुदर्शन चक्र प्रोजेक्ट लान्च किया है।

### तेहरान में पाकिस्तानी दूतावास के पास हमले से बौखलाया पाकिस्तान



**इस्लामाबाद।** इजरायल ने ईरान की राजधानी तेहरान में गुरुवार रात करीब 8 बजे बड़े हमले किए। यह हमला पाकिस्तानी दूतावास और राजदूत के आवास के बेहद करीब हुआ जिससे पूरा इलाका हिल उठा। इस हमले को लेकर पाकिस्तान बौखला गया है और उसने इजरायल को कड़ी चेतावनी दी है। पाकिस्तान ने इजरायल को धमकाते हुए कहा है कि वो कतर नहीं है जो चुपचाप हमले सह लेगा। शुरुआती जानकारी के मुताबिक दूतावास परिसर सीधे तौर पर निशाना नहीं बनाया गया और पाकिस्तान के सभी राजनयिक और उनके स्टाफ सुरक्षित हैं। दूतावास की खिड़कियों के कांच भी सलामत हैं लेकिन आसपास की इमारतें हमलों की गंभीर तरीके से हिल गईं। इस हमले के बाद पाकिस्तानी सरकार से जुड़े पाकिस्तान स्ट्रैटेजिक फोरम ने कड़ी टिप्पणी की है और इजरायल को धमकी दी है। बयान में कहा गया कि इजरायल को याद रखना चाहिए, पाकिस्तान कतर नहीं है। अगर दुनिया में कहीं भी हमारे डिप्लोमैट्स को नुकसान पहुंचा, तो हम ऐसा हमला करेंगे कि याद रखोगे। ईरान में कूटनीतिक इलाकों के पास हमले ताजा हवाई हमलों में ईरान के कई हिस्सों को निशाना बनाया गया, जिनमें डिप्लोमैटिक आवासों के आसपास के इलाके भी शामिल हैं। ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच जारी युद्ध अब चौथे हफ्ते में प्रवेश कर चुका है।

# बालकनी में ठुमके लगाते दिखे अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप, लोग बोले इसे कहते हैं लाशों पर नाचना

**वाशिंगटन, 28 मार्च (एजेंसियां)।**



पश्चिम एशिया में जारी भीषण संघर्ष और ईरान पर इजरायल के साथ मिलकर किए गए हमलों के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर चर्चा के केंद्र में हैं। जहां एक ओर होर्मुज जलडमरूमध्य (स्ट्रेट आफ होर्मुज) के बंद होने से दुनिया भर में ऊर्जा संकट गहरा गया है और तेल की कीमतों में उछाल आया है, वहीं दूसरी ओर डोनाल्ड ट्रंप का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में ट्रंप व्हाइट हाउस की बालकनी से भाषण देने के बाद थिरकते हुए नजर आ रहे हैं। इस वीडियो ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई बहस छेड़ दी है। लोग सोशल मीडिया पर कह रहे हैं इसे कहते हैं लाशों पर नाचना। सोशल मीडिया पर लोग इस वीडियो को लेकर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कुछ यूजर्स का कहना है कि पूरी दुनिया युद्ध की आग में झुलस रही है और ट्रंप जश्न मना रहे हैं। एक यूजर ने टिप्पणी की कि ईरान की मिसाइलों ने सऊदी अरब स्थित प्रिंस सुल्तान एयरबेस को भारी नुकसान पहुँचाया है, जिसमें 20 अमेरिकी सैनिक घायल हुए हैं, इसके बावजूद राष्ट्रपति का इस तरह डांस करना और निवेशकों के सामने चुटकुले सुनाना संवेदनहीनता है। कई लोग इस वीडियो की प्रामाणिकता पर भी सवाल उठा रहे हैं और पूछ रहे हैं कि क्या यह वास्तविक है या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा निर्मित है। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि ट्रंप इस तरह के व्यवहार से यह दिखाने की कोशिश कर रहे हैं कि सब कुछ सामान्य है, जबकि उनके फैसलों ने दुनिया को युद्ध की कगार पर धकेल दिया है। इसी बीच, व्हाइट हाउस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई हालिया फोन काल की पुष्टि की है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने इस बातचीत को सार्थक करार देते हुए कहा कि दोनों नेताओं के बीच बहुत अच्छे संबंध हैं। हालांकि, इस बातचीत से जुड़ी एक असामान्य बात भी सामने आई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, जब मोदी और ट्रंप पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा कर रहे थे, उस समय अरबपति कारोबारी एलन मस्क भी फोन काल पर मौजूद थे। किसी दो देशों के प्रमुखों की आधिकारिक बातचीत में एक निजी नागरिक की मौजूदगी को राजनयिक हलकों में बेहद असामान्य माना जा रहा है।

# ईरान की कानकूर दुनिया की सबसे कठिन परीक्षा

**तेहरान, 28 मार्च (एजेंसियां)।**

वर्तमान में युदधग्रस्त देश ईरान की यूनिवर्सिटी में प्रवेश की परीक्षा कानकूर दुनिया की सबसे कठिन और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में से एक है। इस परीक्षा को पास करना सिर्फ एक शैक्षणिक उपलब्धि नहीं, बल्कि जीवन में सफलता की दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण पड़ाव माना जाता है। हर साल लगभग 10 से 12 लाख छात्र इस परीक्षा में शामिल होते हैं, लेकिन इनमें से बेहद कम छात्र ही सफलता हासिल कर पाते हैं। ईरान में इसे सामाजिक प्रतिष्ठा, आर्थिक भविष्य और करियर से सीधे जोड़कर देखा जाता है।



कानकूर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह परीक्षा पूरे देश में एक ही दिन आयोजित होती है और इसी के आधार पर छात्रों को यूनिवर्सिटी और विषय दोनों मिलते हैं। अगर किसी छात्र का स्कोर कम रह जाता है, तो वह न तो प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश पा सकता है और न ही अपनी पसंद का विषय चुन सकता है। यही कारण है कि यूनिवर्सिटी आफ तेहरान और शरीफ यूनिवर्सिटी आफ टेक्नालाजी जैसी शीर्ष यूनिवर्सिटियों में प्रवेश बेहद कठिन हो जाता है, क्योंकि सीटें सीमित हैं और प्रतिस्पर्धा बहुत ज्यादा। इस परीक्षा का सिलेबस भी बेहद व्यापक और कठिन होता है। इसमें गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, साहित्य, दर्शन, धर्म और विदेशी भाषाओं से जुड़े सवाल पूछे जाते हैं। प्रश्नों का स्तर ऐसा होता है कि केवल रटकर पास होना संभव नहीं होता, बल्कि विश्लेषणात्मक सोच और तार्किक क्षमता की जरूरत होती है। यही वजह है कि कई छात्र 2 से 3 साल तक सिर्फ इसी परीक्षा की तैयारी में जुटे रहते हैं और खास कोचिंग संस्थानों का सहारा लेते हैं। ईरान में कानकूर को लेकर दबाव इतना अधिक है कि कई समाजशास्त्री इसे राष्ट्रीय परीक्षा तनाव तक कहते हैं। परिवार अपने बच्चों के लिए विशेष माहौल तैयार करते हैं, जहां उनका पूरा ध्यान केवल पढ़ाई पर होता है।

परीक्षा में नकल रोकने के लिए कड़े इंतजाम किए जाते हैं, जैसे मोबाइल प्रतिबंध, जैमर और कैमरों से निगरानी। इस परीक्षा ने ईरान में एक बड़ी कोचिंग इंडस्ट्री को भी जन्म दिया है, जिसकी तुलना भारत की जेईई और नीट तैयारी से की जाती है। कई कोचिंग शिक्षक वहां सेलिब्रिटी बन चुके हैं और उनकी किताबें व वीडियो छात्रों के बीच बेहद लोकप्रिय हैं। वहीं, ईरान की स्कूली शिक्षा प्रणाली भी मजबूत मानी जाती है, खासकर विज्ञान और गणित के क्षेत्र में। देश में साक्षरता दर लगभग 95 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है और लड़कियों की शिक्षा में भी तेजी से वृद्धि हुई है। इस परीक्षा में सफलता को परिवार की प्रतिष्ठा और सामाजिक स्थिति से भी जोड़ा जाता है, जिससे छात्रों पर मानसिक दबाव और बढ़ जाता है। कानकूर का इतिहास 1960-70 के दशक से जुड़ा है और ईरान की इस्लामिक क्रांति 1979 के बाद भी यह प्रणाली जारी रही। समय के साथ यह और अधिक केंद्रीकृत और सख्त होती गई।

# चुनाव आयोग ने समीक्षा के बाद पूर्व सांसद का ही नाम हटाया

## राष्ट्रपति और लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर दर्ज करायी आपत्ति

**कोलकाता, 28 मार्च (एजेंसियां)।** चुनाव आयोग ने शुक्रवार देर रात संशोधित मतदाता सूची के दूसरे चरण में पश्चिम बंगाल के एक पूर्व सांसद तरुण मंडल का ही नाम मतदाता सूची से हटा दिया है।

दिलचस्प यह है कि जहां श्री मंडल का नाम चुनाव आयोग ने हटा दिया है, वहीं उनकी पत्नी महुआ मंडल को अद्यतन सूची में वैध मतदाता के रूप में बरकरार रखा है, जबकि उनका नाम भी विचाराधीन था। श्री मंडल 2009 में कांग्रेस-तृणमूल गठबंधन के समर्थन से दक्षिण 24 परगना के जयनगर से निर्वाचित हुए थे। वह एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) पार्टी का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने देखा कि उनका नाम 'विचाराधीन श्रेणी' से हटाकर बाहर की गयी सूची में डाल दिया गया है। दक्षिण हावड़ा विधानसभा क्षेत्र के निवासी श्री मंडल नाम हटाये जाने से पहले बूथ संख्या 279 के अंतर्गत सूचीबद्ध थे।

श्री मंडल ने शनिवार को राज्य के मुख्य वुनाव अधिकारी मनोज अग्रवाल से मुलाकात की और कई सहायक दस्तावेजों के साथ ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा, मैं सांसद और शिक्षक रहा हूं। मेरे पास सरकारी सेवा, पेंशन और सांसद के रूप में मेरे कार्यकाल के रिकॉर्ड जैसे व्यापक दस्तावेज हैं। अगर मेरा नाम हटाया जाता है, तो मैं आम जनता की स्थिति समझ सकता हूं। जब मुख्य चुनाव अधिकारी की प्रतिक्रिया के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, वह इस मसले से निरपेक्ष नजर आये। उन्होंने कहा कि सभी निर्णय न्यायाधिकरण की ओर से लिये जायेंगे।

श्री मंडल ने इस प्रक्रिया पर चिंता जताते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भी दस्तावेजों के साथ पत्र भेजे हैं।

इससे पहले, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत ड्राफ्ट सूची प्रकाशित होने के बाद श्री मंडल सुनवाई में भी शामिल हुए थे और उन्होंने आवश्यक दस्तावेज भी जमा कराये थे, तब उनका नाम 'विचाराधीन' सूची में डाला गया था। अब अंतिम संशोधन में हालांकि उन्हें सूची से बाहर कर दिया गया है।एसआईआर प्रक्रिया उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के तहत संचालित की जा रही है, जिसमें कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति टी.एस. शिवगणनम की देखरेख में न्यायिक अधिकारी विवादित नामों की जांच कर रहे हैं। इस मुद्दे ने राजनीतिक उम्मीदवारों को भी प्रभावित किया है। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के कई नाम शुरू में विचाराधीन श्रेणी में रखे गये थे।

पार्टी ने इस सप्ताह की शुरुआत में मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की थी, जिसमें कहा गया था कि उसके 11 उम्मीदवार जांच के दायरे में हैं। नवीनतम सूची में हालांकि राज्य मंत्री शशि पांजा और बीरभूम जिला परिषद के प्रमुख काजल शेख सहित कुछ उम्मीदवारों को वैध मतदाताओं के रूप में बहाल कर दिया गया है। नौ अन्य लोगों की स्थिति अब भी अनसुलझी पहेली बनी हुई है।

## बंगाल में दूसरी पूरक मतदाता सूची, तृणमूल के दो उम्मीदवारों के नाम शामिल

**कोलकाता, 28 मार्च (एजेंसियां)।** तृणमूल कांग्रेस की ओर से कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर अपने 11 उम्मीदवारों की स्थिति पर तत्काल हस्तक्षेप की मांग करने के कुछ ही घंटों बाद चुनाव आयोग ने शुक्रवार रात प्रकाशित दूसरी पूरक मतदाता सूची में दो उम्मीदवारों को मंज़ूरी दे दी।

इस घटनाक्रम से सत्ताधारी पार्टी को आंशिक राहत मिली है, क्योंकि श्यामपुकुर की उम्मीदवार शशि पांजा और हसन निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी काजल शेख के नाम नवीनतम सूची में शामिल हैं। गौरतलब है कि अभी भी तृणमूल के नौ उम्मीदवारों के नाम चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के बीच 'विचार-ाधीन' सूची में है। अब तक इन दोनों के नामों को 'विचाराधीन' श्रेणी में रखा गया था, लेकिन अब इनके नाम सूची में शामिल हो गये हैं, जिससे इनके नामांकन दाखिल करने में कोई बाधा नहीं रह गयी है। यद्यपि दो उम्मीदवारों को मंज़ूरी मिल गई है, लेकिन उत्तरपाड़ा के उम्मीदवार शीर्षान्या बंद्योपाध्याय के लिए अनिश्चितता अभी भी बनी हुई है। उनका नाम दूसरी पूरक सूची में शामिल नहीं है, जिससे उनकी उम्मीदवारी अधर में लटक गई है। राज्य में मतदान दो चरणों में 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को संपन्न होगा। पहले चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि छह अप्रैल है, जबकि दूसरे चरण में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार नौ अप्रैल तक अपने नामांकन जमा कर सकते हैं। आयोग के नियमों के अनुसार उम्मीदवारों को नामांकन दाखिल करने के योग्य होने के लिए मतदाता सूची में नाम शामिल करवाना ज़रूरी है। इससे पहले, तृणमूल कांग्रेस ने कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाज़ा खटखटाया था और यह आग्रह किया था कि नामांकन की समय सीमा से पहले उम्मीदवारों के नाम तय कर दिए जाएं। तीन पन्नों के एक पत्र में, पार्टी नेता चंद्रिमा भट्टाचार्य ने मुख्य न्यायाधीश सुजय पॉल से अपील की है कि वे इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करें। इस बीच तृणमूल के उन उम्मीदवारों को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं जिनके नाम अभी भी 'विचाराधीन' श्रेणी में लंबित हैं। इससे पहले, 23 मार्च को चुनावों से लगभग एक महीने पहले आयोग ने आधी रात के करीब पहली पूरक मतदाता सूची जारी की थी। इसकी तुलना में दूसरी सूची शुक्रवार को थोड़ी पहले लगभग 11:30 बजे रात को प्रकाशित की गयी। सूत्रों के अनुसार, दूसरी सूची जारी होने के साथ अब तक लगभग 37 लाख मतदाताओं की स्थिति स्पष्ट हो गई है, जबकि लगभग 23 लाख मामले अभी भी लंबित हैं। हालांकि, यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि पहले 'विचाराधीन' के रूप में चिह्नित किए गए लोगों में से कितने लोगों को संशोधित सूचियों में शामिल किया गया है या बाहर रखा गया है। तकनीकी गड़बड़ियों के कारण यह अस्पष्टता और भी बढ़ गयी है। पहली सूची के प्रकाशन के बाद आयोग ने कहा था कि अगले दिन सुबह बूथों पर हार्ड कॉपी प्रदर्शित की जाएंगी, लेकिन पूरे दिन भ्रम की स्थिति बनी रही, और आयोग की वेबसाइट में तकनीकी खराबी के कारण कई लोग अपनी स्थिति ऑनलाइन सत्यापित नहीं कर पाए। शुक्रवार को भी इसी तरह की समस्याएं बनी रहीं, और दूसरी पूरक सूची भी अनिश्चितता के घेरे में रही।

## *ममता ने चुनाव आयोग पर पक्षपात का लगाया आरोप*

**कोलकाता, 28 मार्च (एजेंसियां)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को चुनाव आयोग पर तीखा प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि आयोग जान-बूझकर अनुभवी अधिकारियों को राज्य से बाहर भेज रहा है।सुश्री बनर्जी ने कहा कि ऐसा स्थानीय प्रशासन को कमज़ोर करने और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को चुनाव के दौरान बेहिसाब पैसे, शराब और बाहरी दखलंदाज़ी के ज़रिए स्थिति का फ़ायदा उठाने का मौका देने के लिए किया जा रहा है।

उन्होंने रानीगंज में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, ''जो (अधिकारी) स्थानीय इलाकों से अच्छी तरह परिचित थे ।

पश्चिम एशिया संकट पर पीएम मोदी की सऊदी प्रिंस से बात

# ऊर्जा अवसंरचना पर हमलों की कड़ी निंदा की



**नयी दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष पर चर्चा की और क्षेत्र में ऊर्जा अवसंरचना पर हुए हमलों की निंदा की।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पोस्ट में लिखा कि सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान से बात की और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष पर चर्चा की। मैंने क्षेत्रीय ऊर्जा अवसंरचना पर हुए हमलों की भारत की निंदा दोहराई। हम नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने और जहाजरानी मार्गों को खुला और सुरक्षित रखने की आवश्यकता पर सहमत हुए। सऊदी अरब में भारतीय समुदाय के कल्याण के लिए उनके निरंतर समर्थन के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

यह बातचीत पिछले एक महीने में कई विश्व नेताओं के साथ मोदी की हुई कई फोन कॉलों की कड़ी में नवीनतम है। ये कॉल 28 फरवरी को इजरायल समर्थित ईरान और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से जारी हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में, मंगलवार, 24 मार्च को, मोदी ने कहा कि उन्हें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का फोन आया था और दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर विचारों का उपयोगी आदान-प्रदान किया।

उन्होंने आगे कहा कि भारत तनाव कम करने और जल्द से जल्द शांति बहाल करने का समर्थन करता है और यह सुनिश्चित करना कि होर्मुज जलडमरूमध्य खुला, सुरक्षित और सुलभ बना रहे, पूरी दुनिया के लिए आवश्यक है। मोदी ने लिखा कि हमने शांति और स्थिरता के प्रयासों के संबंध में संपर्क में रहने पर सहमति जताई है। नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि पश्चिमी एशिया में एक महीने से युद्ध जारी है और भारत देशवासियों के भरोसे के साथ इस संकट का पूरी शक्ति से मुकाबला कर रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने लगभग 11,200 करोड़ रुपये के निवेश से विकसित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रथम चरण समेत कार्गो हब का उद्घाटन करने के बाद जेवर में एक समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व चिंतित हैं, पश्चिम एशिया में एक महीने से युद्ध जारी है। युद्ध की वजह से कई सारे देशों में खाने-पीने के सामान, डीजल, खाद का संकट सामने आया है।

## ममता सरकार के खिलाफ अमित शाह ने जारी की चार्जशीट

**कोलकाता, 28 मार्च (एजेंसियां)।** अमित शाह ने बंगाल में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि ममता जी से कहना चाहता हूं, जितना रोना है, रो-धो लो हम चुन-चुनकर एक-एक घुसपैठिए को न सिर्फ मतदाता सूची से निकालेंगे, बल्कि देश से बाहर भी करेंगे। बंगाल में चुनाव की घोषणा हो चुकी है। हमारे प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में सभी भाजपा कार्यकर्ता भाजपा सरकार बनाने के संकल्प के साथ बंगाल में उतरे हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से भी बंगाल का यह चुनाव बेहद महत्वपूर्ण है। पूरे पूर्वी क्षेत्र की सुरक्षा बंगाल से जुड़ी हुई है। असम में भाजपा सरकार बनने के बाद घुसपैठ लगभग खत्म हो गई है। अब घुसपैठियों के पूरे देश में प्रवेश करने का सिर्फ एक ही रास्ता बचा है, और वह है बंगाल।



बंगाल में चुनाव की घोषणा हो चुकी है। भाजपा के सभी कार्यकर्ता हमारे प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में बंगाल में भाजपा की सरकार बनाने के लिए बड़े आत्मविश्वास के साथ चुनावी मैदान में उतरे हैं। हमारे विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी जी ने भी चुनाव से पहले ही पूरे बंगाल का दौरा कर, बंगाल में फैली अव्यवस्था, अराजकता, आर्थिक बदहाली और विशेषकर घुसपैठ के मुद्दे को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया। आगामी चुनावों में बंगाल को डर और भरोसे में से किसी एक को चुनना होगा। पिछले 15 वर्षों से डर और भ्रष्टाचार की राजनीति चल रही है। ममता बनर्जी ने झूठ और हिंसा का इस्तेमाल करके राजनीति का एक नया तरीका विकसित किया है। टीएमसी के सत्ता में आने का आधार झूठ, डर और हिंसा है। लेकिन 2011 से भाजपा इसके खिलाफ लड़ रही है, और मुझे विश्वास है कि इस बार भाजपा बंगाल में सरकार बनाएगी।

# भारत का 5,000 टन डीजल पहुंचा बांग्लादेश

**नयी दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)।** मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध का असर अब पूरी दुनिया पर साफ दिखाई देने लगा है। जहां ग्लोबल ऑयल सप्लाई में आई रुकावटों के चलते दुनिया के कई देशों की मुश्किलें बढ़ गई और इस समय भारत का पड़ोसी देश बांग्लादेश भी गंभीर ईंधन संकट का सामना कर रहा है और ऐसे मुश्किल हालात में बांग्लादेश की मदद के लिए भारत ने आगे बढ़कर कदम उठाया। दरअसल खबर सामने आई है कि भारत ने बांग्लादेश को 5000 टन डीजल की अतिरिक्त आपूर्ति भेजी है। इसके साथ ही हाल के दिनों में भारत से बांग्लादेश को कुल 15,000 टन डीजल पहुंचाया जा चुका है। बांग्लादेश को जा रही आपूर्ति आसाम में स्थित नुमालीगढ़



रिफाइनरी से भारत बांग्लादेश फ्रेंडशिप पाइपलाइन के जरिए की जा रही है जो सीधे बांग्लादेश के पार्वतीपुर डिपो तक डीजल पहुंचाती है।

सूत्रों के मुताबिक भारत की ओर से यह आपूर्ति यहीं नहीं रुकने वाली बल्कि 28 मार्च को भी 6000 टन और डीजल भेजा जाएगा। वहीं अप्रैल महीने के लिए भारत ने 400 टन डीजल सप्लाई करने का प्रस्ताव बांग्लादेश को दिया जिसे बांग्लादेश ने मंजूर कर लिया है। माना जा रहा है कि इससे बांग्लादेश के बिजली उत्पादन और परिवहन व्यवस्था पर पड़े भारी दबाव को काफी हद तक कम किया जाएगा। दरअसल बांग्लादेश की सालाना डीजल मांग लगभग 40 लाख टन है और यह पूरी तरह आयात पर निर्भर है। ऐसे में वैश्विक संकट का सीधा असर उनकी अर्थव्यवस्था पर और आम जनजीवन पर पड़ा है। अब भारत की ओर से लिए गए इस कदम के कई अहम मायने सामने आ रहे हैं। जहां साल 2024 में बांग्लादेश में आए राजनीतिक बदलाव के बाद भारत और बांग्लादेश के संबंधों को बेहद खराब दौर से गुजरना पड़ा है। दोनों देशों के बीच कई ऊर्जा समझौतों की समीक्षा कर दी गई थी और कुछ परियोजनाएं बिल्कुल ठप पड़ गई थी। लेकिन हाल ही में हुए चुनाव और सत्ता परिवर्तन के बाद वापस से हालात बदलते हुए नजर आ रहे हैं। जहां नई सरकार के साथ भारत के संबंध में सुधार के संकेत मिल रहे हैं और मौजूदा डीजल की आपूर्ति को दोनों देशों के बीच फिर से मजबूत होते हुए सहयोग और भरोसे के रूप में देखा जा रहा है। मौजूदा वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच यह पहल ना केवल बांग्लादेश के लिए राहत की खबर है बल्कि क्षेत्ररता और सहयोग को भी मजबूत करने की एक खबर है। भारत हमेशा से ही अपने पड़ोसियों की मदद करता आ रहा है और संकट की स्थिति में भारत का ये कदम पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने के लिए उठाया गया कदम माना जा रहा है। फिलहाल सभी की नजरें आने वाले महीनों पर टिकी है। जहां यह देखना अहम होगा कि भारत और बांग्लादेश के बीच का सहयोग किस दिशा में आगे बढ़ता है। वहां की नई सरकार के आने के बाद भारत और बांग्लादेश के संबंध किस दिशा में जाते हैं।

## असम में भाजपा का ऑपरेशन क्लीन, चुनाव से ठीक पहले 9 बागी नेताओं को पार्टी से किया गया बाहर



**नयी दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)।** असम विधानसभा चुनाव से पहले एक कड़े अनुशासनात्मक कदम के तहत, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आधिकारिक रूप से मनोनीत पार्टी उम्मीदवारों के खिलाफ चुनाव लड़ने के आरोप में नौ नेताओं को छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। निष्कासित नेताओं में उद्धव दास (बारपेटा एलएसी), जयंत कुमार दास (दिसपुर एलएसी), जितेंद्र सिंह गौर (कलियाबोर एलएसी), अमलेंदु दास (बरखोला एलएसी), धनजीत राभा (गोलपारा पश्चिम एलएसी), चक्रधर दास (बोंगाईगांव एलएसी), गगन चंद्र हलोई (बारपेटा एलएसी), अंकुर दास (कमालपुर एलएसी), और यशोदा दुलाल (श्यामल) रक्षित (लुमडिंग एलएसी) शामिल हैं।27 मार्च को लिखे एक पत्र में, राज्य भाजपा अध्यक्ष दिलीप सैकिया ने कहा कि यह कार्रवाई पार्टी के संविधान के प्रावधानों के तहत की गई है। पत्र में कहा गया है कि 2026 के असम विधानसभा चुनावों के लिए, भारतीय जनता पार्टी ने आधिकारिक रूप से मनोनीत पार्टी उम्मीदवारों के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए निम्नलिखित पार्टी कार्यकर्ताओं को तत्काल प्रभाव से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। यह कार्रवाई पार्टी संविधान के अनुच्छेद एक्सएक्सवी -9 के तहत की गई है।यह अधिसूचना भाजपा असम प्रदेश के राज्य महासचिव अनूप बर्मन द्वारा जारी की गई थी। इसके अलावा, राज्य नेतृत्व के निर्देशों के बाद, भाजपा उम्मीदवारों के खिलाफ चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों का समर्थन या सहायता करने के आरोप में छह पार्टी कार्यकर्ताओं को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से हटा दिया गया है। यह अनुशासनात्मक कार्रवाई ऐसे महत्वपूर्ण समय पर हुई है, जब असम विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 9 अप्रैल को होना है और मतगणना 4 मई को होगी। राज्य भर में पार्टियां अपने चुनाव प्रचार को तेज कर रही हैं।

*भारत के दावे पर लगी मुहर, सीआरएस रिपोर्ट में खुलासा*

# पाकिस्तान आज भी है आतंकवादियों का सुरक्षित अड्डा


**नयी दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)।** पाकिस्तान के लिए एक और शर्मनाक घटना में, कांग्रेस रिसर्च सर्विस (सीआरएस) की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इस्लामाबाद आतंकवादियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बना हुआ है, जिनमें वे आतंकवादी भी शामिल हैं जो भारत, विशेष रूप से केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर को निशाना बनाना जारी रखे हुए हैं। 25 मार्च, 2026 की इस रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान और उसकी सेना ने आतंकी समूहों के खिलाफ ''असंगत'' कार्रवाई की है, और अधिकारी कुछ आतंकी समूहों और व्यक्तियों को देश में खुलेआम सक्रिय होने से रोकने के लिए पर्याप्त कार्रवाई करने में विफल रहे हैं।रिपोर्ट में कहा



गया है कि इस्लामाबाद की राष्ट्रीय कार्य योजना के बावजूद, जिसमें यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया है कि देश में किसी भी सशस्त्र मिलिशिया को काम करने की अनुमति न दी जाए'', लश्कर-ए-तैयबा (एलईटीटी) और जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) पाकिस्तानी धरती से काम करना जारी रखे हुए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि लश्कर-ए-तैबा (एलईटीटी), जिसका गठन 1980 के दशक के उत्तरार्ध में मरकज़ उद दावा उल-इरशाद की आतंकवादी शाखा के रूप में हुआ था, 1993 से भारत को निशाना बनाता रहा है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि समूह ने पाकिस्तान और अफगानिस्तान में भी हमले किए हैं और यह जमात-उद-दावा के मीडिया आउटलेट्स के माध्यम से अपना संदेश फैलाता है।रिपोर्ट में कहा गया है, एलईटीटी पाकिस्तान और खाड़ी देशों के साथ-साथ मध्य पूर्व और यूरोप के अन्य दानदाताओं से चंदा इकट्ठा करता है - विशेष रूप से ब्रिटेन से, जहां इसे एक घोषित आतंकवादी संगठन घोषित किया गया है। 2019 में, एलईटीटी और इसके सहयोगी संगठन पाकिस्तान में सक्रिय रहे और चंदा जुटाते रहे। इसी तरह, जैश-ए-मोहम्मद 2002 में प्रतिबंधित होने के बावजूद पाकिस्तान से अपना संचालन जारी रखे हुए है। सीआरएस रिपोर्ट में कहा गया है कि इस आतंकी समूह ने कमोडिटी ट्रेडिंग, रियल एस्टेट और उपभोक्ता वस्तुओं के उत्पादन जैसे कानूनी व्यवसायों में भारी निवेश किया है और चंदे के माध्यम से भी धन जुटाता है।

रिपोर्ट में कहा गया है, पाकिस्तान अन्य क्षेत्रीय आतंकवादी समूहों के लिए एक सुरक्षित पनाहगाह बना हुआ है। इसने अफ़गानिस्तान को निशाना बनाने वाले समूहों, जिनमें अफ़गान तालिबान और उससे संबद्ध एचक्यूएन शामिल हैं, साथ ही भारत को निशाना बनाने वाले समूहों, जिनमें लश्कर-ए-तैबा और उसके संबद्ध सहयोगी संगठन तथा जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) शामिल हैं, को अपने क्षेत्र से काम करने की अनुमति दी। इसमें आगे कहा गया है, ''इसने जैश-ए-मोहम्मद के संस्थापक और संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामित आतंकवादी मसूद अजहर तथा 2008 के मुंबई हमले के 'प्रोजेक्ट मैनेजर' साजिद मीर जैसे अन्य ज्ञात आतंकवादियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की, जिनके बारे में माना जाता है कि वे पाकिस्तान में अभी भी स्वतंत्र हैं।





# डेफ लेपर्ड के गानों पर झूम उठीं बॉलीवुड की डिंपल गर्ल प्रीति जिंटा

अभिनेत्री और पंजाब किंग्स की सह-मालिक प्रीति जिंटा इन दिनों भारत में ही हैं। हाल ही में उन्होंने अपने दोस्तों के साथ रॉक बैंड डेफ लेपर्ड का लाइव कॉन्सर्ट देखा। अभिनेत्री ने इस इवेंट में शामिल होने का श्रेय अभिनेता डिनो मोरे को दिया। प्रीति जिंटा ने अपने इंस्टाग्राम पर कॉन्सर्ट की तस्वीरें और वीडियोज शेयर किए। इसमें अभिनेत्री के दोस्त और अभिनेता डिनो मोरे भी नजर आ रहे हैं। प्रीति ने लिखा, कभी-कभी आखिरी समय पर बने प्लान सच में कमाल के होते हैं। मेरे कॉन्सर्ट पार्टनर डिनो मोरिया को बहुत-बहुत धन्यवाद। उन्होंने बताया कि उन्हें इस कॉन्सर्ट में बहुत मजा आया। मुंबई की तेज गर्मी भी उनके जोश को कम नहीं कर पाई। पूरा अनुभव शानदार रहा। उन्होंने मजाकिया अंदाज में लिखा, सच कहूं तो मुझे सिर्फ चार गाने ही पता थे, लेकिन फिर भी मैं बहुत खुश होकर लौटी क्योंकि बैंड ने ठीक उन्हीं गानों को बजाया जिन्हें मैं जानती थी।

प्रीति ने आगे लिखा कि ऐसे आखिरी समय के प्लान, सच्चे दोस्त जो हर वक्त साथ दें और एक जोरदार रॉक कॉन्सर्ट। ये सब मिलकर पुरानी यादों को ताजा कर देते हैं। उन्होंने खास तौर पर एक गाने का जिक्र किया। पोस्ट में पीएस लिखते हुए उन्होंने लिखा, 'पोर सम शुगर ऑन मी' वो गाना था जिसे मैं तब बार-बार सुनती थी जब पहली बार मुंबई आई थी। अब लगता है जैसे जिंदगी ने पूरा चक्कर लगाकर फिर उसी जगह आकर खड़ी हो गई हो।

बता दें कि डेफ लेपर्ड इंग्लैंड के शेफील्ड का एक बेहद प्रसिद्ध ब्रिटिश रॉक बैंड है, जिसका गठन 1977 में हुआ था। यह 1980 के दशक की शुरुआत में हार्ड रॉक और हेवी मेटल के सबसे सफल बैंडों में से एक बना। हिस्टीरिया और पायरोमेनिया जैसे एल्बमों के साथ उन्होंने विश्व स्तर पर धूम मचाई, जिसमें उन्होंने मेटल की ताकत को पॉप धुनों के साथ मिलाया था।

1980 के दशक के रॉक संगीत में, इन्हें मोटली क्रू, बॉन जोवी के साथ ग्लैम मेटल के 'बिग फोर' में गिना जाता है।




# आचारी बा में नीना गुप्ता के अभिनय की कायल हुईं हेमा मालिनी

मथुरा की सांसद बनने के बाद बॉलीवुड की ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी फिल्मों के बारे में कम ही बात करती हैं, लेकिन अब उन्होंने ऐसी फिल्म की तारीफ की है जिसे पिछले साल ओटीटी पर रिलीज किया गया था। उन्होंने एक्ट्रेस नीना गुप्ता की फिल्म 'आचारी बा' की जमकर तारीफ की है और सभी से अपील है कि ऐसी प्रेरित करने वाली फिल्मों को जरूर देखें। हेमा मालिनी ने सोशल मीडिया के जरिए बीते साल रिलीज हुई फिल्म 'आचारी बा' की तारीफ की। अभिनेत्री के मुताबिक, फिल्म की कहानी महिला के दृढ़ संकल्प और सशक्तीकरण का उदाहरण है और महिला के लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर शेयर कर लिखा, हाल ही में मैंने 'आचारी बा' देखी, जो एक महिला के दृढ़ संकल्प और सशक्तीकरण की दिल छू लेने वाली कहानी है। सरल और प्रभावशाली प्रस्तुति। मैं कलाकारों और टीम को अपनी शुभकामनाएं देती हूं। नीना गुप्ता ने शानदार अभिनय किया है और उनके साथ उनका प्यारा गोल्डन रिट्रीवर साथी था। यह फिल्म अवश्य देखने लायक है। 'आचारी बा' 14 मार्च 2025 को होली के मौके पर ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो प्लस हॉटस्टार पर रिलीज की गई थी। फिल्म की कहानी को रिलीज के वक्त भी बहुत सराहना मिली थी, क्योंकि फिल्म में नीना गुप्ता ने तेज-तर्रार मंजू देवी से सीधी-साधी आचारी बेन का किरदार निभाया, जो अपनी पहचान के लिए बेटे तक को छोड़ने का फैसला लेती है।

फिल्म की कहानी एक मध्यवर्गीय परिवार की है, जिसमें नीना देवी यानी आचारी बा गांव में आचार बनाकर खुद का गुजारा करती है और मुंबई में परिवार के साथ रह रहे बेटे को उनसे कोई लेना देना नहीं। एक दिन अचानक बेटा मां को लेने के लिए आ जाता है और उसे अपने साथ 10 दिन रहने का प्रस्ताव देता है। बाद में आचारी बा को पता चलता है कि उसे घर में कुत्ते की देखभाल के लिए लाया गया है। इसी उधेड़बुन में सोशल मीडिया के सहारे आचारी बा फेमस हो जाती है और कुकिंग कॉम्पीटिशन जीत जाती है। फिल्म में बहुत सारे भावनात्मक उतार-चढ़ाव है, जिनका अंदाजा फिल्म देखने के बाद ही लग सकता है।

फिल्म जियो प्लस हॉटस्टार पर उपलब्ध है और फिल्म में नीना गुप्ता के बेटे का किरदार वत्सल सेठ ने निभाया है।

# 71 साल का युवा मॉडल, अनुपम खेर ने दिया मॉडलिंग के लिए आवेदन!





अनुपम खेर आज के समय किसी भी पहचान के मोहताज नहीं है। उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से अभिनय की दुनिया में खास पहचान बनाई है। अभिनेता अपने अभिनय के साथ साथ शरीर पर भी पूरा ध्यान रखते हैं और रोजाना जिम जाते हैं। यही कारण है कि वे 71 की उम्र में भी इतने फिट नजर आते हैं। हाल ही में उन्होंने फॉर्मल कपड़ों के ब्रांड्स से भी आत्मविश्वास के साथ अपील की और कहा कि वह मॉडलिंग करने के लिए तैयार हैं। अभिनेता हाल ही में एक आयोजन में गए हुए थे, जिसमें वे रेड कलर का फॉर्मल आउटफिट पहनते नजर आ रहे थे। इसकी कुछ तस्वीरें उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कीं। फॉर्मल कपड़ों में बेहद स्टाइलिश दिखते हुए उन्होंने फॉर्मल वियर ब्रांड्स को सीधे आवेदन कर दिया। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि वे मॉडलिंग करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

अनुपम ने लिखा, मैं एक साधारण परिवार से आता हूं, जहां एक अच्छी शर्ट होना भी लग्जरी जैसा लगता था। मैं कभी सोचा नहीं था कि एक दिन मैं सिर्फ फॉर्मल कपड़े पहनूंगा ही नहीं, बल्कि उन्हें स्टाइल के साथ पहनूंगा।

उन्होंने आगे बताया कि अब जब वे फॉर्मल कपड़ों वाली तस्वीरों को देखते हैं तो उन्हें लगता है कि उन्होंने खुद को काफी अच्छे से संवार लिया है। अनुपम खेर ने लिखा, 71 साल की उम्र में अपने आप में सेक्सी, एलिगेंट और बहुत आरामदायक महसूस कर रहा हूं और दोस्तों, यही सबसे बेहतरीन आउटफिट है जिसे कोई पहन सकता है। अपने खास अंदाज में हास्य के साथ अनुपम खेर ने सभी फॉर्मल ब्रांड्स को खुला निमंत्रण दिया। उन्होंने लिखा, अगर कोई ब्रांड 71 साल के एक 'युवा' मॉडल की तलाश में है, जो अनुभव, आत्मविश्वास और थोड़ा स्वैग लेकर आए, तो मैं उपलब्ध हूं। जय हो।

अभिनेता जल्द ही आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'खोसला का घोसला 2' में नजर आएंगे। अनुपम खेर और बोमन ईरानी मुख्य भूमिकाओं में वापसी कर रहे हैं, जबकि इस बार फिल्म का निर्देशन प्रशांत भागिया कर रहे हैं। यह फिल्म दिल्ली की पृष्ठभूमि पर आधारित एक फैमिली ड्रामा है।



# मुनमुन सेन : 80 के दशक की वो अभिनेत्री जिसने सिनेमा पर किया राज, बनी इंडस्ट्री की बोल्ड बाला

हिंदी सिनेमा में शादी और बच्चों के बाद बड़े अभिनेताओं के साथ काम कर पाना मुश्किल होता है, और जब बात 80 के दशक की हो तो यह काम और मुश्किल हो जाता है। सिनेमा में हमेशा महिलाओं के लिए नियम तय किए गए, लेकिन शादीशुदा अभिनेता हमेशा बड़े स्टार रहे, लेकिन उस रूढ़िवादी नियम को तोड़ते ही मुनमुन सेन ने हिंदी सिनेमा को नया आयाम दिया। अभिनेत्री की गिनती 80 के दशक की 'बोल्ड बाला' में होती है, जिन्होंने न सिर्फ सिनेमा, बल्कि बंगाल की संस्कृति को भी चुनौती दी थी। 28 मार्च को जन्मी मुनमुन सेन का फिल्मों में आने का कोई इरादा नहीं था। अभिनेत्री की मां, सुचित्रा सेन, भी नहीं चाहती थी कि उनकी बेटी फिल्मों में जाए। हालांकि, राजघराने में ब्याहने और दो बच्चों की मां बनने के बाद मुनमुन ने फिल्मों में आने का फैसला लिया। वह खुद की पहचान बनाना चाहती थी, और यही कारण था कि पति के सहयोग के साथ उन्होंने फिल्मों का रुख किया।

हिंदी सिनेमा में जहां बड़ी अभिनेत्रियों के लिए भी पैर जमाना मुश्किल होता है, उन्होंने पहली ही फिल्म 'अंदर बाहर' में अपने छोटे से किरदार से सुर्खियां बटोर ली थी। उनका किरदार एक आधुनिक महिला का था, जो उन्हें पहचान दिलाने के लिए काफी रहा, जिसके बाद उन्होंने माधुरी दीक्षित के साथ '100 डेज,' 'जख्मी दिल,' तेलुगु फिल्म 'सिरिवेनेला,' 'अमर कंटक,' और 'शीशा' जैसी फिल्मों में काम किया। मुनमुन को इंडस्ट्री में हमेशा उनकी बोल्ड फिल्म च्वाइस के लिए जाना गया। फिल्मों में उनके किरदार विवादित भी रहे।(सिनेमा में जहां सुचित्रा सेन की छवि एक बड़ी, बहुमुखी और गंभीर महिला की थी, वहीं मुनमुन बोल्ड और निडर एक्ट्रेस के तौर पर उभरीं। उनके बोल्ड किरदारों को लेकर बंगाल में विरोध भी होता रहा और बाकी की कसर उनके विवादित फोटोशूट ने पूरी कर दी। अभिनेत्री मैगजीन के लिए बेहद सेंसेशनल पोज देती थी, जिससे कई बार उनपर अश्लीलता फैलाने के आरोप भी लगे, लेकिन फिर भी वे 80-90 के दशक की सबसे लोकप्रिय अभिनेत्रियों में शुमार रहीं। फिल्मी करियर की नहीं, अभिनेत्री की निजी जिंदगी भी लोगों के बीच हमेशा चर्चा का विषय बनी रही। अभिनेत्री का नाम पूर्व क्रिकेटर और पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान, प्रोड्यूसर रोमू सिप्पी, और विक्टर बनर्जी के साथ जोड़ा गया, जबकि अभिनेत्री उस वक्त शादीशुदा और दो बच्चियों की मां थी। मुनमुन ने बेबाकी से हमेशा अपने अफेयर की खबरों को नकारा और इमरान खान को अपना करीबी दोस्त बताया था।

# जब शाहरुख खान ने पहले ही कर दी रणवीर सिंह के बड़े स्टार बनने की भविष्यवाणी



यह कहना गलत नहीं होगा कि साल 2025 और 2026 रणवीर सिंह के नाम रहा। अभिनेता ने बॉक्स ऑफिस को हिलाकर रख दिया। किसी ने नहीं सोचा था कि साल 2010 में यशराज फिल्म्स की फिल्म 'बैंड बाजा बारात' से फिल्मी दुनिया में कदम रखने वाला बिट्टू शर्मा धुरंधर बनकर सिनेमा पर छाने वाला है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि शाहरुख खान ने अभिनेता के अभिनय की परख पहली ही फिल्म में कर दी थी और उसी वक्त कह दिया था कि 'ये आ गया है, अब हमारा क्या होगा'? रणवीर सिंह का करियर महज़ एक अभिनेता की शुरुआत नहीं थी, बल्कि पर्दे पर एक ऐसी ऊर्जा का विस्फोट था जिसे हिंदी सिनेमा ने दशकों से महसूस नहीं किया। अभिनेता के एनर्जी लेवल की हमेशा तारीफ होती है, और उन्होंने समय-समय पर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन भी किया, चाहे वह 'लुटेरा' में खामोशी से दर्शकों का दिल जीतना हो, या फिर 'राम-लीला' और 'बाजीराव मस्तानी' से फैंस का दिल धड़काना हो। अभिनेता ने हर किरदार से सिनेमा में अपने कदमों को मजबूती से जमाया है।

रणवीर की इसी प्रतिभा को शाहरुख खान ने उनकी पहली फिल्म 'बैंड बाजा बारात' में ही पहचान लिया था। अभिनेता को पहली फिल्म में फिल्मफेयर के बेस्ट डेब्यू एक्टर के अवॉर्ड से नवाजा गया था। स्टेज पर रणवीर किसी बच्चे की तरह अवॉर्ड लेते वक्त रोए थे और फिल्ममेकर यश चोपड़ा और आदित्य चोपड़ा का दिल से धन्यवाद दिया था। अभिनेता के लिए यह बहुत बड़ी बात थी कि अवॉर्ड उन्हें शाहरुख खान के हाथों से मिला था। शाहरुख खान ने भरी स्टेज पर कहा था कि तू क्यों हो रहा है? अब रोने का समय तो हमारा है क्योंकि हिंदी सिनेमा में तू जो आ गया है, अब पता नहीं, हमारा क्या होगा।

# कैसे किया जाएगा कामदा एकादशी के व्रत का पारण? जानें विधि और नियम

सनातन धर्म में हर माह के कृष्ण और शुक्ल पक्ष की ग्यारहवीं तिथि के दिन एकादशी का व्रत रखा जाता है। साल में 24 एकादशी के व्रत पड़ते हैं। एकादशी व्रत भगवान विष्णु को समर्पित किया गया है। ये व्रत विष्णु जी की कृपा प्राप्ति के लिए सबसे शुभ अवसरों में से एक माना जाता है। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी के दिन कामदा एकादशी का व्रत रखा जाता है। साथ ही पूरे विधि-विधान से भगवान विष्णु की पूजा की जाती है।

कामदा एकादशी के व्रत की महिमा अपरंपार है। धार्मिक मान्यता है कि कामदा एकादशी का व्रत सभी पापों का नाश करता है। व्रत और पूजा के प्रभाव से जीवन में खुशहाली आती है और सभी दुख दूर होते हैं, लेकिन कहा जाता है कि कामदा एकादशी का व्रत और पूजा तब तक सफल नहीं होती जब तक इस व्रत का पारण सही विधि और नियम से न किया जाए। कामदा एकादशी का व्रत कल है। आइए जानते हैं कि इसका पारण कब किया जाएगा? साथ ही जानते हैं इस व्रत के पारण की सही विधि और नियम।

**कामदा एकादशी के व्रत का पारण कब करें?**

शास्त्रों के अनुसार, एकादशी के व्रत का पारण हमेशा द्वादशी तिथि को किया जाता है। ऐसे में कामदा एकादशी के व्रत का पारण 30 मार्च को किया जाएगा। इस दिन व्रत के पारण का शुभ समय सुबह 06 बजकर 14 मिनट से 07 बजकर 09 मिनट के बीच है।

**कामदा एकादशी व्रत पारण विधि**

कामदा एकादशी के व्रत का पारण करने के लिए द्वादशी तिथि पर सुबह जल्दी उठें। इसके बाद स्नान आदि करें। फिर स्वच्छ वस्त्र धारण करें। इसके बाद भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना करें। उनको पंचामृत का भोग लगाएं। उसमें तुलसी दल भी जरूर डालें। पूजा के समय 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' मंत्र का जप करें। फिर अपने मुंह में तुलसी का पत्ता रखकर कामदा एकादशी के व्रत का पारण करें।

**कामदा एकादशी व्रत पारण के नियम**

कामदा एकादशी के व्रत के पारण में मूली, बैंगन, साग, मसूर दाल, लहसुन-प्याज आदि का सेवन न करें। अधिक शुभ फलों की प्राप्ति के लिए इस दिन पर सामर्थ्य अनुसार ब्राह्मणों को भोजन कराएं और दान भी दें। इससे व्रत का पूर्ण फल प्राप्त होता है।



## कामदा एकादशी के दिन जरूर करें राशि अनुसार दान, हर मनोकामना होगी पूरी!

**सनातन धर्म में हर माह के कृष्ण और शुक्ल पक्ष में एकादशी का व्रत रखा जाता है। ये व्रत भगवान विष्णु को समर्पित किया गया है। हर मास के एकदशी के व्रत का अपना एक अलग महत्व है। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को कामदा एकादशी कहा जाता है। ये एकादशी पापों का नाश करने वाली एकादशी मानी गई है। मान्यता है कि कामदा एकादशी का व्रत और पूजा करने से जीवन के सभी पाप नाष्ट हो जाते हैं।**

इस साल कामदा एकादशी का व्रत कल यानी 29 मार्च को रखा जाएगा। कामदा एकदाशी के दिन व्रत और पूजा-पाठ के साथ-साथ दान का भी बहुत महत्व है। इस दिन राशि अनुसार, दान तो बहुत ही फलदायी माना गया है। ऐसे में कामदा एकादशी के दिन राशि अनुसार इन चीजों का दान अवश्य करें। मान्यता है कि ऐसा करने से भगवान विष्णु हर मनोकामना पूर्ण करते हैं।

**कामदा एकादशी पर राशि अनुसार करें दान**

मेष राशि: मेष राशि वाले लाल रंग की मिठाई, लाल फल और मसूर दाल दान करें।

वृषभ राशि: वृषभ राशि वाले चावल, गेहूं, चीनी और दूध दान करें।

मिथुन राशि: मिथुन राशि वाले गाय को चारा दें और हरी सब्जियां दान करें।

कर्क राशि: कर्क राशि वाले माखन, मिश्री, लस्सी और छाछ दान करें।

सिंह राशि: सिंह राशि लाल फल और शरबत दान करें।

कन्या राशि: कन्या राशि वाले विवाहित महिलाओं को हरे रंग की चूड़ियां दान करें।

तुला राशि: तुला राशि वाले जरूरतमंदों को सफेद वस्त्र दान करें।

वृश्चिक राशि: वृश्चिक राशि वाले मसूर दाल, लाल मिर्च और लाल फल दान करें।

धनु राशि: धनु राशि वाले केसर मिला दूध और पीले फल दान करें।

मकर राशि: मकर राशि वाले भगवान विष्णु की पूजा के साथ गरीबों को धन दान करें।

कुंभ राशि: कुंभ राशि वाले जूते-चप्पल, छतरी और काले वस्त्र दान करें।

मीन राशि: मीन राशि वाले केला, चने की दाल, बेसन और पीले वस्त्र दान करें।

# कल प्रदोष व्रत

## अनंग त्रयोदशी का भी संयोग, जानें मुहूर्त और पूजा विधि

हर महीने में शुक्ल और कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर प्रदोष व्रत किया जाता है। वहीं, मार्च महीने का अंतिम प्रदोष व्रत सोमवार के दिन पड़ने से इसे सोम प्रदोष व्रत कहा जाएगा। इस दिन भगवान शिव की पूजा करने का विधान होता है। साथ ही, इस दिन अनंग त्रयोदशी का भी संयोग बन रहा है, जिसका व्रत करना बेहद शुभ माना जाता है। मान्यता है की इससे दांपत्य जीवन खुशहाल रहता है और प्रदोष व्रत होने से जातक को भोलेनाथ की भी कृपा प्राप्त हो सकती है। ऐसे में आइए जानें की प्रदोष व्रत कब है, शुभ मुहूर्त और पूजा विधि विस्तार से।

पंचांग के अनुसार, चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि का आरंभ 30 मार्च, सोमवार को सुबह 7 बजकर 10 मिनट पर होगा। वहीं, अगले दिन यानी 31 मार्च, मंगलवार के दिन सुबह 6 बजकर 57 मिनट पर त्रयोदशी तिथि समाप्त होगी। शास्त्रों में प्रदोष व्रत की पूजा प्रदोष काल में करने का



विधान बताया गया है। ऐसे में 30 मार्च के दिन प्रदोष काल पड़ने से इसी दिन सोम प्रदोष व्रत किया जाएगी। साथ ही, त्रयोदशी तिथि 30 तारीख को पूरे दिन व्याप्त रहने से अनंग त्रयोदशी का संयोग भी इसी दिन बनेगा।

**सोम प्रदोष व्रत और अनंग त्रयोदशी पूजा का मुहूर्त**

शास्त्रों में प्रदोष व्रत और त्रयोदशी तिथि की पूजा का सबसे उत्तम समय प्रदोष काल बताया गया है। ऐसे में 30 मार्च, सोमवार को शाम के 5 बजकर 52 मिनट से लेकर 7 बजकर 22 मिनट तक का समय पूजा के लिए सर्वोत्तम रहेगा। यह मुहूर्त सूर्यास्त से 45 मिनट से पहले और 45 मिनट बाद तक का होता है, जिसे प्रदोष काल कहते हैं।

त्रयोदशी तिथि का आरंभ : 30 मार्च, सोमवार को सुबह 7 बजकर 10 मिनट पर

त्रयोदशी तिथि का समापन : 31 मार्च, मंगलवार को सुबह 6 बजकर 57 मिनट पर

सोम प्रदोष व्रत और अनंग त्रयोदशी :30 मार्च, सोमवार

प्रदोष काल (पूजा शुभ मुहूर्त) : 30 मार्च को शाम 5 बजकर 52 मिनट से 7 बजकर 22 मिनट तक

**अनंग त्रयोदशी का महत्व**

इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती के साथ-साथ कामदेव व उनकी पत्नी रति की पूजा करने का भी विधान होता है। पौराणिक मान्यताओं और कथा के अनुसार, एक बार शिवजी ने कामदेव को भस्म कर दिया था। उस समय रति द्वारा प्रार्थना करने पर शिवजी ने कामदेव को दोबारा जीवन दिया था। इसी के चलते अनंग का एक नाम कामदेव है, जिसका अर्थ है बिना अंग का। मान्यता है कि अनंग त्रयोदशी का व्रत करने से वैवाहिक जीवन में आ रही समस्याएं कम होने लगती है और पति-पत्नी के बीच प्रेम बढ़ता है।

**सोम प्रदोष व्रत पूजा विधि**

प्रदोष व्रत या त्रयोदशी का व्रत करने वालों को इस दिन सुबह जल्दी उठकर स्नानादि करने के बाद साफ वस्त्र धारण करने चाहिए।

अपने हाथ में थोड़े से चावल लेकर व्रत का संकल्प करें और सुबह के समय भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करें।

प्रदोष और त्रयोदशी का व्रत पूरे दिन रखें और साथ ही, इस दौरान महामृत्युंजय मंत्र का जाप करना बेहद शुभ माना जाता है। इसके लिए रुद्राक्ष की माला का प्रयोग करें।

इस दिन प्रदोष काल में पूजा करना सबसे उत्तम माना गया है। ऐसे में शाम को शुभ मुहूर्त में शिवलिंग का पंचामृत यानी दही, दूध, शहद, शक्कर और गंगाजल से अभिषेक करें।

साथ ही, भगवान शिव 21 बेलपत्र भी अवश्य अर्पित करने चाहिए। फिर, फूल, फल, रोली, मिष्ठान. चंदन आदि चीजें भोलेनाथ को अर्पित करें।

मंदिर में घी का दीपक जलाकर शिवजी की पूजा व आरती करनी चाहिए। साथ ही, शिव चालीसा और शिव के मंत्रों का जाप करना भी बेहद शुभ होता है।

# चैत्र पूर्णिमा व्रत 1 अप्रैल को

चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को चैत्र पूर्णिमा का व्रत किया जाता है। बता दें कि हर महीने में एक बार पूर्णिमा तिथि आती है। पूर्णिमा तिथि का व्रत भगवान विष्णु को समर्पित है। मान्यता है कि इस व्रत को करने से मानसिक शांति और सुख समृद्धि मिलती है। इस बार चैत्र पूर्णिमा व्रत को लेकर थोड़ा कंफ्यूजन बना हुआ है। दरअसल, चैत्र पूर्णिमा तिथि 1 और 2 अप्रैल दोनों दिन रहेगी।

चैत्र पूर्णिमा तिथि का आरंभ 1 अप्रैल को सुबह में 7 बजकर 7 मिनट पर होगी और 2 अप्रैल को सुबह में 7 बजकर 42 मिनट पर पूर्णिमा तिथि का समाप्त हो जाएगा। शास्त्रों के विधान के अनुसार, जिस दिन शाम के समय पूर्णिमा तिथि रहती है उस दिन ही पूर्णिमा का व्रत किया जाता है। ऐसे में 1 अप्रैल को ही पूर्णिमा का व्रत करना शास्त्र सम्मत माना जाएगा। हालांकि, पूर्णिमा का स्नान दान 2 अप्रैल को सुबह में किया जाएगा।




चैत्र पूर्णिमा तिथि का आरंभ 1 अप्रैल को सुबह में 7 बजकर 2 मिनट तक

चैत्र पूर्णिमा तिथि का समापन 2 अप्रैल को सुबह में 7 बजकर 42 मिनट पर

**चैत्र पूर्णिमा के दिन क्या करें**

इस दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें। इसके बाद सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का संकल्प ले।

अब भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा की तैयारी करें।

सबसे पहले एक लकड़ी की चौकी पर पीले रंग का वस्त्र बिछाएं अब भगवान विष्णु और माता पार्वती की प्रतिमा स्थापित करें।

इसके बाद भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी का अभिषेक करके उन्हें वस्त्र और फूल अर्पित करें।

अब पूर्णिमा व्रत कथा का पाठ करें।

अंत में आरती करके भगवान को भोग लगाएं और शाम में चंद्रमा को अर्घ्य देकर अपने व्रत का पारण करें।

**चैत्र पूर्णिमा व्रत का महत्व**

इस व्रत को करने से दरिद्रता और धन संकट दूर होता है। साथ ही धन संपत्ति में बढ़ोतरी होने की भी संभावनाएं हैं। साथ ही इस दिन चंद्रमा को अर्घ्य देने से मनोबल मजबूत होता है। अगर किसी की कुंडली में चंद्र दोष है तो वह भी दूर हो जाता है।

# सोम प्रदोष पर करें नटराज स्तुति, महादेव हरेंगे सभी संकट

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, प्रदोष व्रत करने से साधक को मानसिक शांति, उत्तम स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। यह व्रत हर माह की दोनों त्रयोदशी तिथियों पर किया जाता है।



इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा प्रदोष काल में करने का विधान है। पूजा के बाद यदि आप नटराज स्तुति और शिव जी के मंत्रों का जप करते हैं, तो इसे विशेष फलदायी माना जाता है। चलिए जानते हैं शिव जी की कृपा प्राप्ति के कुछ खास तरीके।

**इस तरह करें पूजा**

सुबह जल्दी उठकर स्नान आदि से निवृत हो जाएं और व्रत का संकल्प लें। यदि संभव हो तो शिव जी के मंदिर जाकर या घर पर ही शिवलिंग का अभिषेक करें।

प्रदोष काल में पुनः स्नान कर साफ-सुथरे कपड़े पहनें।

इस दिन पूजा का मुहूर्त शाम 6 बजकर 38 मिनट से रात 8 बजकर 57 मिनट तक रहने वाला है।शिवलिंग पर पंचामृत (गंगाजल, दूध, दही, शहद और घी) से अभिषेक करें।

शिवलिंग पर बेलपत्र, धतूरा और अक्षत, फूल और नैवेद्य आदि अर्पित करें।

पूजा के बाद शिव चालीसा और प्रदोष व्रत की कथा का पाठ करें।

अंत में शिव जी की आरती करें और सभी लोगों में प्रसाद बांटे।

**शुभ फल के लिए करें ये उपाय**

सोम प्रदोष व्रत के दिन शिवलिंग पर चंदन, बेलपत्र, गन्ने का रस और शहद आदि जरूर अर्पित करना चाहिए। प्रदोष व्रत की पूजा में इस सभी चीजों को पूरी श्रद्धा के साथ शिवलिंग पर अर्पित करने से साधक को महादेव का आशीर्वाद मिलता है और उनकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

# घर में कामधेनु गाय रखने के क्या हैं फायदे? जानें सही दिशा और वास्तु नियम, जिससे दूर होगी हर परेशानी




सनातन धर्म और वास्तु शास्त्र में गाय को माता का दर्जा दिया गया है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, समुद्र मंथन के दौरान निकले 14 रत्नों में से एक 'कामधेनु गाय' भी थीं। ऐसा माना जाता है कि कामधेनु में सभी देवी-देवताओं का वास होता है और जिस घर में इनकी प्रतिमा होती है, वहां कभी किसी चीज की कमी नहीं रहती है। आज के समय में हर कोई अपने घर में सुख, शांति और समृद्धि चाहता है। अगर आप भी आर्थिक तंगी या गृह क्लेश से परेशान हैं, तो कामधेनु गाय से जुड़े ये वास्तु नियम आपके जीवन में बड़ा बदलाव ला सकते हैं।

**कामधेनु गाय रखने के फायदे**

आर्थिक संपन्नता - कामधेनु गाय को मनोकामना पूर्ण करने वाली गाय कहा जाता है। इनकी पूजा करने से घर में धन का आगमन बढ़ता है और कर्ज से मुक्ति मिलती है।

सकारात्मकता - वास्तु के अनुसार, कामधेनु की प्रतिमा घर में रखने से नकारात्मक ऊर्जा का नाश होता है। साथ ही सकारात्मकता का संचार होता है।

संतान सुख - ऐसी मान्यता है कि जिस घर में कामधेनु और उनके बछड़े की प्रतिमा होती है, वहां बच्चों का बौद्धिक विकास तेजी से होता है और संतान प्राप्ति के योग बनते हैं।

**वास्तु के अनुसार सही दिशा और स्थान**

ईशान कोण - कामधेनु गाय की मूर्ति या तस्वीर लगाने के लिए घर का उत्तर-पूर्व कोना यानी ईशान कोण सबसे शुभ मानी जाती है। यह दिशा देवताओं की मानी जाती है, इसलिए यहां कामधेनु को रखना सबसे अधिक फलदायी होता है।

उत्तर या पूर्व दिशा - अगर ईशान कोण में स्थान न हो, तो आप इसे उत्तर या पूर्व दिशा की दीवार पर भी लगा सकते हैं।

पूजा कक्ष या मुख्य द्वार - आप इसे अपने घर के मंदिर में या मुख्य द्वार के पास अंदर की ओर मुख किए हुए रख सकते हैं।

**इन बातों का रखें विशेष ध्यान**

हमेशा ऐसी तस्वीर या मूर्ति चुनें जिसमें गाय अपने बछड़े को दूध पिला रही हो या बछड़ा उनके पास खड़ा हो। यह वात्सल्य और बरकत का प्रतीक है।

जहां भी कामधेनु की प्रतिमा रखें, वहां गंदगी बिल्कुल न होने दें। नियमित रूप से धूप-दीप दिखाएं।

कामधेनु की तस्वीर कभी भी दक्षिण दिशा, बेडरूम या बाथरूम के पास नहीं रखनी चाहिए।

# यह 4 सपने आने पर किसी से न करें जिक्र, साझा करने से नहीं मिलता शुभ फल

**स्वप्न शास्त्र में बताया गया है कि सपने केवल व्यक्ति की कल्पना नहीं होती, बल्कि वह भविष्य के संकेत को भी दर्शाते हैं। हम जब भी कोई सपना देखते हैं, तो उसका जिक्र अपने परिवार वालों या दोस्तों से जरूर करते हैं।लेकिन स्वप्न शास्त्र में कुछ ऐसे सपनों का जिक्र किया गया है, जिन्हें अगर आप किसी को बताते हैं, तो इन सपनों से मिलने वाला लाभ रुक सकता है। ऐसे में इन्हें राज रखने में ही भलाई है। चलिए जानते हैं इस तरह के कुछ खास सपनों के बारे में।**



**किसी को न बताएं ये सपना**

अगर आपको सपने में देवी-देवताओं, तीर्थ स्थान या पूजा-पाठ होते हुए देखते हैं, तो इस तरह के सपने को भी किसी को नहीं बताया चाहिए। स्वप्न शास्त्र में माना गया है कि इस तरह के सपने भविष्य में कोई खुशखबरी मिलने का संकेत देते हैं। साथ ही यह सपना आध्यात्मिक उन्नति का भी संकेत देता है। ऐसे में यदि आप यह सपना किसी को बताते हैं, तो इससे लाभ रुक सकता है।

**मृत्यु से जुड़ा सपना**

अगर हम सपने में खुद की या किसी और की मृत्यु देखते हैं, तो यह सपना हमें डरा सकता है। लेकिन स्वप्न शास्त्र में माना गया है कि इस तरह का सपना आपकी समस्याओं के अंत और नई शुरुआत का संकेत देता है। लेकिन अगर आप किसी को यह सपना बताते हैं, तो इससे सपने का असर उल्टा भी हो सकता है। इसलिए इस सपने को किसी को भी बताने से बचें।

**न बताएं इस तरह के सपने**

अगर कोई व्यक्ति अपने सपने में धन, सोना-चांदी से भरा हुआ कलश देखता हैं, तो यह सपना निकट भविष्य में अचनाक धन लाभ का संकेत देता है। वहीं अगर आप किसी को यह सपना बताते हैं, तो इससे लक्ष्मी आपसे रुष्ठ हो सकती हैं, जिससे आपको इस सपने का लाभ नहीं मिलता।

स्वप्न शास्त्र में माना गया है कि अगर किसी व्यक्ति को सपने में प्राकृतिक सुंदरता जैसे नदी, पर्वत, या हरे-भरे बागीचे दिखाई देते हैं, तो यह भी जीवन में सकारात्मक बदलाव का संकेत देता है। इस तरह के सपने को भी किसी को बताने से बचें।

दिमाग की बत्ती

## मिर्च तीखी होती है, क्यों?



**हरे** रंग की मिर्चों में कैप्सिसीन नाम का एक तीक्ष्ण रसायन होता है, जिसकी मात्रा मिर्चों की विभिन्न किस्मों में कम या ज्यादा होती है। यही कैप्सिसीन त्वचा, नाक और आंख के संपर्क में आने पर हल्की सूजन के साथ तेज जलन पैदा करता है। इसलिए इसका उपयोग आजकल कई दर्द निवारक दवाओं में किया जाता है। खून को तरल रखने में भी कैप्सिसीन मदद करता है।

### क्या आप जानते हैं?



- पैंग्विन एकमात्र ऐसा पक्षी है, जो तैर सकता है, पर उड़ नहीं सकता।
- चींटियां जब सुबह सोकर उठती हैं, तो वे अंगड़ाई लेती हैं।
- दो घंटे की उड़ान के बाद 20 फीसदी विमान यात्रियों को जुकाम की शिकायत हो जाती है।
- जैसे-जैसे आपकी उम्र बढ़ती है, आपकी आंखों का रंग हल्का होता जाता है।
- सोते वक्त दिमाग टीवी देखने की तुलना में ज्यादा सक्रिय होता है।
- कैचप को 1830 के दौरान दवा के रूप में बेचा जाता था।
- अमेरिका का पहला स्टॉक एक्सचेंज सन् 1791 में फिल्डेल्फिया में स्थापित हुआ था।

# आओ खेलें शतरंज



शतरंज यानी चैस। राजा-महाराजाओं का खेल। एक ऐसा शाही खेल, जिसमें बिसात पर पूरा जंग का मैदान तैयार किया जाता है और शुरू होती हैं कूटनीतिक चालें। क्या है यह खेल और कहां व कबसे शुरू हुआ, आइए जानें...

**खेलों** की दुनिया में जब शतरंज या चैस का नाम आता है, तो हो सकता है कुछ बच्चों को यह खेल अच्छा न लगता हो। शायद वह समझते हों कि बस कूदने-फांदने वाले खेल ही खेल होते हैं। मगर ऐसा नहीं है। सदियों से लोगों का मनोरंजन करने वाला यह खेल अगर समझ में आ जाए, तो बहुत मनोरंजक, मजेदार और अच्छा लगने लगता है। आइए आज इस खेल के बारे में थोड़ा विस्तार से जानतें हैं-

इस खेल को शाही खेल के नाम से जाना जाता है। दरअसल पुराने जमाने में राजा लोग इस खेल को ख़ूब पसंद करते थे। आपने टीवी पर आने वाले ऐतिहासिक व मिथिहासिक धारावाहिकों में राजामहाराजाओं को यह खेल खेलते जरूर देखा होगा। यह खेल मनोरंजक होने के साथसाथ सोचने, रणनीति बनाने में भी कुशलता बनाता है और बुद्धि को विकसित करने में बहुत बड़ी भूमिका निभाता है। यानी यह केवल मनोरंजन के लिए ही नहीं, यह जीवन की कई सच्चाइयों की भी सीख देता है। बाहर से देखने पर भले ही यह लगे कि दो लोग इस खेल को बड़े आराम से खेल रहे हैं, मगर उनका दिमाग़ तेज़ी से चल रहा होता है। आप जानते ही होंगे कि विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद दुनिया के शतरंज के खिलाड़ियों में शुमार है।

**क्या है खेल**

शतरंज (चैस) दो खिलाड़ियों के बीच खेला जाने वाला एक बौद्धिक एवं मनोरंजक खेल है। इसकी चोपाट पर कुल 64 खाने होते है, जिसमें 32 चौरस काले या अन्य रंग ओर 32 चौरस सफेद या अन्य रंग के होते है। खेलने वाले दोनों खिलाड़ी भी सामान्यत: काला और सफेद कहलाते हैं। प्रत्येक खिलाड़ी के पास एक राजा, वजीर, दो ऊंट, दो घोडे, दो हाथी और आठ सैनिक होते हैं। बीच में राजा व वजीर रहता है। बाजु में ऊंट, उसके बाजु में घोड़े ओर अंतिम कतार में दोदो हाथी रहते है। उनकी अगली रेखा में आठ पैदल या सैनिक रहते हैं।

**कब शुरू हुआ**

यह खेल कब शुरू हुआ, इस संबंध में पक्की तरह कुछ नहीं कहा जा सकता। हां, कुछ प्रमाणों के आधार पर इस खेल को पांच हजार साल पुराना खेल माना जाता है। अब तक के मिलते इतिहास में जगह-जगह इस खेल का जिक्र आता है। यह भी कहा जाता है कि दुनिया से इससे पुराना कोई खेल नहीं है।

**कहां से शुरू**

सवाल यह उठता है कि इसका विकास किसने किया होगा? शतरंज फारसी के शब्द 'शाह' से बना है, जिसका अर्थ राजा है। हम यह भी जानते हैं कि चैकमेट फारसी के शह-मात से बना है, जिसके मायने हैं- राजा मर गया। लेकिन क्या पारसियों ने इसका विकास किया? जैसा कि कुछ लोग कहते हैं। नहीं, यकीन से कुछ भी नहीं कहा जा सकता। दरअसल, अलग-अलग समय पर इसके लिए अलग-अलग लोगों को जिम्मेदार माना गया- यूनानी, रोमन, बेबीलोनियन, मिस्री, पारसी, हिंदू, अरबी वगैरह-वगैरह। एक थ्योरी यह है कि इसे भारत में बौद्धों ने विकसित किया। बौद्ध मत के अनुसार युद्ध और किसी भी अन्य कारण से साथी लोगों की हत्या अपराध है।

इसलिए उन्होंने शतरंज का विकास जंग के विकल्प में किया। इस पूरे खेल में राजा अपनी रानी, वजीर और फौज के साथ होता है। पूरी बिसात एक जंग का मैदान-सी होती है, जिसमें राजा को अपने आप को बचाने के साथ-साथ प्रतिद्वंदी राजा को हराना होता है। ज्यादातर विशेषज्ञ यही मानते हैं कि शतरंज का विकास भारत में हुआ और फारस, अरब से होता हुआ पश्चिमी यूरोप पहुंचा। वैसे शतरंज के लम्बे इतिहास में परिवर्तन तो खूब आए हैं।

एक समय था जब इस खेल में राजा को भी मारा जा सकता था, लेकिन आज के शतरंज में यह असंभव है। कास्लिंग का किला बनाने का विचार लगभग 400 वर्ष पुराना है। क्वीन का इतिहास भी बहुत ही दिलचस्प है। एक समय में इसे वजीर कहा जाता था। आज शतरंज में अगर रानी मर जाए, तो लगता है कि सबसे शक्तिशाली मोहरा पिट गया, लेकिन प्राचीन समय में रानी सिर्फ एक आड़ा खाना चलती थी और इसलिए बिसात पर सबसे कमजोर मोहरा थी। लगभग 500 वर्ष पहले ही इसे अपनी मौजूदा ताकत मिली।

रुख और घोड़े सदियों से ऐसे ही रहे हैं। रुख भी फारसी के शब्द से बना है और इसे हाथी भी कहते हैं। बहरहाल, आज तो शतरंज दुनिया भर में खेला जाता है और इसके अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट लाखों लोग उत्सुकता से फॉलो करते हैं।

**कैसे खेलें**

चोपाट रखते समय यह ध्यान दिया जाता है कि दोनों खिलाड़ियों के दाएं तरफ का खाना सफेद होना चाहिए तथा वजिर के स्थान पर काला वजीर काले चौरस में व सफेद वजीर सफेद चौरस में होना चाहिए। खेल की शुरुआत सफेद खिलाड़ी से की जाती है। सामान्यत: वह वजीर या राजा के आगे रखे गया पैदल या सैनिक को दो चोरस आगे चलता है। हालांकि कोई भी सैनिक दो चौरस चल सकता है अथवा एक एक चौरस।

**राजा-** राजा सदा के लिए एक ही चौरस चल सकता है। अगर राजा को चलने को बाध्य किया और चल नहीं सकता, तो मान लीजिए कि खेल समाप्त हो गया। नहीं चल सकने वाले राजा को खिलाड़ी हाथ में लेकर बोलता है- 'मैं हार स्वीकार करता हूं।' हां कुछ शर्तों पर वह केसलींग करते समय दो चाल करता है।

**वजीर-** वजीर किसी भी दिशा में और कहीं तक भी चल सकता है। मान लिजिए पैदल सैनिक का एक अंक है, तो वजीर का 9 अंक है।

**ऊंट-** केवल अपने रंग वाले चोरस में चल सकता है। यानी काला ऊंट काले चौरस में ओर सफेद ऊंट सफेद खाने में। सैनिक के हिसाब से इसका तीन अंक है।

**घोड़ा-** गजब का है। अटपटा चलता है। यानी अगर घोड़ा सफेद चौरस पर होगा, तो चाल समाप्त होते रंग बदलता है। कहीं लोग इसे ढाई चाल भी कहते हैं। सैनिक के हिसाब से इसका तीन अंक है।

**हाथी-** वजीर कैसा भी चलता है, पर हाथी की चाल ऐसी नहीं है। वह सिर्फ सीधे या आड़े ही चल सकता है। उसका सैनिक के हिसाब से पांच अंक है।

**नई खोज**

ब्रिटेन के पुरातत्व विशेषज्ञों के एक दल ने कुछ ऐसे प्रमाण खोजें हैं, जिनसे साबित होता है कि यूरोप के निवासी छठी शताब्दी से ही शतरंज खेलना जानते थे। दक्षिणी अल्बानिया स्थित बायजेनटाईन महल में हुई खुदाई में हाथी दांत से बना शतरंज का एक मोहरा मिला है, जो अब तक शतरंज के इतिहास में मिले सभी प्रमाणों के इतिहास से पांच सौ साल पुराना है। अब तक यह माना जाता था कि यूरोप में बारहवीं सदी के दौरान ही यह खेल आया, यानी चीन, भारत और प्राचीन फारस में खेल की शुरुआत होने के सात सौ साल बाद।

जिज्ञासा

## क्यों पकाते हैं खाना



**मनुष्य** भोजन पकाकर क्यों खाता है, जबकि प्रकृिति में दूसरा कोई जानवर पकाकर भोजन नहीं खाता। आखिर मानव ने भोजन पकाकर खाना कब शुरू किया?

वैज्ञानिकों का कहना है कि कच्चे भोजन में विषैले और सूक्षम जीव होते हैं, जो शरीर में पहुंचकर पांचक शक्ति को प्रभावित कर सकते हैं। इसलिए भोजन पकाकर खाया जाता है। मगर आदिमानव ने इन कारणों से भोजन पकाना शुरू नहीं किया होगा, बल्कि भोजन को पकाकर खाना इसलिए शुरू किया, क्योंकि इससे भोजन कुछ नरम हो जाता था और उसे खाने में आसानी होती थी। इसके साथ ही खाने का स्वाद भी पकाने से बढ़ जाता था। जानवर भोजन पकाकर नहीं खाते, परंतु उनमें भोजन को पचाने के लिए दूसरी क्रियाएं पाई जाती हैं। जैसे गाय और भैंस भोजन को पचाने के लिए जुगाली करते रहते हैं। भोजन पकाना एक कला है, वरना ज्यादा पकाने पर उसमें मौजूद पोषक तत्व खत्म हो जाते हैं।

## ऐसे हुई लिखने की शुरुआत





**बच्चों,** ग्रंथ लिखने के लिए जिन ताड़पत्रों का उपयोग होता था, उन्हें पहले सुखा देते थे। फिर उन्हें कुछ घंटों तक पानी में उबालकर या भिगोए रखकर पुन: सुखाया जाता था। शंख, कौड़ी या चिकने पत्थर से उन्हें घोटते थे। फिर उन्हें इच्छित आकार में काटकर लोहे की कलम (शलाका) से उन पर अक्षर कुरेदे जाते थे।

फिर पत्रों पर कज्जल पोत देने से अक्षर काले हो जाते थे। दक्षिण भारत में अधिकतर इसी तरह ताड़पत्र की पोथियां तैयार की जाती थीं। उत्तर भारत में ताड़पत्रों पर प्राय: स्याही से लेखनी द्वारा लिखा जाता था। संस्कृत में लिख् और धातु का अर्थ है कुरेदना, संस्कृत में लिप धातु का अर्थ है लीपना।

लगता है की ताड़पत्र पर कुरेदने (लिखी) से लेखन या लिखना शब्द बने और स्याही लेपन (लिपि) शब्द का प्रयोग शुरू हुआ। ताड़पत्र की जो सबसे प्राचीन हस्तलिपि मिली है, वह ईसा की दूसरी सदी के एक नाटक की खंडित प्रति है। यह ताड़पत्रों पर स्याही से लिखी गई है। जापान के होर्युजी मंदिर में उष्णीशविजयधारणी नामक लगभग 600 ईस्वी की एक ताड़पत्र पोथी सुरक्षित है। जैसलमेर के ग्रंथ-भंडार में ताड़पत्रों की कुछ प्राचीन हस्तलिपियां मिली हैं। महापण्डित राहुल सांकृत्यायन ताड़पत्रों की कई पोथियां तिब्बत से भारत लाए थे।

# अक्लमंद हंस की नसीहत



बाल कहानी...

**एक** बहुत बड़ा विशाल पेड़ था। उस पर बीसीयों हंस रहते थे। उनमें एक बहुत स्याना हंस था, बुद्धिमान और बहुत दूरदर्शी। सब उसका आदर करते 'ताऊ' कहकर बुलाते थे। एक दिन उसने एक नन्ही-सी बेल को पेड़ के तने पर बहुत नीचे लिपटते पाया। ताऊ ने दूसरे हंसों को बुलाकर कहा, 'देखो, इस बेल को नष्ट कर दो। एक दिन यह बेल हम सबको मौत के मुंह में ले जाएगी।'

एक युवा हंस हंसते हुए बोला, 'ताऊ, यह छोटी-सी बेल हमें कैसे मौत के मुंह में ले जाएगी?'

स्याने हंस ने समझाया, 'आज यह तुम्हें छोटी-सी लग रही हैं। धीरे-धीरे यह पेड़ के सारे तने को लपेटा मारकर ऊपर तक आएगी। फिर बेल का तना मोटा होने लगेगा और पेड से चिपक जाएगा, तब नीचे से ऊपर तक पेड़ पर चढ़ने के लिए सीढ़ी बन जाएगी। कोई भी शिकारी सीढ़ी के सहारे चढ़कर हम तक पहुंच जाएगा और हम मारे जाएंगे।'

दूसरे हंस को यकीन न आया, 'एक छोटी-सी बेल कैसे सीढ़ी बनेगी?'

तीसरा हंस बोला, 'ताऊ, तुम तो एक छोटी-सी बेल को खींचकर ज्यादा ही लंबा कर रहा है।'

एक हंस बड़बड़ाया, 'यह ताऊ अपनी अक्ल का रौब डालने के लिए अंट-शंट कहानी बना रहा हैं।'

इस प्रकार किसी दूसरे हंस ने ताऊ की बात को गंभीरता से नहीं लिया। इतनी दूर तक देख पाने की उनमें अक्ल कहां थी?

समय बीतता रहा। बेल लिपटतेलिपटते ऊपर शाखों तक पहुंच गई। बेल का तना मोटा होना शुरू हुआ और सचमुच ही पेड़ के तने पर सीढ़ी बन गई। जिस पर आसानी से चढ़ा जा सकता था। सबको ताऊ की बात की सच्चाई सामने नजर आने लगी। पर अब कुछ नहीं किया जा सकता था क्योंकि बेल इतनी मजबूत हो गई थी कि उसे नष्ट करना हंसों के बस की बात नहीं थी। एक दिन जब सब हंस दाना चुगने बाहर गए हुए थे तब एक बहेलिआ उधर आ निकला। पेड़ पर बनी सीढ़ी को देखते ही उसने पेड़ पर चढ़कर जाल बिछाया और चला गया। सांझ को सारे हंस लौट आए पेड़ पर उतरे तो बहेलिए के जाल में बुरी तरह फंस गए। जब वे जाल में फंस गए और फड़फड़ाने लगे, तब उन्हें ताऊ की बुद्धिमानी और दूरदर्शिता का पता लगा। सब ताऊ की बात न मानने के लिए लज्जित थे और अपने आपको कोस रहे थे। ताऊ सबसे रुष्ट था और चुप बैठा था।


एक हंस ने हिम्मत करके कहा, 'ताऊ, हम मूर्ख हैं, लेकिन अब हमसे मुंह मत फेरो।'

दूसरा हंस बोला, 'इस संकट से निकालने की तरकीब आप ही हमें बता सकते हैं। आगे से हम आपकी कोई बात नहीं टालेंगे।' सभी हंसों ने हामी भरी तब ताऊ ने उन्हें बताया, 'मेरी बात ध्यान से सुनो। सुबह जब बहेलिया आएगा, तब मुर्दा होने का नाटक करना। बहेलिया तुम्हें मुर्दा समझकर जाल से निकालकर जमीन पर रखता जाएगा। वहां भी मरे समान पड़े रहना। जैसे ही वह अन्तिम हंस को नीचे रखेगा, मैं सीटी बजाऊंगा। मेरी सीटी सुनते ही सब उड़ जाना।'


सुबह बहेलिया आया। हंसो ने वैसा ही किया, जैसा ताऊ ने समझाया था। सचमुच बहेलिया हंसों को मुर्दा समझकर जमीन पर पटकता गया। सीटी की आवाज के साथ ही सारे हंस उड़ गए। बहेलिया अवाक होकर देखता रह गया।

**शिक्षा :** बुद्धिमानों की सलाह गंभीरता से लेनी चाहिए।

## बिंदू मिलाएं .



## सबसे बड़ा शॉपिंग मॉल



**चाइना** में 2005 में खुला साउथ चाइना मॉल दुनिया का सबसे बड़ा शॉपिंग मॉल है। यह 70 लाख वर्ग फुट से भी बड़े इलाके में फैला हुआ है। इसके अंदर पवन चक्की और थीम पार्क भी है।

## महासागर पार करने वाली महिला



**केंसास** में 1897 में जन्मी एमेलिया दुनिया की सर्वश्रेष्ठ पायलटों में से एक थीं। एमेलिया ने 1921 में पायलट का लाइसेंस प्राप्त कर लिया। अकेले विमान उड़ाकर अटलांटिक और प्रशांत महासागर पार करने वाली वह पहली महिला थीं।

## सबसे ऊंचा पुल



**अमेरिका** की सबसे बड़ी तकनीकी उपलब्धि के तौर पर मशहूर हूवर बांध के ऊपर बना पुल का वृत्तखंड पश्चिमी गोलार्ध में सबसे बड़ा है। यह पुल माइक ओ कैलेघन-पैट टिलमैन की याद में बनाया गया है।

## आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

आज आप घर से बाहर तो बहुत सकारात्मकता के साथ निकलेंगे लेकिन किसी कीमती वस्तु के चोरी होने की वजह से आपका मूड खराब हो सकता है। परिवार के सदस्यों का आपके जीवन में विशेष महत्व होगा। अपनी बातों को सही साबित करने के लिए आज के दिन आप अपने संगी से झगड़ सकते हैं। ऑफिस में आज आपको स्थिति को समझते हुए ही व्यवहार करना चाहिए। अगर आपका बोलना जरुरी नहीं है तो चुप रहें, कोई भी बात जबरदस्ती बोलकर आप खुद को परेशानी में डाल सकते हैं। लोग आपके बारे में क्या सोचते हैं आज आपको इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। बल्कि आज आप खाली समय में किसी से मिलना जुलना भी पसंद नहीं करेंगे और एकांत में आनंदित रहेंगे।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

अपने मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें, जो आध्यात्मिक जीवन के लिए आवश्यक है। आपके भाई–बहनों में से कोई आज आपसे पैसे उधार मांग सकता है, आप उनको पैसे उधार तो दे देंगे लेकिन इससे आपके आर्थिक हालात खराब हो सकते हैं। बच्चे भविष्य की योजनाएँ बनाने की अपेक्षा घर के बाहर ज़्यादा समय बिताकर आपको निराश कर सकते हैं। अपने प्रिय की ईमानदारी पर शक न करें। कार्यालय में सबकुछ आपके पक्ष में जाता नज़र आ रहा है। आपको ख़ुश करने के लिए आपका जीवनसाथी काफ़ी कोशिशें कर सकता है।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ङ,छ,के,को,ह**

ख़ुशी से भरा अच्छा दिन है। जिन लोगों को आप जानते हैं, उनके ज़रिए आपको आमदनी के नए स्रोत मिलेंगे। एक ख़ुशनुमा और बढ़िया शाम के लिए आपका घर मेहमानों से भर सकता है। आप अचानक गुलाबों की ख़ुश्बू से ख़ुद को सराबोर पाएं–गे।कार्यालय में कोई आपको कुछ बढ़िया चीज़ या ख़बर दे सकता है। आज अपने लिए वक्त निकालकर अपने जीवनसाथी के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं। हालांकि इस दौरान आप दोनों के बीच थोड़ी बहुत कहासुनी हो सकती है। वैवाहिक जीवन के मोर्चे पर यह दिन वाक़ई बहुत बढ़िया है।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

अपनी शारीरिक चुस्ती–फुर्ती को बनाए रखने के लिए आप आज का दिन खेलने में व्यतीत कर सकते हैं। माता या पिता की सेहत पर आपको आज बहुत धन खर्च करना पड़ सकता है। आपके परिवार वाले किसी छोटी–सी बात को लेकर राई का पहाड़ बना सकते हैं। आपका कोई खास ही आज आपके साथ विश्वासघात कर सकता है। जिसकी वजह से आप दिनभर परेशान रह सकते हैं। आज घर के लोगों के साथ बातचीत करते दौरान आपके मुंह से कोई ऐसी बात निकल सकती है जिससे घर के लोग नाराज हो सकते हैं। आपका जीवनसाथी आपको प्यार का एहसास देना चाहता है, उसकी मदद करें।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

आज आप अपने घर के वरिष्ठ जनों से पैसे की बचत करने को लेकर कोई सलाह ले सकते हैं और उस सलाह को जिंदगी में जगह भी दे सकते हैं. परिवार के साथ सामाजिक गतिविधियों में सहभागिता काफ़ी मानसिक दबाव पैदा कर सकती है। आपका हमदम आपको पूरे दिन याद करता रहेगा। दफ़्तर में आपको पता लग सकता है कि जिसे आप अपना दुश्मन समझते थे, वह दरअस्ल आपका शुभचिंतक है। आज के दिन अधिकांश समय ख़रीदारी और दूसरी गतिविधियाँ में जाएगा।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

ख़ुशी से भरा अच्छा दिन है। दिन की शुरुआत भले ही अच्छी हो लेकिन शाम के वक्त किसी वजह से आपका धन खर्च हो सकता है जिससे आप परेशान होंगे। मुमकिन है कि परिवार वाले आपकी उम्मीदों को पूरा न कर सकें। इस बात कि इच्छा न करें कि वे आपके मुताबिक़ काम करेंगे, बल्कि अपने काम करने का तरीक़ा बदलकर पहल करें। दिन को ख़ास बनाने के लिए स्नेह और उदारता के छोटे–छोटे तोहफ़े लोगों को दें। अपनी नौकरी से चिपके रहिए और दूसरों से उम्मीद मत कीजिए कि वे आकर आपकी मदद करेंगे। आध्यात्मिक गुरु से मिलने जा सकते हैं।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

आज आपको बेवजह पैसा खर्च करने से खुद को रोकना चाहिए नहीं तो जरूरत के समय आपके पास पैसे की कमी हो सकती है। कुछ समय आप अपने शौक़ और अपने परिवार वालों की मदद में भी ख़र्च कर सकते हैं। रोमांस के लिए बढ़ाए गए क़दम असर नहीं दिखाएंगे। आज फ़ायदा हो सकता है, बशर्ते आप अपनी बात भली–भांति रखें और काम में लगन व उत्साह दिखाएँ। अगर आज आप यात्रा कर रहे हैं तो आपको अपने सामान की अतिरिक्त सुरक्षा करने की ज़रूरत है। रिश्तेदारों के चलते जीवनसाथी से वाद–विवाद हो सकता है, लेकि आख़िर में सब ठिक हो जाएगा।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

धन आपके लिए जरुरी है लेकिन धन को लेकर इतने संजीदा न हो जाएं कि अपने रिश्तों को ही खराब कर दें। ऐसे दोस्तों के साथ बाहर जाएँ, जो सकारात्मक और मददगार स्वभाव के हैं। आप साथ में कहीं घूमने–फिरने जाकर अपने प्रेम–जीवन में नयी ऊर्जा का संचार कर सकते हैं। चंद्रमा की स्थिति को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि आज आपके पास काफी खाली वक्त होगा मुमकिन है कि आपके माता–पिता आपके जीवनसाथी को कुछ शानदार आशीर्वाद दें, जिसके चलते आपके वैवाहिक जीवन में और निखार आएगा।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

अपना तनाव दूर करने के लिए परिवार वालों की मदद लें। उनकी सहयता को खुले दिल से स्वीकारें। अपनी भावनाओं को दबाएँ और छुपाएँ नहीं। अपने जज़्बात दूसरों के साथ साझा करने से फ़ायदा मिलेगा। इस राशि के विवाहित जातकों को आज ससुराल पक्ष से धन लाभ होने की संभावना है। अपने परिवार की भलाई के लिए मेहनत करें। आज के दिन आप कार्यक्षेत्र में कुछ बढ़िया कर सकते हैं। बातों को सही तरीके से समझने का आज आपको प्रयास करना चाहिए नहीं तो इसकी वजह से आप खाली समय में इन्हीं बातों के बारे में सोचते रहेंगे और अपना समय बर्बाद करेंगे।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

दोस्तों की मदद से वित्तीय कठिनाईयाँ हल हो जाएंगी। ऐसा लगता है कि पारिवारिक–मोर्चे पर आप ज़्यादा ख़ुश नहीं हैं और कुछ अड़चनों का सामना कर रहे हैं। प्यार–मोहब्बत के लिहाज़ से दिन थोड़ा मुश्किल रहेगा। आपकी कड़ी मेहनत और निष्ठा ख़ुद आपके लिए बोलेगी व दूसरों का विश्वास और सहयोग आपको हासिल होगा। बातों को सही तरीके से समझने का आज आपको प्रयास करना चाहिए नहीं तो इसकी वजह से आप खाली समय में इन्हीं बातों के बारे में सोचते रहेंगे और अपना समय बर्बाद करेंगे। रिश्तेदारों का दख़ल शादीशुदा ज़िन्दगी में परेशानी पैदा कर सकता है।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

आपके भाई–बहनों में से कोई आज आपसे पैसे उधार मांग सकता है, आप उनको पैसे उधार तो दे देंगे लेकिन इससे आपके आर्थिक हालात खराब हो सकते हैं। अगर आप हर किसी की मांग पूरी करने की कोशिश करेंगे, तो सिर्फ़ नाकामी आपके हाथ लगेगी। अपनी कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए नयी तकनीकों का सहारा लें। आज जीवनस–ाथी के साथ खाली वक्त बिताते समय आपको लगेगा कि आपको उन्हें और भी वक्त देना चाहिए। बढ़िया खाना, रोमानी पल और जीवनसाथी का साथ यही ख़ास है आज।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

आज आपका स्वास्थ्य दुरुस्त रहने की पूरी उम्मीद है। अपने अच्छे स्वास्थ्य के चलते आज आप अपने दोस्तों के साथ खेलने का प्लान बना सकते हैं। कोई बेहतरीन नया विचार आपको आर्थिक तौर पर फ़ायदा दिलायेगा। आपकी प्रेम कहानी आज एक नया मोड़ ले सकती है, आपका साथी आज आपसे शादी को लेकर बात कर सकता है। ऐसे में कोई भी फैसला लेने से पहले आपको विचार अवश्य करना चाहिए। दिन को कैसे अच्छा बनाया जाए इसके लिए आपको अपने लिए भी समय निकालना सीखना होगा।

## आज का पंचांग

दिनांक : 29 मार्च 2026 , रविवार
विक्रम संवत : 2083
मास : चैत्र , शुक्ल पक्ष
तिथि : एकादशी प्रातः 07:48 तक
नक्षत्र : आश्लेषा दोपहर 02:38 तक
योग : धृति सायं 06:18 तक
करण : विष्टि प्रातः 07:48 तक
चन्द्रराशि : कर्क दोपहर 02:38 तक
सूर्योदय : 06:13, सूर्यास्त 06:28 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:18, सूर्यास्त 06:31 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:10, सूर्यास्त 06:23 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 06:95, सूर्यास्त 06:19 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

चल : 07:30 से 09:00
लाभ : 09:00 से 10:30
अमृत : 10:30 से 12:00
शुभ : 01:30 से 03:00
राहुकाल : सायं 04:30 से 06:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : कामिका एकादशी व्रत , भद्रा प्रातः 07:49 तक , गण्डमूल चालू है

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *

**पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)**
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

# पीएनजी और सीजीडी नेटवर्क के विस्तार को दें प्राथमिकता : भजनलाल

**जयपुर, 28 मार्च (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभी जिला कलक्टर्स को प्रतिदिन एलपीजी के संबंध में नियमित समीक्षा कर जमीनी परिस्थितियों का फीडबैक लेने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, कालाबाजारी एवं ओवरप्राइसिंग में लिप्त संस्थाओं या व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई एवं बार–बार उल्लंघन करने वालों को ब्लैकलिस्ट करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि आकस्मिक निरीक्षण कर अनियमितताओं पर तत्काल कार्रवाई तथा स्टॉक रजिस्टर एवं वास्तविक भंडारण का मिलान भी सुनिश्चित किया जाए। शर्मा ने शनिवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में एलपीजी आपूर्ति के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए। उन्होंने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, पुलिस एवं अन्य संबंधित



विभागों को संयुक्त टीमों के तहत विशेष अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया। साथ ही, सभी जिलों में एलपीजी और आवश्यक वस्तुओं के गोदामों, एजेंसियों एवं वितरण केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने जिले में हेल्पलाइन एवं शिकायत पोर्टल की पूर्ण सक्रियता एवं प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का 24 घंटे में त्वरित समाधान हो तथा इसकी नियमित मॉनिटरिंग कर मुख्य सचिव स्तर पर रिपोर्ट दी जाए। वहीं, सोशल मीडिया, स्थानीय मीडिया एवं पंचायत स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएं। उन्होंने कहा कि अफवाह या गलत सूचना के कारण उत्पन्न कृत्रिम मांग को तुरंत नियंत्रित करने के साथ ही मांग और आपूर्ति की वास्तविक स्थिति का भी दैनिक आकलन किया जाए।

शर्मा ने सभी जिला कलक्टर्स को केंद्र सरकार द्वारा जारी एलपीजी आवंटन संबंधी दिशा–निर्देशों की जिलों में पूर्ण अनुपालना सुनिश्चित करवाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि ओटीपी आधारित वितरण और डायरी में एंट्री को अनिवार्य रूप से लागू करवाया जाए। साथ ही, पाइप्ड नैचुरल गैस (पीएनजी) एवं सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नेटवर्क के विस्तार को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन बिछाने संबंधी सभी स्वीकृतियां 24 घंटे के भीतर जारी हों। वहीं, औद्योगिक संस्थानों को पीएनजी अपनाने के लिए भी प्रेरित किया जाए।

बैठक में बताया गया कि केंद्र सरकार की नवीन एसओपी के तहत व्यवसायिक गैस सिलेंडर की आवश्यकतानुसार आपूर्ति सुनिश्चित करवाई जा रही है। प्रदेश में 27 मार्च तक 3 हजार 741 निरीक्षण किए गए हैं, इनमें 1 हजार 506 गैस एजेंसियों का निरीक्षण शामिल है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा आमजन को सहायता उपलब्ध करवाने के लिए हेल्पलाइन नंबर 14435, 112 और 181 संचालित किए जा रहे हैं। बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा, संबंधित विभाग के अधिकारी एवं जिला कलक्टर्स वीसी के माध्यम से जुड़े।

## भीषण सड़क हादसे में बुजुर्ग दंपति की दर्दनाक मौत

**मंडावरी के पास कार और बाइक की आमने–सामने भिड़ंत**



**लालसोट (दौसा), 28 मार्च (एजेंसियां)।** मंडावरी थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर एक हृदयविदारक सड़क हादसा सामने आया, जिसमें बाइक सवार पति–पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। यह दुर्घटना कोठी वाली ढाणी के पास दोपहर करीब 1:00 बजे हुई, जब एक तेज रफ्तार कार और बाइक के बीच जबरदस्त भिड़ंत हो गई। थानाधिकारी सुधीर उपाध्याय के अनुसार, दुर्घटना के समय बाइक सवार दंपति खेड़ला खुर्द से मंडावरी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान लालसोट की दिशा से आ रही एक कार ने उन्हें सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दंपति ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

मृतकों की पहचान : गुमान सिंह (66 वर्ष): पुत्र गोवर्धन सिंह, निवासी खेड़ला खुर्द। सरोज सिंह (64 वर्ष): गुमान सिंह की पत्नी।

घटना की सूचना मिलते ही मंडावरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर उप जिला अस्पताल, मंडावरी की मोर्चरी में रखवाया, जहाँ पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिए गए।दुर्घटनाग्रस्त कार और बाइक को जब्त कर थाने लाया गया है।

परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## किफायती दरों पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त आवास प्रदान करने के लिए मण्डल निरंतर प्रयासरत : डॉ. रश्मि शर्मा



**जयपुर, 28 मार्च (एजेंसियां)।** राजस्थान आवासन मण्डल की समृद्धि अपार्टमेंट योजना को ड्यजउक गोल्ड अवार्ड मिला है ।मण्डल की ओर से आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने यह अवार्ड शनिवार को दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित समारोह में ग्रहण किया। आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने कहा की मण्डल को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान प्राप्त होने से आमजन में मण्डल की प्रतिष्ठा फिर से कायम हुई है। उन्होंने स्कॉच गोल्ड अवार्ड मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मण्डल की पूरी टीम को बधाई दी है। उन्होनें बताया कि समृद्धि आवासीय योजना में दो प्रकार के फ्लैट बनाये गए थे जिसमें 960 वर्ग फ़ीट वाले फ्लैट की कीमत 33 लाख अनुमानित थी वहीं 1100 वर्गफीट की कीमत 36 लाख अनुमानित थी , लेकिन मण्डल ने उसी उच्च गुणवत्ता के साथ प्रत्येक फ्लैट 960 वर्ग फ़ीट वाला 31 लाख में एवं 1100 वर्गफीट वाला 35 लाख में दिया है।

उन्होंने बताया की हाल ही में राज्य सरकार द्वारा आयोजित शहरी सेवा शिविर में नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने समृद्धि अपार्टमेंट के 159 आवंटियों को आवंटन पत्र सौंपे थे । डॉ शर्मा ने कहा की राजस्थान हाउसिंग बोर्ड ने अपनी योजनाओं में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता को प्राथमिकता दी है। उन्होंने बताया कि समृद्धि अपार्टमेंट परियोजना आम नागरिकों को किफायती दरों पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त आवास प्रदान करने का सफल उदाहरण है। उन्होंने कहा कि बोर्ड अब पारंपरिक निर्माण से आगे बढ़कर तकनीकी नवाचार और नागरिक सुविधा केंद्रित परियोजनाओं पर कार्य कर रहा है।

उल्लेखनीय है की इससे पूर्व विगत दो वर्षों में मण्डल को फाउन्टेन स्कायर पार्क एवं एक्सपॉजिशन ग्राउन्ड के लिए आईबीसी अवार्ड , मण्डल मुख्यालय को ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा बीईई की 5 स्टार रेटिंग का अवार्ड, मण्डल की माही योजना को नारोडको द्वारा अवार्ड तथा एसएस रेजीडेंसी को इंडियन कंक्रीट इंस्टीट्यू द्वारा अवार्ड मिल चुका है। इस अवसर पर मुख्य अभियन्ता अमित अग्रवाल, तेजवीर सिंह मीणा एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## बच्चों में आत्मविश्वास व सहयोग की भावना करें जागृत : डॉ. गर्ग

**भरतपुर, 28 मार्च (एजेंसियां)।** पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ सुभाष गर्ग ने शनिवार को न्यू पुष्पवाटिका कॉलोनी में जीएस इंटरनेशनल प्ले स्कूल का उद्घाटन कर शिक्षा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुये आव्हान किया कि शिक्षक व अभिभावक बच्चों को जीवन के मूल्यों तथा संस्कार देने में अपनी महती भूमिका निभायें। विधायक डॉ. गर्ग ने प्ले स्कूल का उद्घाटन कर आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुये विद्यालय संचालकों को शुभकामनायें देते हुये कहा कि उनका ध्येय है कि भरतपुर एज्यूकेशन हब के रूप में विकसित हो और इसी को लेकर वह प्रयासरत हैं। उन्होंने शिक्षकों व अभिभावकों से आव्हान किया कि वह बच्चों में आत्मविश्वास के साथ ही सहयोग की भावना जागृत करें तथा उन्हें नया सीखने के लिये हमेशा प्रेरित करते रहें।

उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने दायित्वों को पूरी ईमानदारी के साथ निभाकर बच्चों को शिक्षित करने में अपनी भूमिका निभाये तथा बच्चों को सुलभ, प्रभावी व आनन्दमय तरीके से शिक्षित कर उन्हें योग्य बनायें। डॉ. गर्ग ने कहा कि शिक्षक ही वह धूरी है जो राष्ट्र निर्माण में अपनी सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन करता है। उन्होंने अभिभावकों से भी आव्हान करते हुये कहा कि वे बच्चों को योग्य बनाने के लिये पढ़ाएं और संस्कारित कर राष्ट्र के विकास में सहभागिता निभाने के लिये प्रेरित करें।

## एक्साइज ड्यूटी में कटौती: जनता को राहत या सरकार का भ्रमजाल? : राव नरेंद्र सिंह

**चंडीगढ़, 28 मार्च (एजेंसियां)।** केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी द्वारा पेट्रोल–डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में 10 रुपये की कटौती के ऐलान के बाद सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इस मुद्दे पर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने केंद्र सरकार की नीतियों पर कड़ा प्रहार किया है। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि एक्साइज ड्यूटी में कटौती का सीधा लाभ आम जनता तक पहुंचता नजर नहीं आ रहा है। उन्होंने कहा कि यह मान लेना गलत होगा कि पेट्रोल पंप पर उपभोक्ताओं को 10 रुपये प्रति लीटर की राहत मिलेगी। उनके अनुसार, यह राहत मुख्य रूप से ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को दी गई है, जबकि आम जनता को अब भी लगभग वही कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल का हवाला देते हुए कहा कि मई 2014 में जब कांग्रेस सरकार सत्ता से बाहर हुई, उस समय कच्चे तेल की कीमत 106.94 डॉलर प्रति बैरल थी। इसके बावजूद पेट्रोल लगभग 71 रुपये प्रति लीटर और डीजल करीब 56 रुपये प्रति लीटर के आसपास उपलब्ध था।

राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि इसके विपरीत हाल के वर्षों में, जब कच्चे तेल की कीमत लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल रही, तब भी उपभोक्ताओं को पेट्रोल के लिए 90–95 रुपये प्रति लीटर तक भुगतान करना पड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि इसका मुख्य कारण केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा पिछले साढ़े 11 वर्षों में बार–बार एक्साइज ड्यूटी बढ़ाना है। उन्होंने दावा किया कि इस दौरान केंद्र सरकार ने 12 बार एक्साइज ड्यूटी में वृद्धि की, जिससे प्रतिदिन औसतन करीब 982 करोड़ रुपये की कमाई की गई। उन्होंने कहा कि इस पूरी अवधि में आम जनता को वास्तविक राहत नहीं मिली है और हालिया कटौती भी महज एक दिखावा साबित हो सकती है। राव नरेंद्र सिंह ने सरकार की ऊर्जा नीति को खोखली करार देते हुए कहा कि यह नीति जनता पर आर्थिक बोझ डालकर उसे ही राहत का भ्रम देने का प्रयास है।

इसके साथ ही उन्होंने हरियाणा में सामने आ रहे कथित घोटालों को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक घोटाले की गूंज शांत भी नहीं होती कि दूसरा मामला उजागर हो जाता है।

## सरसों की सरकारी खरीद शुरू होने के बावजूद मंडियों में सरकार की तैयारियां पूरी नहीं : दुष्यंत चौटाला

**चंडीगढ़, 28 मार्च (एजेंसियां)।** हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि प्रदेश में सरसों की सरकारी खरीद शुरू होने के बावजूद भी मंडियों में राज्य सरकार द्वारा तैयारियां पूरी नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि अब तक न तो बारदाना पहुंचा और न ही लेबर टेंडर हुए है, जो दिखाता है कि हरियाणा के मुख्यमंत्री पंजाब में व्यस्त है और हरियाणा त्रस्त है। दुष्यंत ने कहा कि मौसम को देखते हुए गेहूं की कटाई भी जल्द शुरू होने वाली है, लेकिन देश में तेल की आपदा के कारण खरीद प्रबंधन की व्यवस्था में परेशानी सामने आएगी, इसके लिए सरकार को गंभीर होना चाहिए। शनिवार को दुष्यंत चौटाला जींद जिले के दौरे के दौरान पत्रकारों से रूबरू थे। राज्यसभा चुनाव के सवाल पर पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा की विफलता दिखाई दी है। उन्होंने कहा कि दस साल सीएम रहने वाले नेता प्रतिपक्ष की टीम से 9 सदस्य उन्हें छोड़ गए। दुष्यंत चौटाला ने ये भी कहा कि जब भूपेंद्र हुड्डा के बेटे दीपेंद्र हुड्डा ने राज्यसभा का चुनाव लड़ा था तो कोई बीजेपी समर्थित निर्दलीय चुनाव मैदान में नहीं उतारा गया। इसके अलावा अन्य तीन राज्यसभा चुनावों में भाजपा ने अपना समर्थित उम्मीदवार उतारा। इस बार भी कांग्रेस की हार तय थी लेकिन किस्मत से भाजपा का एक वोट रद्द हो गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चुनाव में हार माने बैठी थी। एक सवाल के जवाब में दुष्यंत चौटाला ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला कहा करते थे कि वोट की चोट से जवाब देना चाहिए, लेकिन इनेलो द्वारा वोट का इस्तेमाल नहीं करना दर्शाता है कि अंदर खाते कोई मिलीभगत थी। वहीं पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने देश में तेल और गैस की आपदा के लिए भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया और देश के खराब वैश्विक हालातों पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार चाहे कितने ही झूठे दावे करे, लेकिन तेल और गैस को लेकर लोगों को हो रही परेशानियां सबके सामने है।

# हरियाणा में 4,032 सरकारी पेट्रोल पंप सक्रिय : सीएम नायब सैनी

**चंडीगढ़, 28 मार्च (एजेंसियां)।** हरियाणा में ईंधन और गैस की उपलब्धता को लेकर प्रदेश सरकार ने स्थिति को पूरी तरह नियंत्रण में बताया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को जानकारी दी कि राज्यभर में 4,032 सरकारी पेट्रोल पंप संचालित हो रहे हैं। इन पंपों पर रोजाना औसतन 4,804 किलोलीटर पेट्रोल और 12,003 किलोलीटर डीजल की बिक्री हो रही है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा को प्रतिदिन करीब 2 लाख गैस सिलेंडर मिल रहे हैं, जबकि लगभग 1.90 लाख सिलेंडर उपभोक्ताओं तक पहुंचाए जा रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कमर्शियल एलपीजी की सप्लाई भी लगातार बनाए रखी जा रही है। फिलहाल राज्य में 1.73 लाख कमर्शियल गैस सिलेंडर का स्टॉक उपलब्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए विशेष कदम उठा रही है कि अस्पतालों, स्कूलों और अन्य जरूरी संस्थानों में गैस की कोई कमी न हो। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने कमर्शियल एलपीजी सेक्टर के लिए 70 प्रतिशत आवंटन का ढांचा तय किया है, वहीं घरेलू एलपीजी उत्पादन में 40 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है, ताकि आयात पर निर्भरता कम हो सके।

सीएम सैनी ने कालाबाजारी और जमाखोरी के खिलाफ सख्त चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियों में शामिल लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इसके अलावा, उन्होंने पाइप्ड नेचुरल



गैस (पीएनजी) को लेकर भी बड़ा फैसला बताया। पहले पाइपलाइन बिछाने के लिए 10 साल का अग्रिम भुगतान करते हुए प्रति किलोमीटर 3 लाख रुपए का लीज रेट लिया जाता था, जिसे अब घटाकर एकमुश्त 1,000 रुपए प्रति किलोमीटर कर दिया गया है। राज्य में पीएनजी सेवाओं के लिए 13,33,603 कनेक्शन देने का लक्ष्य तय किया गया है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के क्षेत्र में हरियाणा मजबूत स्थिति में है।

मुख्यमंत्री ने पेट्रोलियम उत्पादों पर एक्साइज ड्यूटी घटाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार भी जताया। उन्होंने कहा कि इससे आम लोगों के लिए पेट्रोल, डीजल और गैस की कीमतें स्थिर बनी रहेंगी। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपराज्यपालों के साथ वर्चुअल बैठक कर मौजूदा हालात की समीक्षा की और 'टीम इंडिया' की तरह मिलकर काम करने का आह्वान किया।

शुभ लाभ DAILY खबरें जो सोच बदल दे हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# कलेक्टर आशीष सांगवान ने मदनूर परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया



**मदनूर, 28 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिल्हा कलेक्टर आशीष सांगवान ने शनिवार को मदनूर मंडल के जिला परिषद हाई स्कूल में आयोजित 10वीं कक्षा की परीक्षा केंद्र का अचानक निरीक्षण किया। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारी राजू से परीक्षार्थियों की उपस्थिति दर और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने परीक्षा केंद्र पर स्थापित चिकित्सा शिविर भी देखा और संकेत दिए कि छात्रों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए चिकित्सा कर्मचारी और आवश्यक दवाइयाँ सुनिश्चित की जाएँ। जांच के समय संबंधित अधिकारियों और अन्य लोग भी उपस्थित थे।

# मंचेरियाल शॉपिंग कॉम्प्लेक्स ध्वस्ति विवाद



**मंचेरियाल, 28 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** नगर निगम के अतिक्रमण हटाने और सड़क चौड़ीकरणभूमिगत जल निकासी व सौंदर्यीकरण कार्यों के तहत रेलवे स्टेशन के सामने स्थित एक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स विवादित रूप से गिरा दिया गया। इस कॉम्प्लेक्स में घाट बोर्ड से संबंधित छह दुकानें किराये पर थीं। सीमांकन के बाद दुकानों को सड़क को 108 फीट तक चौड़ा करने हेतु आठ से दस फुट तक हटाने का निर्देश दिया गया था, पर काम शुरू होते ही छह दुकानों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया।घाट बोर्ड द्वारा बिना पूर्व सूचना या अनुमोदन के ध्वस्तीकरण किए जाने पर स्थानीय लोगों और मंचेरियाल ने स्पष्टीकरण माँगा है। दो दिन पहले जिला वक्स बोर्ड के निरीक्षक ने किरायेदारों को नोटिस जारी कर 31 तारीख तक तोड़फोड़ के संबंध में स्पष्टीकरण देने को कहा है; अन्यथा कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। मामले में संदेह बना हुआ है कि ध्वस्तीकरण किरायेदारों ने स्वयं किया, नगरपालिका अधिकारियों या सड़क निर्माण ठेकेदार ने कराया। उल्लेखनीय है कि यह शॉपिंग कॉम्प्लेक्स लगभग 40 वर्ष पुराना है और हाल में इसकी जर्जर स्थिति पर भी अभियान चल रहा था।

# यंग इंडिया इंटीग्रेटेड स्कूल निर्माण का आकस्मिक निरीक्षण

## कलेक्टर ने समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण काम के निर्देश दिए



**मदनूर, 28 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिला कलेक्टर आशीष सांगवान ने मदनूर मंडल के बाहरी इलाके में लगभग 20 एकड़ में बन रहे यंग इंडिया इंटीग्रेटेड स्कूल का अचानक निरीक्षण कर आधारभूत निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता की समीक्षा की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण आधुनिक सुविधाओं के साथ विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षिक वातावरण सुनिश्चित करने के मानकों के अनुरूप और निर्धारित समय के भीतर बिना किसी कमी के पूरा किया जाए। निरीक्षण में ईई सामाजिक कल्याण अशोक, डीईओ राजू, मंडल विशेष अधिकारी मोहन, एमआरओ मुजीप, एमपीडीओ रानी, स्थानीय सरपंच ऊषा संतोष, कांग्रेस जिला अध्यक्ष अल्ले मलिकार्जुन और ठेकेदार उपस्थित थे।

# बेल्लमपल्ली विकास के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक : कुमार दीपक

**मंचेरियाल, 28 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिला कलेक्टर कुमार दीपक की अध्यक्षता में हुए बजट सत्र में बेल्लमपल्ली नगरपालिका के वर्ष 2026-27 के विकास कार्यों के लिए कुल 32.42 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी गई। बैठक में कहा गया कि नगर विकास की जिम्मेदारी सभी अधिकारियों और पार्षदों की साझा होनी चाहिए।

कलेक्टर ने समय पर कर वसूल, सार्वजनिक कर्मचारियों को समय पर सहायता, और नगर सीमा के आंतरिक सड़कों व नालियों का शीघ्र निर्माण सुनिश्चित करने पर बल दिया। पेयजल आपूर्ति, झुग्गी-झोपड़ियों के पुनर्विकास तथा शहर में पोलाद लेखन प्रणाली लागू कर बिल घटाने के कदम उठाने पर भी चर्चा हुई। ढठ और ृतत्रढ फंड के माध्यम से आवश्यक ऑटो और अन्य संसाधन उपलब्ध कराने तथा प्लास्टिक कचरे की बिक्री से आय सुनिश्चित करने के प्रस्ताव भी रखे गए। परिषद ने विकास राजस्व व विभिन्न संसाधनों का निर्धारण करते हुए बजट पारित किया और सभी वार्डों के समग्र विकास के लिए निर्देश दिए।

# सड़क निर्माण कार्य समय पर पूरे किए जाएं : कलेक्टर कोया श्री हर्षा



**पेद्दापल्ली, 28 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिल्हा कलेक्टर कोया श्री हर्षा ने ठइ विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि पेद्दापल्ली–कटारम सीमा के भीतर सड़क चौड़ीकरण और पुल निर्माण कार्यों में तीव्रता लायी जाए। लिंगापुर रोड पर चौड़ीकरण, मीडियन निर्माण व पाइपलाइन बिछाने के काम को प्राथमिकता दी जाए और सड़क परियोजनाओं से प्रभावित बिजली के खंभों का शीघ्र स्थानांतरण सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर ने बताया कि ठइ गेस्ट हाउस की चारदीवारी का निर्माण पूरा हो चुका हैसंबंधित विवरण चइ में दर्ज कर बिल प्रस्तुत किए जाएं। मनेरू नदी पर पुल के टेंडर शीघ्र पूर्ण किए जाएं और सड़क निर्माण के दौरान पेयजल पाइपलाइन सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। मंथनी गेस्ट हाउस का निर्माण तेज़ी से पूरा किया जाए। कुनाराम ठजइ के एप्रोच रोड के लिए भूमि अधिग्रहण पूर्ण है; वहां स्थित घर व ढांचों का तात्कालिक ध्वंस किया जाए। मंथनी स्टेडियम निर्माण के लिए आवश्यक अनुमतियाँ भी शीघ्र प्राप्त की जाएं। बैठक में ईई (आरएंडबी) भव सिंह, डीईएस, एईएस तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# यादगिरीगुट्टा मंदिर टेंडर में गड़बड़ियाँ

## सीपीआई ने तत्काल रद्द कर नए, पारदर्शी टेंडर की मांग की



**यादगिरीगुट्टा, 28 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सीपीआई डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी यानाला दामोदर रेड्डी ने गुंडलापल्ली गांव में आयोजित सीपीआई मंडल काउंसिल बैठक में मांग की कि श्री लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी मंदिर के हालिया टेंडरों में पाई गई गड़बड़ियों को रद्द कर नए, पारदर्शी टेंडर जारी किए जाएँ। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले चार-पाँच महीनों में दिए गए कुछ टेंडरों में अनियमितताएँ हुईं, जिससे मंदिर की आय प्रभावित हो रही है।

हानिकारक टेंडरों में विशेषकर चार महीने पहले दिए गए दो नारियल विक्रय टेंडरों का उल्लेख किया गया, जिन्हें कथिततः पिछली तुलना में लाखों रुपये कम पर आवंटित किया गया था। सीपीआई ने अधिकारियों से इन टेंडरों के पीछे के कारणों की जांच और स्पष्टता माँगी। उन्होंने कहा कि नारियल की उचित कीमत 30 रुपये होनी चाहिए, परन्तु वर्तमान में भक्तों को दो नारियल 100 रुपये से अधिक में मिलने की शिकायत है। एक हफ़्ते पहले हुए कोल्ड-ड्रिंक (ठंडे पेय) टेंडर पर भी आपत्ति जताई गई और उसे मंदिर के हित के विरुद्ध बताया गया।सीपीआई ने संबंधित दोनों टेंडरों को तत्काल रद्द करने और निष्पक्ष, पारदर्शी प्रक्रिया के साथ नए टेंडर करने की मांग दो-हराई। साथ ही पार्टी ने 1 अप्रैल से इंटिनिटी सीपीआई नारे के तहत जनता के मुद्दों पर आंदोलन और चंदा संग्रह का कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की और लोगों से सहयोग तथा दान करने की अपील की।मीटिंग में सीपीआई के कई नेता और कार्यकर्ताजिसमें स्टेट काउंसिल मेंबर गोडा श्रीरामुलु, डिस्ट्रिक्ट एग्जीक्यूटिव मेंबर कल्लेम कृष्णा, मंडल सेक्रेटरी कल्लेपल्ली महेंद्र, म्युनिसिपल सेक्रेटरी काउंसलर बब्बूरी श्रीधर तथा कई अन्य उपस्थित थे।

# कोरुटला : सभी पार्टियों ने गादी बुरुजुला बचाने की अपील



**कोरुटला, 28 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** प्रभाकर मेमोरियल लाइब्रेरी में हुई ऑल-पार्टी बैठक में नेताओं ने गादी बुरुजुला के लगभग 3 एकड़ कैचमेंट जमीन और गड्ढों पर हो रहे कथित अवैध कब्जे के खिलाफ तेज़ कार्रवाई की मांग की। बैठक में तय हुआ कि सोमवार, 30 मार्च 2026 को ऑल-पार्टी की देखरेख में बड़े स्तर पर पब्लिक मोबिलाइजेशन किया जाएगा और ज़रूरत होने पर कोर्ट का सहारा लिया जाएगा। सभी पार्टियों ने शहरवासियों, कार्यकर्ताओं, संगठनों और बुद्धिजीवियों से इस आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। बैठक में सीपीआई के चेन्ना विश्वनाथम, सीपीएम के के. शंकर, न्यू डेमोक्रेसी के चिंता भुमेश्वर, एआईटीयूसी के सुतारी रामुलु, प्रजा संघ के पेटा भास्कर, समाजवादी पार्टी के एम.डी. मुजाहिद, एमआईएम के एम.डी. रफ़ी, टीडीपी के तुम्मनपल्ली श्रीनिवास बाबू समेत कई नेता उपस्थित थे।

# राम नवमी पर मारवाड़ी महिलाओं की भव्य भजन संध्या आयोजित



**पेद्दापल्ली, 28 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राम नवमी के पावन अवसर पर शनिवार को मारवाड़ी समुदाय की महिलाओं ने श्री नारायण दास और श्रीमती सरला तिवारी के निवास पर सीता, राम, लक्ष्मण व हनुमान की मूर्तियों की पूजा की। इसके बाद भव्य भजन कार्यक्रम हुआ, जिसमें महिलाओं ने ढोल की ताल पर भक्ति भजनों का गायन किया। बाद में प्रसाद व पवित्र तीर्थ ग्रहण किया गया। श्रीमती सरला तिवारी ने सभी को धन्यवाद दिया।

# ट्रिनिटी इंजीनियरिंग कॉलेज में जेनेक्स-2के2 मैनेजमेंट एक्सपो का धमाल




**पेद्दापल्ली, 28 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** पेद्दापल्ली शहर के ट्रिनिटी ऑटोनॉमस इंजीनियरिंग कॉलेज के मैनेजमेंट विभाग ने जेनेक्स-2के2 नामक मैनेजमेंट एक्सपो का आयोजन किया। कार्यक्रम पारंपरिक दीप प्रज्वलन से शुरू हुआ, उसके बाद शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुति दी गई।

कॉलेज के संस्थापक-अध्यक्ष दासारी मनोहर रेड्डी और आईडीबीआई बैंक प्रबंधक वंदीप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जिन्होंने छात्रों को प्रेरित व प्रोत्साहित किया।दासारी मनोहर रेड्डी ने स्नातक छात्रों से बुद्धि का उपयोग कर भविष्य में एमबीए डिग्री हासिल करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि कॉलेज एमबीए कार्यक्रम पर विशेष ध्यान देता है, संकाय सदस्य सफल करियर के लिए लगन से काम कर रहे। पिछले सप्ताह कैंपस भर्ती में कई एमबीए व इंजीनियरिंग छात्रों को एमएनसी में नौकरी मिली। स्नातक पूरा करने वालों से ट्रिनिटी चुनने का अनुरोध किया। शैक्षणिक निदेशक अशोक कुमार व प्राचार्य डॉ. मणि गणेश ने संबोधित किया। अध्यक्ष दासारी प्रशांत रेड्डी के मार्गदर्शन में एमबीए विभाग ने आयोजन किया। पेद्दापल्ली जिले के डिग्री-पीजी कॉलेजों के बी-कॉम द्वितीय-तृतीय वर्ष छात्रों को आमंत्रित। मंच पर मैनेजमेंट खेल (ब्रांडिंग-रणनीतिक सोच के लिए) व छात्रों की परियोजनाएं प्रदर्शित। अन्य कॉलेजों के 900+ छात्रों ने 40 औपचारिक-अनौपचारिक गतिविधियों में उत्साह से भाग लिया। विजेताओं को पुरस्कार-प्रमाणपत्र वितरित।शैक्षणिक निदेशक अशोक कुमार, प्राचार्य डॉ. मणि गणेश, एओ सुरेश, राजिरेड्डी, वंशी, एमबीए प्रमुख डॉ. आरिफ, डॉ. राममोहन रेड्डी, वरिष्ठ संकाय रमेश, साई श्रावणी, श्रीलता, रश्मिका व अन्य विभाग प्रमुख डॉ. नटराजन, प्रभाकर, लक्ष्मी, पद्मिनी आदि ने भाग लिया।

# मदनूर में इंदिराम्मा आवास का डीसीसी अध्यक्ष येले मल्लिकार्जुन ने किया उद्घाटन



**मदनूर, 28 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिला कांग्रेस कमेटी (डीसीसी) अध्यक्ष येले मल्लिकार्जुन ने जुक्कल निर्वाचन क्षेत्र के मदनूर मंडल में इंदिराम्मा गृह प्रवेश कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

रिबन काटकर श्रीफल फोड़ने के बाद उन्होंने गृह प्रवेश का उद्घाटन किया।

उन्होंने सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के लाभ बताए। लाभार्थी इंदिराम्मा ने उनका गर्मजोशी से स्वागत कर शॉल भेंट की। अध्यक्ष ने उप सरपंच रमेश वटनालवार के आवास पर जाकर एले मल्लिकार्जुन को शाल से सम्मानित किया।

# ज़िला कलेक्टर कोया हर्षा ने धर्माराम मंडल का किया दौरा



**पेद्दापल्ली, 28 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** शनिवार को ज़िला कलेक्टर कोया श्री हर्षा ने धर्माराम मंडल का विस्तृत दौरा किया। उन्होंने तहसीलदार कार्यालय और केजीबीवी (कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय) का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्लॉट बुकिंग पंजीकरण समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। भू भारती के लंबित ऑनलाइन आ-वेदनों को तुरंत निपटाने का आदेश दिया।उन्होंने केजीबीवी में लड़कियों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने पर बल दिया। प्रत्येक छात्रा के लिए उच्च शैक्षिक मानक बनाए रखने व नवीनीकरण कार्य समयसीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।इस दौरान तहसीलदार श्रीनिवास सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# कोरुटला एफटीएल सरकारी जमीन बिक्री पर लेफ्ट का आंदोलन का ऐलान

**जगतियाल, 28 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जगतियाल जिले के कोरुटला में नाले के पास एफटीएल सर्वे नंबर 530 व 531 की सरकारी जमीन हाईड्रा प्रोजेक्ट के विरोध में बेची जा रही है। लेफ्ट पार्टियों के नेताओं ने नाले-नदी किनारे अवैध कब्जों व निर्माण पर तीखा रोष जताते हुए बड़े आंदोलन की चेतावनी दी। नेताओं ने आरोप लगाया कि गैर-कानूनी निर्माण से नदी बहाव रुक रहा है, जिससे बरसात में बाढ़ व जान-माल का खतरा है। अधिकारियों पर लापरवाही का ठहराया। सीपीआई नेता सुतारी रामुलु, समाजवादी पार्टी के मुजाहिद व तुम्मनपल्ली श्रीनिवास बाबू ने कहा, सरकार नजरअंदाज करेगी तो रैलियां-धरने करेंगे।कोरुटला लेफ्ट विंग ने साफ किया कि मामला न सुलझा तो विरोध प्रदर्शन शुरू। इरिगेशन, एनएच, आरडीओ तहसीलदार व नगरपालिका अधिकारियों से कब्जे हटाने, एफटीएल बिक्री रोकने की मांग।





# खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 : पुरुष भारोत्तोलन 88 किग्रा वर्ग में अरुणाचल के रुबा ताड़ु बने चैंपियन

**देवराकोंडा प्रेम सागर और सोरम हिटलर टाग्रू ने दिखाया दमखम, रायपुर में शानदार प्रतिस्पर्धा का रहा रोमांच**

**रायपुर, 28 मार्च (एजेंसियां)।** खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 प्रतियोगिता में 88 किलोग्राम वर्ग पुरुष भारोत्तोलन में अरुणाचल प्रदेश के रुबा ताड़ु ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कुल 274 किलोग्राम वजन उठाकर पहला स्थान हासिल किया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

रुबा ताड़ु ने स्नैच में 117 किग्रा तथा क्लीन एंड जर्क में 157 किग्रा वजन उठाकर शीर्ष स्थान सुनिश्चित किया। खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता में देशभर के अनेक प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया और प्रतिस्पर्धा में कड़े मुकाबले देखने को मिले।

दूसरे स्थान पर आंध्र प्रदेश के देवरकोंडा प्रेम सागर रहे, जिन्होंने कुल 270 किलोग्राम वजन उठाकर रजत पदक जीता। वहीं अरुणाचल प्रदेश के ही सोरम हिटलर टाग्रू ने 262 किलोग्राम के साथ तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक हासिल किया। प्रतियोगिता में ओडिशा के सनातन मलिक (249 किग्रा) चौथे स्थान पर रहे, जबकि असम के प्रीतम सोनोवाल (248 किग्रा) ने पांचवां स्थान प्राप्त किया। मध्यप्रदेश के पृथ्वीराज चौहान (226 किग्रा) छठे स्थान पर रहे। इसके अलावा त्रिपुरा के डेनियल जमातिया (192 किग्रा), गोवा के एलेस्टर गोम्स (152 किग्रा), तेलंगाना के सिद्दाबोइना नवीन (146 किग्रा) और छत्तीसगढ़ के छत्रपाल ठाकुर (130 किग्रा) ने भी प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने-अपने प्रदर्शन से अनुभव हासिल किया। इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, जहां हर खिलाड़ी ने अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास किया। आयोजन ने न केवल खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच दिया, बल्कि देश के विभिन्न राज्यों के बीच खेल भावना और एकता को भी मजबूत किया। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के इस आयोजन से यह स्पष्ट होता है कि आदिवासी क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। सही मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर ये खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### आईपीएल 2026: बांग्लादेश ने प्रसारण पर से हटाया प्रतिबंध, टेलीकास्ट के लिए दिखाई सकारात्मकता

**ढाका।** बांग्लादेश सरकार ने इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के प्रसारण को लेकर बड़ा फैसला लिया है।



सूचना एवं प्रसारण मंत्री जहीर उद्दीन स्वपन ने स्पष्ट किया कि यदि कोई चैनल आईपीएल का प्रसारण करना चाहता है, तो सरकार उसे सकारात्मक रूप से देखेगी। जनवरी में बांग्लादेश के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने इंडियन प्रीमियर लीग के प्रसारण पर प्रतिबंध लगा दिया था। यह फैसला बांग्लादेशी खिलाड़ी मुस्तफिजुर रहमान को लीग से बाहर किए जाने के बाद लिया गया था। हालांकि, अब नए घटनाक्रम में मंत्री स्वपन ने पिछली सरकार के इस आदेश को वापस ले लिया है। उन्होंने कहा, हम खेल को राजनीति से नहीं जोड़ना चाहते। अगर कोई चैनल आईपीएल का प्रसारण करना चाहता है, तो हम इसे व्यावसायिक नजरिए से देखते हुए सकारात्मक निर्णय लेंगे। मंत्री ने स्पष्ट किया कि आईपीएल के आधिकारिक ब्राडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स को भी टूर्नामेंट के प्रसारण की अनुमति होगी और केबल आपरेटरों पर भी कोई रोक नहीं है। उन्होंने कहा, हम किसी को प्रसारण से नहीं रोकेंगे। अगर स्टार स्पोर्ट्स या कोई स्थानीय चैनल आईपीएल दिखाना चाहता है, तो हम उसे सकारात्मक रूप से देखेंगे, लेकिन किसी पर कोई दबाव नहीं होगा। इस फैसले के बाद बांग्लादेश में आईपीएल 2026 के प्रसारण का रास्ता साफ हो गया है।


### ब्रिटेन की पहली महिला ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता मैरी रैंड का 86 वर्ष की उम्र में निधन



**नई दिल्ली।** ब्रिटेन की दिग्गज एथलीट और ओलंपिक चैंपियन मैरी रैंड का 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वह ओलंपिक इतिहास में एक ही खेलों में तीन पदक जीतने वाली पहली ब्रिटिश महिला थीं। मैरी रैंड ने टोक्यो ओलंपिक 1964 में शानदार प्रदर्शन करते हुए लंबी कूद में स्वर्ण, पेंटाथलान में रजत और 4×100 मीटर रिले में कांस्य पदक जीता था। उनका यह प्रदर्शन उन्हें उस दौर की सबसे प्रेरणादायक खिलाड़ियों में शामिल करता है। यूके एथलेटिक्स ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि रैंड अपने करियर की शुरुआत से ही एक ट्रेलब्लेज़र (राह दिखाने वाली) थीं। मात्र 17 साल की उम्र में उन्होंने पेंटाथलान में अपना पहला ब्रिटिश रिकार्ड बनाया और कुछ ही समय बाद कार्डिफ में कामनवेल्थ गेम्स में लंबी कूद में रजत पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान बनाई। टोक्यो ओलंपिक में रैंड ने 6.76 मीटर की छलांग लगाकर विश्व रिकार्ड भी स्थापित किया था, जो उस समय एक ऐतिहासिक उपलब्धि मानी गई। यूके एथलेटिक्स के अनुसार रैंड के स्वर्ण पदक ने पूरी टीम को प्रेरित किया और उसी प्रेरणा से ब्रिटिश दल ने कुल 12 पदक जीते। उनकी साथी और 800 मीटर ओलंपिक चैंपियन एन पैकर ने भी कहा था कि मैरी की जीत ने पूरी टीम का आत्मविश्वास बढ़ा दिया था। मैरी रैंड का योगदान ब्रिटिश एथलेटिक्स में हमेशा याद किया जाएगा और वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनी रहेंगी।

### टाइगर वुड्स डीयूआई मामले में गिरफ्तार, कुछ घंटों बाद जमानत पर रिहा

**जुपिटर आइलैंड (फ्लोरिडा)।** दिग्गज गोल्फर टाइगर वुड्स को ड्राइविंग अंडर द इन्फ्लुएंस (संदिग्ध हालत में गाड़ी चलाना) के आरोप में शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया, हालांकि कुछ ही घंटों बाद उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। अधिकारियों के अनुसार वुड्स अपनी लैंड रोवर कार को रिहायशी इलाके में तेज गति से चला रहे थे, तभी उनकी गाड़ी एक ट्रक से टकराकर पलट गई। हादसे के बाद उनमें नशे या किसी तरह के प्रभाव के लक्षण दिखाई दिए। मार्टिन काउंटी के शेरिफ जान बुडेन्सीक ने बताया कि वुड्स ने ब्रेथएनालाइजर टेस्ट दिया, जिसमें शराब के सेवन के संकेत नहीं मिले। हालांकि उन्होंने यूरिन टेस्ट कराने से इनकार कर दिया, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। जांच में यह भी आशंका जताई गई है कि उन्होंने कोई दवा या अन्य पदार्थ लिया हो। फ्लोरिडा कानून के तहत वुड्स को जमानत से पहले कम से कम आठ घंटे जेल में रहना अनिवार्य था। इस दौरान उन्हें अन्य कैदियों से अलग रखा गया। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में वुड्स को कोई चोट नहीं आई। वहीं, उनके मैनेजर की ओर से इस मामले पर तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई। यह दूसरी बार है जब वुड्स को शराब के अलावा किसी अन्य कारण से डीयूआई के मामले में गिरफ्तार किया गया है।



# आरसीबी ने छह विकेट से हैदराबाद को हराया, विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल के अर्धशतक





**नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 का ओपनिंग मैच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला गया।

इस मैच में भारतीय टीम के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन पहली बार कप्तानी कर रहे थे। 119 मैच खेलने के बाद आईपीएल में किशन को कप्तानी करने का मौका मिला था। अपनी कप्तानी डेब्यू पर ही ईशान किशन ने ऐतिहासिक पारी खेली। उन्होंने अपनी बैटिंग से महफिल लूट ली। इसी के साथ उन्होंने बड़ा रिकॉर्ड भी बना दिया है।

**ईशान किशन ने बनाया बड़ा रिकॉर्ड**

दरअसल, ईशान किशन सनराइजर्स हैदराबाद के लिए कप्तानी डेब्यू पर सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने आरसीबी के खिलाफ सिर्फ 38 गेंद में 80 रन की तूफानी पारी खेली। किशन की पारी में 8 चौके और 5 छक्के शामिल थे। उनका स्ट्राइक रेट 210.53 का था। बता दें कि किशन से पहले यह रिकॉर्ड मनीष पांडे के नाम था, जिन्होंने एसआरएच के लिए 2021 में कप्तानी डेब्यू पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ 41 गेंद में नाबाद 69 रन बनाए थे।

**पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में कर रहे कप्तानी**

बता दें कि सनराइजर्स हैदराबाद के नियमित कप्तान वैसे तो ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस हैं। हालांकि पैट कमिंस चोटिल चल रहे हैं और इस वजह से वह अभी नहीं खेल रहे हैं। कमिंस की गैरमौजूदगी में एसआरएच ने ईशान किशन को कप्तान बनाया है।

जब तक कमिंस नहीं आ जाते तब तक किशन ही कप्तानी करेंगे। वहीं अभिषेक शर्मा को उपकप्तान बनाया गया है।

27 साल के ईशान किशन का बल्ला टी20 वर्ल्ड कप 2026 में जमकर बोला था। उन्होंने 9 मैचों में 193.29 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 317 रन बनाए थे। किशन के बल्ले से तीन अर्धशतक वर्ल्ड कप में देखने को मिले थे।

# आईपीएल 2026: चोट के कारण शुरुआती दो हफ्तों से बाहर रहेंगे महेंद्र सिंह धोनी, सीएसके को बड़ा झटका



**नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)।**

**इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 से पहले महेंद्र सिंह धोनी की चोट ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को बड़ा झटका दिया है। फ्रेंचाइजी द्वारा शनिवार को जारी बयान के अनुसार, धोनी टूर्नामेंट के पहले दो हफ्तों में नहीं खेल पाएंगे।**

टीम ने अपने आधिकारिक बयान में बताया कि धोनी इस समय काफ स्ट्रेन (पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव) से उबर रहे हैं और रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया से गुजर रहे हैं, जिसके चलते वह शुरुआती मुकाबलों से बाहर रहेंगे।

धोनी आईपीएल इतिहास के सबसे सफल कप्तानों में से एक हैं और उनकी कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स ने पांच बार खिताब जीता है। उनके अनुभव की कमी टीम को शुरुआती मैचों में खल सकती है।

पिछले सीजन में धोनी ने 13 पारियों में 196 रन बनाए थे, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 135.17 रहा। उन्होंने सीजन में 12 चौके और 12 छक्के लगाए थे, जबकि डेथ ओवर्स में उनका स्ट्राइक रेट 151.72 रहा था।

सीएसके की मुश्किलें यहीं खत्म नहीं होतीं। टीम के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज मैथ्यू शार्ट भी अंगूठे में फ्रैक्चर के कारण शुरुआती मैचों से बाहर रहेंगे। वहीं तेज गेंदबाज नाथन एलिस हैमस्ट्रिंग इंजरी के चलते पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं।

ऐसे में आईपीएल 2026 की शुरुआत से पहले ही चेन्नई सुपर किंग्स को कई बड़े झटके लगे हैं, जिससे टीम की रणनीति पर असर पड़ सकता है।

## फार्मुला वन



जापान में फार्मुला वन जापानी ग्रांपी से पहले दूसरे अभ्यास सत्र को देखते हुए लोग।

# नवनीत कौर ने प्लेयर आफ द ईयर अवार्ड मिलने पर जताई खुशी, टीम को किया समर्पित

**नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)।**

**भारतीय महिला हाकी टीम की स्टार फारवर्ड नवनीत कौर ने हाकी इंडिया आठवें वार्षिक अवार्ड्स 2025 में प्लेयर आफ द ईयर (महिला) का प्रतिष्ठित सम्मान मिलने पर खुशी जाहिर की। उन्हें यह सम्मान हाकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर अवार्ड के तहत प्रदान किया गया।**



नवनीत कौर के लिए बीता साल बेहद शानदार रहा, जहां उन्होंने भारतीय टीम के लिए लगातार बेहतरीन प्रदर्शन किया। हैदराबाद में आयोजित एफआईएच हाकी महिला विश्व कप क्वालीफायर में उन्होंने अहम भूमिका निभाते हुए भारत को रजत पदक दिलाने में योगदान दिया। इस टूर्नामेंट में उन्होंने चार गोल किए और प्लेयर आफ द टूर्नामेंट भी चुनी गईं।

इसके अलावा महिला एशिया कप 2025 में भी नवनीत का प्रदर्शन दमदार रहा, जहां भारत ने रजत पदक जीता। इस प्रतियोगिता में उन्होंने छह गोल दागे। इसी दौरान उन्होंने अपने करियर का एक बड़ा मुकाम हासिल करते हुए 200 अंतरराष्ट्रीय मैच भी पूरे किए।

पुरस्कार मिलने के बाद नवनीत कौर ने कहा, इस सम्मान को पाकर मैं बेहद गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। यह उपलब्धि मेरी टीम के साथियों के सहयोग और विश्वास के बिना संभव नहीं थी। मैं हाकी इंडिया का भी धन्यवाद करना चाहती हूं, जो हर साल इस तरह का मंच उपलब्ध कराता है, जिससे खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलती है।

आगामी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट्स को लेकर उन्होंने कहा, आने वाला समय काफी व्यस्त रहने वाला है। नेशंस कप, वर्ल्ड कप और एशियन गेम्स जैसे बड़े टूर्नामेंट हमारे सामने हैं। हमारा कैंप जल्द शुरू होगा और हम अपनी कमजोरियों पर काम कर टीम के प्रदर्शन को और बेहतर बनाने पर ध्यान देंगे।

अपने व्यक्तिगत लक्ष्य को लेकर नवनीत ने कहा, मैं अपने खेल में लगातार सुधार करना चाहती हूं। अभी तक के प्रदर्शन से संतुष्ट हूं, लेकिन आगे और बेहतर करने की गुंजाइश है। बड़े टूर्नामेंट चार साल में एक बार आते हैं, इसलिए मैं अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए पूरी तरह तैयार हूं।

आगामी बड़े टूर्नामेंट्स को देखते हुए नवनीत कौर पूरी तरह फोकस्ड हैं और भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता दिलाने के लिए प्रतिबद्ध नजर आ रही हैं।

# नसीम शाह को मरियम नवाज पर टिप्पणी करना भारी पड़ा पीसीब ने नोटिस दिया

**लाहौर, 28 मार्च (एजेंसियां)।**



पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के तेज गेंदबाज नसीम शाह को अपनी एक पोस्ट भारी पड़ गयी है। इसमें नसीम ने पीएसएल के उद्घाटन मैच में पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज को लेकर आपत्ति जनक टिप्पणी की थी। उन्हें इसी कारण केन्द्रीय और मीडिया नियमों के उल्लंघन के आरोप में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। यह मामला पाकिस्तान सुपर लीग 2026 सत्र के उद्घाटन को है। इस पोस्ट में नसीम ने मरियम के कार्यक्रम में किए गए व्यवहार की आलोचना की थी। पीसीबी ने कहा है कि इस तेज गेंदबाज के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बोर्ड ने हालांकि ये नहीं बताया है कि किस अनुबंध की शर्त का उल्लंघन हुआ है, लेकिन यह जरूर कहा कि नसीम के जवाब की बाद में समीक्षा होगी। यह विवाद नसीम शाह के एक्स अकाउंट से पीएसएल के उद्घाटन मैच के दौरान किए गए एक पोस्ट से शुरू हुआ। इस पोस्ट में मरियम के स्टेडियम पहुंचने का वीडियो था और लिखा था, इन्हें लार्ड्स में रानी जैसा क्यों ट्रीट किया जा रहा है विवाद होने पर ये यह पोस्टडिलीट कर दी गई और बाद में कहा गया कि नसीम का अकाउंट हैक हो गया था। इस सफाई के बावजूद मामला शांत नहीं हुआ।. यह घटना और भी चर्चा में आ गई क्योंकि उद्घाटन समारोह में कई बड़े नेता मौजूद थे, जबकि पहले ही बाहरी कारणों से आम जनता की उपस्थिति सीमित करने का फैसला लिया गया था। .दूसरी ओर पीसीबी का कहना है कि तेज गेंदबाज की इस हरकत से उनके अनुबंध और मीडिया पालिसी का उल्लंघन हुआ है।. इसमें अधिकारियों, संस्थाओं या हितधारकों के खिलाफ सार्वजनिक आलोचना या अनुचित टिप्पणी करने पर रोक है। बोर्ड ने पिछले कुछ समय में खिलाड़ियों के आचरण, खासकर सार्वजनिक बयानों और राजनीतिक टिप्पणियों को लेकर सख्त रुख अपनाया है। अब यह मामला नसीम के जवाब के आधार पर आगे बढ़ेगा, जिसके बाद ही कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई तय की जाएगी। नसीम उनके अगले मैच में पेशावर जाल्मी के खिलाफ खेलते दिखेंगे।

### वनडे क्रिकेट की पहली हैट्रिक : जलालुद्दीन ने रचा था इतिहास

**नई दिल्ली।** साल 1971 में एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की शुरुआत हुई थी और तब से इस फार्मेट में कई बदलाव देखने को मिले हैं। समय के साथ बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में नए-नए कीर्तिमान बने, लेकिन कुछ रिकार्ड ऐसे होते हैं जो हमेशा इतिहास के पन्नों में दर्ज रहते हैं। ऐसा ही एक खास रिकार्ड है हैट्रिक लेने का, जो किसी भी गेंदबाज के लिए बेहद बड़ी उपलब्धि मानी जाती है। क्रिकेट में जब कोई गेंदबाज लगातार तीन गेंदों पर तीन विकेट हासिल करता है, तो उसे हैट्रिक कहा जाता है। यह न सिर्फ मैच का रुख बदलने वाला पल होता है, बल्कि गेंदबाज के करियर का भी एक यादगार क्षण बन जाता है। वनडे क्रिकेट में पहली हैट्रिक का रिकार्ड जलालुद्दीन के नाम दर्ज है। पाकिस्तान के इस तेज गेंदबाज ने साल 1982 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की थी। उस मुकाबले में जलालुद्दीन ने लगातार तीन गेंदों पर राड मार्श, ब्रूस यार्डली और ज्योफ लासन को आउट कर सनसनी मचा दी थी। उनकी इस शानदार गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने वह मैच 59 रन से जीत लिया था। जलालुद्दीन की यह हैट्रिक वनडे क्रिकेट के इतिहास में मील का पत्थर साबित हुई। इसके बाद से अब तक इस फार्मेट में कई गेंदबाजों ने हैट्रिक लेने का कारनामा किया है। आंकड़ों के अनुसार, पिछले चार दशकों में वनडे क्रिकेट में 50 से ज्यादा बार हैट्रिक देखने को मिल चुकी है, लेकिन पहली हैट्रिक का गौरव हमेशा जलालुद्दीन के नाम ही रहेगा। हालांकि, इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल करने के बावजूद जलालुद्दीन का अंतरराष्ट्रीय करियर बहुत लंबा नहीं रहा। उन्होंने पाकिस्तान के लिए टेस्ट और वनडे मिलाकर कुल 14 मैच खेले, जिनमें 25 विकेट अपने नाम किए। वहीं, फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनका प्रदर्शन बेहतर रहा, जहां उन्होंने 70 मैचों में 261 विकेट लिए।



# पेट्रोल, डीजल की कीमतों को बढ़ने से रोकने सरकार ने घटाई एक्साइज ड्यूटी

**अगले वित्त वर्ष में सरकार का राजस्व 1.3 लाख करोड़ रुपए हो सकता है कम**

नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)।

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को देखते हुए सरकार ने शनिवार को पेट्रोल और डीजल पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क में 10 रुपए प्रति लीटर की भारी कटौती की है। पेट्रोल, डीजल की कीमतों को बढ़ने से रोकने के लिए यह फैसला लिया गया है ताकि उपभोक्ताओं पर बोझ नहीं पड़े लेकिन इससे अगले वित्त वर्ष में सरकार का राजस्व करीब 1.3 लाख करोड़ रुपए कम हो सकता है। वित्त मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक पेट्रोल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क 13 रुपए प्रति लीटर से घटाकर 3 रुपए प्रति लीटर कर दिया गया है और डीजल पर यह 10 रुपए प्रति लीटर से घटाकर शून्य कर दिया है। कटौती तुरंत लागू हो गई है। सरकार ने पिछले साल अप्रैल पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 2 रुपए प्रति लीटर बढ़ाया था। सरकार ने देसी बाजार में दोनों की पर्याप्त उपलब्धता तय करने के लिए डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर एक बार फिर शुल्क लगा दिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक डीजल निर्यात पर 21.5 रुपए प्रति लीटर और एटीएफ निर्यात पर 29.5 रुपए प्रति लीटर का शुल्क लगाया है। पहले इनके निर्यात पर शुल्क नहीं था। अप्रैल 2025 से जनवरी 2026 के बीच भारत से 1.4 करोड़ टन पेट्रोल और 2.36 करोड़ टन डीजल का निर्यात किया, जिसमें बड़ा हिस्सा रिलायंस इंडस्ट्रीज का रहा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि पश्चिम एशिया संकट को देखते हुए घरेलू खपत के लिए पेट्रोल और डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में प्रति लीटर 10 रुपए की कमी की गई है। इससे उपभोक्ता कीमत में इजाफे से बच जाएंगे। सरकार के अधिकारियों का अनुमान है कि शुल्क में कटौती से अगले पंद्रह दिनों में करीब 7,000 करोड़ रुपए के राजस्व का नुकसान होगा, जिसके बाद स्थिति की समीक्षा की जाएगी। इससे संकेत मिलता है शुल्क में यह कटौती कुछ समय के लिए ही है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन ने कहा कि सरकार हर पंद्रह दिनों में डीजल और एटीएफ पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क की समीक्षा करेगी। पेट्रोल की कीमतें रोजाना बदलने वाली मूल्य व्यवस्था से तय की जाती हैं, जो कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमत, विनिमय दर और करों के पिछले 15 दिन के औसत पर काम करती है। अंतिम उपभोक्ता मूल्य में आधार मूल्य, केंद्रीय उत्पाद शुल्क, डीलर कमीशन और राज्य-स्तरीय वैट शामिल होता है। उन्होंने कहा कि शुल्क कटौती से अगले 15 दिन में इंडियन आयल कारपोरेशन, भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन जैसी तेल कंपनियों को करीब 1,500 करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय होने की उम्मीद है।

## न्यूज ब्रीफ

### बाजार में पावरफुल और मजेदार टर्बो पेट्रोल एसयूवी के विकल्प मौजूद




**नई दिल्ली।** यदि आप कम बजट में दमदार एसयूवी खरीदने के बारे में सोच रहे हैं, तो बाजार में आपके पास कई विकल्प मौजूद हैं। इन गाड़ियों में टर्बो पेट्रोल इंजन मिलता है, जो कम इंजन क्षमता के बावजूद बेहतर पावर और स्मूद ड्राइविंग एक्सपीरियंस देता है। इस लिस्ट में टाटा मोटर्स, किआ, महिंद्रा एंड महिंद्रा के माडल के साथ-साथ नई रिनाल्ट डस्टर भी शामिल है, जो एक बार फिर चर्चा में है। आज के ग्राहक सिर्फ माइलेज पर नहीं, बल्कि परफार्मेंस और ड्राइविंग अनुभव पर भी ध्यान देते हैं। टर्बो पेट्रोल इंजन वाली एसयूवी शहर और हाईवे दोनों पर मजेदार और रेस्पान्सिव ड्राइव देती हैं। स्कोडा कियाक कम बजट में एक शानदार विकल्प है। यह एमक्यूबी एओ इन प्लेटफार्म पर तैयार की गई है और इसमें 1.0 लीटर टीएसआई टर्बो पेट्रोल इंजन है, जो 118एचपी पावर और 178एनएम टार्क देता है। ट्रांसमिशन के लिए 6-स्पीड मैन्युअल और 6-स्पीड आटोमैटिक आप्शन उपलब्ध हैं। सुरक्षा के लिहाज से भी यह मजबूत है और इसे भारत एनकैप में 5-स्टार रेटिंग मिली है। कीमत लगभग 7.59 लाख से 12.99 लाख रुपये के बीच है। किआ सोनेट फीचर्स और परफार्मेंस का बेहतरीन बैलेंस देती है। इसमें 1.0 लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन है, जो 118एचपी और 172एनएम टार्क जनरेट करता है। आईएमटी और डीसीटी आटोमैटिक जैसे एडवांस ट्रांसमिशन विकल्प इसमें उपलब्ध हैं। आरामदायक सस्पेंशन और अलग-अलग वेरिएंट्स इसे 15 लाख रुपये से कम बजट में आकर्षक बनाते हैं। नई रिनाल्ट डस्टर भारतीय बाजार में एक बार फिर वापसी कर रही है। इसमें टर्बो पेट्रोल इंजन का विकल्प और नया डिजाइन मिलेगा, जो इसे मौजूदा सेगमेंट में मजबूत प्रतिस्पर्धी बनाएगा।

### ईंधन बचाने वाली 5 पेट्रोल-हाइब्रिड कारें बाजार में उपलब्ध




**नई दिल्ली ।** पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के बीच अब बाजार में पेट्रोल-हाइब्रिड कारें आ चुकी हैं, जो माइलेज के मामले में डीजल को भी टक्कर देती हैं। इनमें पेट्रोल इंजन के साथ स्मार्ट इलेक्ट्रिक मोटर होती है, जो ईंधन की बचत करती है। मारुति सुजुकी विक्टोरिस इस लिस्ट में सबसे आगे है। यह कार एक लीटर पेट्रोल में 28.6 किमी तक चलती है। 1.5-लीटर पेट्रोल इंजन और इलेक्ट्रिक मोटर का काम्बिनेशन लंबी ट्रिप के लिए इको, नार्मल और पावर तीन ड्राइविंग मोड देता है। होंडा सिटी हाइब्रिड 1.5-लीटर इंजन और दो इलेक्ट्रिक मोटरों से 125बीएचपी पावर देती है और 26.5 किमी प्रति लीटर का माइलेज देती है। इसमें लेन वाच असिस्ट जैसे स्मार्ट फीचर्स सुरक्षा में मदद करते हैं। बड़ी फैमिली के लिए टोयोटा इनोवा हाइक्रास हाइब्रिड 23.24 किमी प्रति लीटर का माइलेज देती है। इसका 2.0-लीटर इंजन फैमिली और सामान के साथ भी हाईवे पर दमदार प्रदर्शन करता है। इसमें जेबीएल साउंड सिस्टम और बड़ी सनरूफ जैसी लग्जरी सुविधाएं दी गई हैं। टोयोटा कैमरी 2.5-लीटर इंजन के बावजूद 25.49 किमी प्रति लीटर का माइलेज देती है। इसका इंटीरियर लग्जरी और आरामदायक है, जिसमें सीटें रीक्लाइन करने योग्य हैं। वोल्वो एक्ससी90 अपनी सेफ्टी और रुतबे के लिए लोकप्रिय है। 2.0-लीटर इंजन और 48वी सिस्टम ईंधन बचाने में मदद करता है। इसमें लग्जरी लेदर सीट्स और बेहतरीन सेफ्टी फीचर्स लंबे सफर को सुरक्षित बनाते हैं। ये पांच पेट्रोल-हाइब्रिड कारें अब हाईवे ट्रिप के लिए बेहतरीन विकल्प बन गई हैं।

### लंबी ट्रिप के लिए सुरक्षित और आरामदायक हैं ये 5 दमदार एसयूवी

**नई दिल्ली।** लंबी दूरी और अनजान रास्तों पर भरोसेमंद गाड़ी होना सबसे जरूरी होता है। होंडा एलीवेट अपनी



मजबूत इंजीनियरिंग और भरोसेमंद 1.5-लीटर आई-वीटेक पेट्रोल इंजन के लिए जानी जाती है। इसकी केबिन आरामदायक और ड्राइव स्मूथ है, जिससे लंबी दूरी का सफर आसान हो जाता है। टोयोटा फार्च्यूनर फुल-साइज एसयूवी में 2.8-लीटर डीजल इंजन और 4×4 विकल्प है, जो दुर्गम रास्तों और कीचड़ वाले इलाके में भी बेहतरीन प्रदर्शन देती है। इसुजु एमयू-एक्स में 1.9-लीटर टर्बोचार्ज्ड डीजल इंजन है। इसकी मजबूती इसे कठिन रास्तों के लिए आदर्श बनाती है। 4गुणा 2 और 4गुणा4 विकल्प लंबी ट्रिप में सुरक्षा और नियंत्रण सुनिश्चित करते हैं। स्कोडा कोडियाक प्रीमियम एसयूवी है, जिसमें 2.0-लीटर टीएसआई टर्बोचार्ज्ड पेट्रोल इंजन और एडब्ल्यूडी सिस्टम दिया गया है, जो पहाड़ी और फिसलन वाले रास्तों पर बेहतरीन ग्रिप देता है।

# रुपया रिकार्ड गिरावट पर, विदेशी भंडार का पहरा आरबीआई संभालेगा

**विदेशी दबाव और निवेशक आउटफ्लो के चलते आरबीआई का आर्थिक संतुलन चुनौतीपूर्ण**

नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)।


**भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) इस समय ऐतिहासिक चुनौती का सामना कर रहा है। ईरान और इजराइल के बीच युद्ध, वैश्विक तेल की बढ़ती कीमतें और विदेशी निवेशकों के अचानक अरबों डालर की निकासी ने भारतीय अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ा दिया है। रुपये की गिरावट रिकार्ड स्तर तक पहुंच चुकी है, वहीं विदेशी मुद्रा भंडार को सुरक्षित रखना भी अनिवार्य हो गया है। आम आदमी की जेब, उद्योग और सरकार- सब इस अस्थिरता से सीधे प्रभावित हैं। आरबीआई के सामने दो विकल्प हैं: या तो रुपये को स्थिर रखें, जिससे घरेलू नकदी और ब्याज दरों पर असर पड़ेगा, या विदेशी मुद्रा भंडार की रक्षा करें, जिससे रुपये में गिरावट आ सकती है।**



विशेषज्ञों का मानना है कि मौजूदा परिस्थितियों में आरबीआई शायद रुपये की कुछ कमजोरी सहन करके विदेशी मुद्रा भंडार को प्राथमिकता देगा, ताकि लंबी अवधि में देश की आर्थिक स्थिरता सुरक्षित रह सके। ईरान और इजराइल के बीच युद्ध और वैश्विक तेल की बढ़ती कीमतों ने भारतीय अर्थव्यवस्था पर अप्रत्याशित दबाव डाला है। विदेशी निवेशकों ने मार्च में 12.1 अरब डालर निकाल लिए, जो एक महीने में अब तक का सबसे बड़ा आउटफ्लो है। इस वजह से रुपये की गिरावट 74 के स्तर तक पहुंच गई, जबकि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को विदेशी मुद्रा भंडार और रुपये की स्थिरता के बीच संतुलन बनाए रखना मुश्किल हो गया है। भारत के कुल विदेशी मुद्रा भंडार 13 मार्च तक 710 अरब डालर था, जिसमें मुख्य रूप से विदेशी मुद्राएं, सोना, विशेष निकासी सुविधा (एसडीआर) और आईएमएफ में विशेष ट्रेंच पोजिशन शामिल हैं। सोना लगभग कभी बेचा नहीं गया और एसडीआर या ट्रेंच पोजिशन की सीमा सीमित है। इसका मतलब यह है कि वास्तविक तौर पर आरबीआई के पास विदेशी मुद्राओं का मुख्य भंडार ही इस्तेमाल करने योग्य है।

आरबीआई के पास रुपये की गिरावट को रोकने के दो विकल्प हैं। पहला, हाजिर बाजार में विदेशी मुद्रा बेचकर रुपये को खरीदना, जिससे रुपये की कीमत स्थिर हो सकती है लेकिन घरेलू नकदी कम हो जाएगी और ब्याज दरों में वृद्धि का खतरा बढ़ेगा। दूसरा, फारवर्ड या फ्यूचर मार्केट में मुद्रा बेचना, जिससे रुपये की गिरावट रोकी जा सकती है और ब्याज दरों पर असर नहीं पड़ेगा। जनवरी से अब तक आरबीआई ने लगभग 68 अरब डालर फारवर्ड मार्केट में बेचे, जिससे विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 500 अरब डालर तक घट गया। हालांकि रुपये की गिरावट आम आदमी और उद्योग दोनों पर असर डालती है, लेकिन वर्तमान वैश्विक अस्थिरता और उच्च आयात बिल के दबाव में आरबीआई के लिए विदेशी मुद्रा भंडार को बचाए रखना अहम हो गया है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि रुपये की गिरावट अभी 97 तक जा सकती है। इसलिए, आरबीआई संभवतः रुपये की कुछ गिरावट सहन कर विदेशी मुद्रा भंडार को प्राथमिकता देगा। इस स्थिति में रुपये में गिरावट का सीधा असर आम आदमी की जेब पर दिखाई देगा। ईंधन, आयातित वस्तुएं और महंगाई बढ़ सकती है। वहीं यदि आरबीआई विदेशी मुद्रा भंडार की रक्षा में सफल रहता है, तो देश लंबे समय तक अंतरराष्ट्रीय भुगतान और आयात बिल की जरूरतों को पूरा कर सकेगा।

# जेवर एयरपोर्ट से यमुना एक्सप्रेस-वे के आसपास जमीन के दाम बढ़ने की उम्मीद



नोएडा, 28 मार्च (एजेंसियां)।

**नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन से यमुना एक्सप्रेस-वे के आसपास जमीन के दाम बढ़ने के आसार हैं। बाजार विश्लेषकों और डेवलपरों का कहना है कि रिहायशी और औद्योगिक दोनों इकाइयों की कीमतों में इजाफा होगा जिसका असर नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बाजारों पर भी पड़ेगा। रियल एस्टेट सलाहकार फर्म कालियर्स के आंकड़ों के मुताबिक यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में अगले दो सालों में भूखंड के दाम करीब 28 फीसदी और अपार्टमेंट की कीमतें करीब 22 फीसदी बढ़ने की उम्मीद है।**

**एसईजेड के कुछ सेक्टरों में दरें पहले ही करीब 8,000 रुपए प्रति वर्ग फुट पहुंची**

जेवर भी इसी इलाके में स्थित है जहां नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन होना है। रिपोर्ट के मुताबिक जेवर हवाई अड्डे की घोषणा 2021 में की गई थी। उसके बाद से ही इस क्षेत्र के रियल एस्टेट में काफी हलचल रही है। पिछले पांच सालों में यीडा इलाके के अपार्टमेंट की कीमतें करीब तीन गुना बढ़ चुकी हैं। कीमतें 2020 में 3200 रुपए प्रति वर्ग फुट से बढ़कर 2025 में 9,600 रुपए प्रति वर्ग फुट दर्ज की गईं। नैशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल (नरेडको) के अध्यक्ष ने कहा कि यमुना एक्सप्रेस-वे एसईजेड के कुछ सेक्टरों में दरें पहले ही करीब 8,000 रुपए प्रति वर्ग फुट तक पहुंच चुकी हैं। उन्होंने कहा कि यह काफी अहम है। खास तौर पर यह देखते हुए कि जेवर के प्रभाव वाले इलाकों जमीन के दाम पिछले पांच सालों में करीब 40 फीसदी बढ़ चुके हैं।

## नए फोन रियलमी 16 5जी जल्द होगा लॉन्च





**नई दिल्ली।** चायनीज कंपनी रियलमली जल्द ही अपने नए फोन रियलमी 16 5जी को लान्च करने जा रही है, जिसमें भारत का पहला सेल्फी मिरर फीचर दिया गया है। इसे सेल्फी मिरर फोन के नाम से टीज किया गया है। अब यूजर पीछे वाले कैमरे से भी आसानी से शानदार सेल्फी ले सकेंगे। फोन के रियर कैमरा माड्यूल के साथ एक छोटा मिरर जुड़ा होगा, जिससे खुद को देखकर हाई क्वालिटी फोटो क्लिक की जा सकेगी। रियलमी 16 5जी का डिजाइन भी यूनिक और प्रीमियम बताया जा रहा है। पीछे की तरफ लंबा कैमरा बार दिया गया है, जो पिक्सल और आईफोन जैसी याद दिलाता है। कंपनी इसे एयर डिजाइन कह रही है, यानी फोन हल्का और पकड़ने में आरामदायक रहेगा। कलर चेंजिंग फिनिश इसे और स्टाइलिश बनाती है। फोन के कैमरा सेटअप पर खास फोकस है। इसमें 50एमपी का सोनी आईएमएक्स 852 मेन कैमरा और 2एमपी सेकेंडरी सेंसर दिए जाने की संभावना है। साथ ही 50एमपी का फ्रंट कैमरा भी मिलेगा। सेल्फी मिरर फीचर के साथ यह सेटअप यूजर्स को नया डिजिटल अनुभव देगा।

# भारतीय घरों में रखे सोने का मूल्य 5 ट्रिलियन डालर के पार, वैल्यू जीडीपी से ज्यादा

**गहने खरीदने में चीन को पीछे छोड़ भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बना**

नई दिल्ली, 28 मार्च (एजेंसियां)।




सोने की कीमतों में आई रिकार्ड तोड़ तेजी के कारण भारतीय घरों में रखे सोने का कुल मूल्य अब 5 ट्रिलियन डालर यानी करीब 450 लाख करोड़ रुपए के पार हो गया है। भारतीय घरों में रखे सोने की वैल्यू अब भारत की जीडीपी का करीब 125फीसदी हो गई है। आईएमएफ के वर्ल्ड इकोनामिक आउटलुट के मुताबिक 2025-26 के लिए भारत की नामिनल जीडीपी 4.125 ट्रिलियन डालर रहने का अनुमान लगाया गया है। रिकार्ड कीमतों के कारण घरेलू सोना ही भारत की सबसे बड़ी संपत्ति बन गया है। इस वृद्धि के साथ भारत सोने के गहने खरीदने में चीन को पीछे छोड़ दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बन गया है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक जनवरी 2026 तक भारतीय परिवारों के पास मौजूद सोने का मूल्य अब बाम्बे स्टाक एक्सचेंज के कुल मार्केट कैप के करीब पहुंच गया है। जहां बीएसई का कुल बाजार पूंजीकरण 460 लाख करोड़ है, वहीं घरों में रखे सोने की कीमत 445 लाख करोड़ रुपए आंकी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अब यह सोना भारतीय परिवारों की गैर-रियल एस्टेट संपत्ति का करीब 65फीसदी हिस्सा बन चुका है। भारतीय अब बैंक या शेयर बाजार से ज्यादा सोने पर भरोसा कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक घरों में रखे सोने का मूल्य उनके कुल बैंक डिपाजिट और इक्विटी निवेश के संयुक्त मूल्य का करीब 175फीसदी है। पिछले पांच सालों में भारतीय घरों में रखे सोने की वैल्यू में जोरदार इजाफा हुआ है। मार्च 2019 में जिस सोने की वैल्यू 109 लाख करोड़ रुपए थी, वह जनवरी 2026 तक चार गुना से ज्यादा बढ़कर 445 लाख करोड़ रुपए हो गई है। यह रिपोर्ट भारतीय घरों में रखे सोने को अर्थव्यवस्था के लिए एक चुनौती के रूप में देखती है। विशेषज्ञों का कहना है कि हर साल भारी मात्रा में सोने की खरीद असल में वित्तीय बचत जैसे बैंक जमा को भौतिक संपत्तियों में बदलने जैसा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### पाक...

इशाक डार ने संकेत दिया कि ईरान के साथ बातचीत का सिलसिला लगातार जारी है, लेकिन चर्चा की संवेदनशीलता को देखते हुए फिलहाल कोई सार्वजनिक बयान नहीं दिया जा रहा है। पाकिस्तान ने यह भी पुष्टि की है कि वह अमेरिका और ईरान के बीच संदेश पहुंचाने (मध्यस्थता) का काम कर रहा है। पाकिस्तान का मानना है कि पश्चिम एशिया के संघर्ष को समाप्त करने का एकमात्र रास्ता संवाद और कूटनीति ही है।

विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने कहा कि पाकिस्तान ईरान युद्ध को शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त करने के लिए क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय देशों के साथ सक्रिय और रचनात्मक रूप से जुड़ा हुआ है। हालांकि, उन्होंने इस सप्ताह के अंत में इस्लामाबाद में किसी आमने-सामने की बातचीत की संभावना की स्पष्ट पुष्टि नहीं की, लेकिन यह जरूर कहा कि पाकिस्तान लगातार तत्काल तनाव कम करने, शत्रुता समाप्त करने और शांतिपूर्ण समाधान की वकालत कर रहा है।

### इमरान के...

उन्होंने कहा, हम इस संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद से अनुरोध करते हैं कि वह पाकिस्तान से इमरान खान के खिलाफ उत्पीड़न को तुरंत समाप्त करने को कहे। सरकार को संयुक्त राष्ट्र वर्किंग ग्रुप की राय का पालन करते हुए उन्हें रिहा करना चाहिए।

मंत्रियों ने आरोप लगाया कि कासिम और उनके सहयोगियों का मकसद पाकिस्तान के जीएसपी प्लस दर्जे को खत्म करना है। उन्होंने दावा किया कि यह पाकिस्तान विरोधी समूह यूरोपीय संघ में इजरायली लॉबी और प्रतिबंधित बीएलए से जुड़े तत्वों के साथ मिलकर काम कर रहा है। मंत्रियों ने कहा कि जीएसपी प्लस दर्जा मिलने के बाद पाकिस्तान के निर्यात में 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिससे कपड़ा उद्योग को बड़ा फायदा हुआ और हजारों नौकरियां पैदा हुई हैं। मंत्रियों ने यह भी आरोप लगाया कि पीटीआई अपने राजनीतिक हितों के लिए जनता की आजीविका छीनने की कोशिश कर रही है। मानवाधिकार उल्लंघन के आरोपों पर जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि मरयम नवाज को पीटीआई सरकार के दौरान उनके पिता नवाज शरीफ के सामने गिरफ्तार किया गया था।

**राष्ट्रीय हितों को नुकसान नहीं पहुंचाया : पीटीआई**

हालांकि, पीटीआई ने सरकार के आरोपों को खारिज कर दिया है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के प्रवक्ता शेख वकास अकरम ने कहा कि न तो कासिम और न ही जुल्फी बुखारी ने ऐसा कोई बयान दिया है जिससे पाकिस्तान के राष्ट्रीय हितों को नुकसान पहुंचे। उन्होंने कहा कि कासिम का भाषण लाइव प्रसारित हुआ था और उसमें जीएसपी प्लस के खिलाफ एक शब्द भी नहीं कहा गया।यूरोपीय संघ के अनुसार, जनरलाइज्ड स्कीम ऑफ प्रेफरेंसेस प्लस एक स्पेशल इंसेंटिव स्कीम है, जो विकासशील देशों को सस्टेनेबल डेवलपमेंट और गवर्नेंस को बढ़ावा देने के बदले उनके दो-तिहाई निर्यात उत्पादों पर आयात शुल्क में छूट प्रदान करती है।

### सऊदी एयर...

ईरान ने संयुक्त राष्ट्र के अनुरोध को स्वीकार करते हुए हॉर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से मानवीय सहायता और कृषि शिपमेंट को गुजरने की अनुमति दे दी है। जेनेवा में संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत अली बहरीनी ने कहा कि ईरान इस तरह की आवाजाही को सुगम और त्वरित बनाने के लिए सहमत है।

हॉर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के तेल शिपमेंट का पांचवां हिस्सा और उर्वरक व्यापार का लगभग एक-तिहाई हिस्सा संभालता है। उर्वरक सामग्री और व्यापार पर प्रतिबंधों से दुनिया भर में खेती और खाद्य सुरक्षा को बड़ा खतरा पैदा हो गया था। राजदूत बहरीनी ने कहा कि यह उपाय मानवीय प्रयासों का समर्थन करने की ईरान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है ताकि आवश्यक सहायता बिना किसी देरी के जरूरतमंदों तक पहुंच सके।

### राजनाथ सिंह की ...

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि स्थिति लगातार बदल रही है, जिसके लिए निरंतर निगरानी और अनुकूल रणनीतियों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि 3 मार्च से एक अंतर-मंत्रालयी समूह कार्यरत है, जो प्रतिदिन स्थिति की समीक्षा कर समय पर निर्णय ले रहा है।

उन्होंने इस बात पर बल दिया कि सरकार की प्राथमिकताएं आर्थिक और व्यापारिक स्थिरता बनाए रखना, ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना, नागरिकों के हितों की रक्षा करना और उद्योग एवं आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करना है। राज्यों की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि निर्णयों का प्रभावी कार्यान्वयन राज्य स्तर पर होता है। उन्होंने केंद्र और राज्यों के बीच निरंतर संचार और समन्वय के साथ-साथ समय पर सूचनाओं के आदान-प्रदान और संयुक्त निर्णय लेने का आह्वान किया, ताकि प्रतिक्रियाएं त्वरित और सुव्यवस्थित हों।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345



शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव 31 को : श्री जैन सेवा संघ

**हैदराबाद, 28 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्री जैन सेवा संघ मार्गदर्शक मंडल (सलाहकार परिषद) के अध्यक्ष योगेश कुमार सिंघी ने घोषणा की कि जैन धर्म के श्वेतांबर और दिगंबर दोनों संप्रदायों के लिए सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक भगवान महावीर जयंती, जो भगवान महावीर की 2625वीं जयंति का प्रतीक है, का आयोजन 31 मार्च 2026 को हैदराबाद में भव्य तरीके से किया जाएगा।



शनिवार को हैदराबाद के बशीर बाग स्थित देशोद्धारक भवन में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, श्री जैन सेवा संघ के अध्यक्ष उमेश बागरेच्छा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैलाश भंडारी, उपाध्यक्ष विनोद मखाना, सचिव विमल मूथा, कोषाध्यक्ष सुरेश सुराणा, संयुक्त सचिव योगेश सोनी, मुख्य संयोजक सुनील कावडिया, दिलीप भंडारी और दिलीप शेटिया तथा कार्यकारिणी समिति के सदस्य अशोक मूथा, मनोज तातेड, राकेश सुराणा और महावीर तातेड की उपस्थिति में श्री सिंघी ने श्री जैन सेवा संघ द्वारा किए गए उल्लेखनीय सेवा कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने उल्लेख किया कि एक स्वैच्छिक संगठन के रूप में संघ तेलंगाना में जैन समुदाय के साथ-साथ आम जनता को भी असाधारण सहायता प्रदान करता है। इन सेवाओं में प्राकृतिक आपदाओं के समय पीड़ितों की मदद, वंचित छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करना और ग्रामीण क्षेत्रों में जहां स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी है, निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन शामिल है।

उन्होंने बताया कि महावीर जयंती विश्वभर में जैनियों द्वारा मनाया जाने वाला सबसे बड़ा जैन त्योहार है और ये उत्सव जैन धर्म के संस्थापक और 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की स्मृति में आयोजित किए जाते हैं। घोषणा की गई कि भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव (जयंति समारोह) का 2625वां संस्करण 31 मार्च 2026 को मंगलवार को सुबह 10:30 बजे हैदराबाद के प्रदर्शनी स्थल (एक्सिबिशन ग्राउंड्स) में भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा। जियो और जीने दो के उदात्त मंत्र का पालन करते हुए, भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में एक भव्य शोभा यात्रा 31 मार्च को सुबह 8:30 बजे हैदराबाद के फीलखाना स्थित जैन मंदिर से प्रारंभ होगी। हजारों भक्तों से युक्त यह शोभा यात्रा मोजम जही मार्केट के रास्ते आगे बढ़ेगी और सुबह 10:30 बजे प्रदर्शनी स्थल पर पहुंचने का कार्यक्रम है। यह भी उल्लेख किया गया कि श्री जैन सेवा संघ के तत्वावधान में आयोजित इन उत्सवों में हैदराबाद, सिकंदराबाद और बोलारम में निवास करने वाले एक लाख से अधिक जैन समुदाय के सदस्यों के भाग लेने की उम्मीद है।

इस अवसर पर यह भी घोषणा की गई कि उसी दिन प्रदर्शनी स्थल पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, निःशुल्क चुंबक और एक्यूप्रेशर शिविर, रक्तदान शिविर और अन्य चिकित्सा सेवाएं जैसे कई जन-कल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस समारोह में मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के शामिल होने की संभावना है। योगेश कुमार सिंघी ने घोषणा की कि विधायक (संत नगर) तलसानी श्रीनिवास यादव, तेलंगाना राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य हिमांशु बापना और विश्व हिंदू परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष हुकुमचंदजी सावल भी कार्यक्रम में भाग लेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि प्रख्यात भजन गायक भक्ति गीत प्रस्तुत करेंगे और जैन साधु, साध्वियां, जैन आचार्य, संत और अन्य प्रमुख हस्तियां इस अवसर पर अपनी दिव्य उपस्थिति से कार्यक्रम को गौरवान्वित करेंगीं।




# एसडी सिग्नोडिया कॉलेज में एमबीए विभाग ने मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान

**हैदराबाद, 28 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल शिक्षा समिति द्वारा संचालित एस. डी. सिग्नोदिया कॉलेज के एम.बी.ए. विभाग द्वारा मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में एक विशेष समारोह आयोजित किया गया।



प्रेस को जारी विज्ञप्ति में विभाग के कोरेस्पोंडेंट मुकुंद लाल अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि उस्मानिया यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित प्रथम वर्ष प्रथम सेमेस्टर परीक्षा में विभाग की छात्रा निकिता पवार ने सभी 7 विषयों में आउटस्टैंडिंग ग्रेड प्राप्त कर विभाग का नाम रोशन किया।

इसके अतिरिक्त जी. ज्योति, हाजीरा बतुल, स्नेहा अग्रवाल और कृष गाड़िया को 6 विषयों में आउटस्टैंडिंग तथा एक विषय में ए-प्लस ग्रेड प्राप्त हुआ।

विभाग की निदेशिका प्रोफेसर पल्लवी के. रंगनाथ ने विद्यार्थियों से आगामी माह आयोजित होने वाले एम.बी.ए. एवं एम.सी.ए. विभाग के रजत जयंती समारोह के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया।

उन्होंने बताया कि वर्तमान कोरेस्पोंडेंट मुकुंद लाल अग्रवाल वर्ष 2001 में जब यह पाठ्यक्रम प्रारंभ हुआ था, तब भी दोनों विभागों के कोरेस्पोंडेंट तथा अग्रवाल शिक्षा समिति के मानद मंत्री थे और आज 25 वर्ष पूर्ण होने पर भी उनके नेतृत्व में ही दोनों विभाग रजत जयंती समारोह मना रहे हैं।

कॉलेज के प्राचार्य सी. एच. दलपड़ाल ने विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों पर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

कोरेस्पोंडेंट मुकुंद लाल अग्रवाल ने मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए सभी छात्रों को आगामी तीनों सेमेस्टर की परीक्षाओं में भी सभी विषयों में आउटस्टैंडिंग ग्रेड प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ जीवन में उन्नति हेतु स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर उसी दिशा में निरंतर कार्य करने का संदेश दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में

कोरेस्पोंडेंट मुकुंद लाल अग्रवाल, प्रधानाचार्य सी. एच. दलपड़ाल, निदेशिका प्रोफेसर पल्लवी के. रंगनाथ, सहायक प्रोफेसर वेंकटेश, सत्यजीत सिंह, रश्मिता, पद्मजा, लाइब्रेरियन सीनू, कार्यालय प्रभारी सुनयना, मनोज तथा अन्य कर्मचारीगण भी उपस्थित थे।

# राधे-राधे ग्रुप का अन्नदान बना प्रेरणा: गुरवीर सिंह बोले- सेवा ही सच्चा धर्म



**हैदराबाद, 28 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में नामपल्ली स्थित पब्लिक गार्डन, पिलर नंबर 1265 ए के पास नियमित अन्नदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जरूरतमंद, गरीब एवं निराश्रित लोगों को भोजन वितरित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से समाज में सेवा, करुणा और मानवता का संदेश प्रसारित हुआ।इस अवसर पर सरदार गुरवीर सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए राधे-राधे ग्रुप के सेवा कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आज के दौर में निःस्वार्थ भाव से किया गया सेवा कार्य ही सच्चा धर्म है। संस्था द्वारा निरंतर किया जा रहा अन्नदान समाज के लिए प्रेरणादायक है और यह अन्य लोगों को भी परोपकार के मार्ग पर चलने के लिए प्रोत्साहित करता है।

कार्यक्रम के दौरान ग्रुप के सक्रिय सदस्य सुरेश डालमिया जी का जन्मदिन भी सेवा भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उनका सम्मान किया गया तथा जरूरतमंदों को भोजन कराकर जन्मदिन मनाने की परंपरा ने एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया।इस अवसर पर राम प्रकाश अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, जगन एलाकुर्ती, मनीष चिंडालिया, भगतराम गोयल, बाकर राम कुमावत, कमला देवी कुमावत, संजय गोयल, किरण गोयल, महेश अग्रवाल, महेश गुप्ता, मनीष अग्रवाल, निशा गुप्ता, सुरेश डालमिया एवं चाँदमल सोनी सहित राधे-राधे ग्रुप के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद में हिंदी कार्यशाला का आयोजन



**हैदराबाद, 28 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रमों के लक्ष्यों को पूरा करने तथा कार्यपालकों/कर्मचारियों में हिंदी के व्यावहारिक ज्ञान को दैनिक कार्यालयीन कार्यों में उपयोग में लाने के उद्देश्य से एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन आज दिनांक 28.03.2026 को प्रतिभूति मुद्रणालय के सभा गृह में किया गया।

कार्यशाला का उद्घाटन श्री एस आर वाजपे, महाप्रबंधक ने किया, इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने अतिथि वक्ता डॉ. सौरभ कुमार, हिंदी अधिकारी, सीएसआईआर-आईआईसीटी का स्वागत करते हुए बताया कि दक्षिण क्षेत्र में मेरी तैनाती के पश्चात सरकारी कामकाज में हिंदी की प्रगति भी मेरे कई लक्ष्यों में से एक लक्ष्य रहा है। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों से अपील करते हुए कहा की कार्यशाला के पश्चात निश्चित रूप से आपकी मानसिकता में बदलाव आएगा तथा आप अपने साथी व अधीनस्थ कर्मचारियों को भी हिंदी में कार्य करने के लिए प्रेरित करेंगे, कार्यशाला की सार्थकता इसी में है कि इस प्रशिक्षण के पश्चात आप सभी सरकारी कार्य हिंदी में निपटाने के प्रयास करेंगे।

हिंदी कार्यशाला की जानकारी एवं उद्देश्य स्पष्ट करते हुए श्री मेहुल राठोड़, प्रबंधक मानव संसाधन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यशाला को दो सत्रों में विभाजित किया गया है, प्रथम सत्र में भारत सरकार की राजभाषा नीति एवं सांविधिक उपबंधों, अधिनियमों एवं नियमों की जानकारी दी जाएगी तथा हिंदी के प्रति सरकारी कर्मचारियों के उत्तरदायित्व से सभी को अवगत करवाया गया। द्वितीय सत्र में सरकारी तंत्र में सम्प्रेषण की महत्ता, पत्राचार के प्रकार व नवीनतम हिंदी टूल का उपयोग करते हुए सरकारी काम-काज में हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने के उपाय साझा किए गए व अभ्यास करवाया गया।

विशेषज्ञ अतिथि वक्ता तथा संकाय के रूप के उपस्थित डॉ सौरभ कुमार ने कार्यशाला के दोनों सत्र आडिओ-विजुअल एवं परस्पर संवादात्मक रूप में सम्पन्न किया। जिन्होंने बड़े ही व्यावहारिक रूप में विषय की जानकारी दी तथा कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान किया तथा प्रशिक्षार्थियों द्वारा किए गए अभ्यास का पुनरीक्षण किया। इस अवसर पर श्री आ. दुर्गा प्रसाद अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन भी उपस्थित रहें, श्री संतोष साव, पर्यवेक्षक राजभाषा के धन्यवाद प्रस्ताव से कार्यशाला का समापन हुआ।

# महावीर इंटरनेशनल हैदराबाद द्वारा शीतल जलशाला स्थापित

## गर्मी से राहत के लिए दो माह तक चलेगी प्याऊ सेवा, जरूरतमंदों को वितरित किए छाते व कपड़े की थैलियां

**हैदराबाद, 28 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** महावीर इंटरनेशनल हैदराबाद केंद्र द्वारा सुल्तान बाजार में मेट्रो पिलर संख्या 1209 के पास राहगीरों की सुविधा हेतु शीतल जलशाला (प्याऊ) का उद्घाटन किया गया।



एमआई मीडिया पब्लिसिटी कन्वीनर शीतल बरलोटा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, हैप्पी क्लब फाउंडेशन के सौजन्य से यह जलशाला आगामी दो माह तक संचालित की जाएगी, जिसके संयोजक शील कुमार जैन हैं।महावीर इंटरनेशनल हैदराबाद के चेयरमैन एवं गवर्निंग काउंसिल सदस्य वीर विनोद संचेती ने उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर हैप्पी क्लब फाउंडेशन के अध्यक्ष सीए मधुसूदन अग्रवाल, सचिव राम अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अरविंद नाहर तथा अन्य सदस्यों का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया।ठंडे प्याऊ का उद्घाटन महावीर इंटरनेशनल हैदराबाद एवं हैप्पी क्लब फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पार्षद डॉ. सुरेखा ओम प्रकाश का महावीर इंटरनेशनल एवं हैप्पी क्लब फाउंडेशन द्वारा सम्मान किया गया।डॉ. सुरेखा ने अपने संबोधन में कहा कि महावीर इंटरनेशनल पिछले आठ वर्षों से राहगीरों के लिए ठंडे जल की सेवा कर रहा है, जो अत्यंत पुण्य का कार्य है। उन्होंने संस्था के कपड़े की थैली अभियान की सराहना करते हुए सिंगल-यूज़ प्लास्टिक से बचने की अपील भी की और भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य जारी रखने के लिए संस्था की प्रशंसा की।

इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल द्वारा जरूरतमंदों में बड़े छाते (कैनेपी) तथा कपड़े की थैलियों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में जोन चेयरमैन विनय जांगड़ा और सचिव राखी बाफना अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।कार्यक्रम में महावीर इंटरनेशनल रीजन 10 के सचिव शील कुमार जैन,मेंबरशिप सेंटर डेवलपमेंट इंटरनेशनल डायरेक्टर सीमा शील कुमार जैन,

वाइस चेयरमैन व गवर्निंग काउंसिल सदस्य अजय नाहटा, सचिव कल्पना बरलोटा, कोषाध्यक्ष अनिल बोहरा, प्रीतेश बोहरा, कुशल बरलोटा, मनोज नाहटा, वंदना बोहरा, अनीता खिवसंरा, मधु सुराणा, साधना सिसोदिया, तनिषा जैन सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे। अंत में सचिव कल्पना बरलोटा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# सोलिटेयर हारमोनी में धूमधाम से मनाया गया राम नवमी उत्सव

**हैदराबाद, 28 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** विठ्ठलराव नगर, माधापुर स्थित सोलिटेयर हारमोनी में कल रामनवमी के शुभ अवसर पर भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया।इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से भगवान श्रीराम का पूजन-अर्चन किया तथा भजन-कीर्तन के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने मिलकर भगवान के जन्मोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया।



कार्यक्रम में अरुणा गुप्ता, सरोज अग्रवाल, मीता, नम्रता, नीलिमा,

जानकी रंगराजन जी, भाग्यलक्ष्मी, श्रीदेवी, लता अग्रवाल, पूनम, चेतन्या, माधवी, रमा, भारती तथा अन्य गणमान्य श्रद्धालु उपस्थित रहे और सभी ने श्रद्धा पूर्वक रामजी का जन्मोत्सव मनाया।

# महाशताकधान कार्यक्रम का पोस्टर विमोचित



**हैदराबाद, 28 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हैदराबाद में प्रस्तावित बेगम बाजार स्थित पशु चिकित्सालय परिसर में शनिवार को सुप्रसिद्ध जंतु-प्रेमी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीमती मेनका संजय गांधी के करकमलों द्वारा आगामी 5 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाले महाशताकधान कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन किया गया।यह महाशताकधान कार्यक्रम 5 अप्रैल 2026 को प्रातः 8:30 बजे ऊँ कल्याण मंडप में आयोजित किया जाएगा, जिसमें बालमुनिराज श्री नमिचंद्रसागरजी म.सा. एवं श्री नेमीचंद्रसागरजी म.सा. द्वारा कार्यक्रम सम्पन्न कराया जाएगा।यह आयोजन जैन इंटरनेशनल विद्यापीठ, हैदराबाद-सिकंदराबाद के प्रेरक एवं मार्गदर्शक परम पूज्य मुनि अभिनंदनचंद्रसागरजी म.सा. की पावन निश्रा में संपन्न होगा।आयोजकों के अनुसार महाशताकधान कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से विशिष्ट महानुभावों तथा समाज के सभी वर्गों के लोगों को आमंत्रित किया गया है और उनके बड़ी संख्या में सम्मिलित होने की संभावना है।

विमोचन समारोह में हितेश गुथा, जे.आई.वी. स्कूल के ट्रस्टी विक्रम श्रीश्रीमाल, लव फॉर काऊ के जसमत पटेल, जीएचएसपीसीए के सुरेंद्र भंडारी, दिनेश आंचलिया, दत्ता जोशी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# अन्नदान से समाज सेवा का संदेश : महेश गोयल



**हैदराबाद, 28 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में बेगम बाजार स्थित भू देवी माता मंदिर के पास गौशाला के सामने नियमित अन्नदान कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

इस सेवा कार्य के माध्यम से जरूरतमंदों को भोजन वितरित कर मानवता और सेवा का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर महेश गोयल ने कहा कि राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद सभी को साथ लेकर सेवा कार्य कर रहा है, जिसमें हर व्यक्ति की सहभागिता रहती है। उन्होंने कहा कि अन्नदान के रूप में सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है, जो समाज में सहयोग और भाईचारे की भावना को मजबूत करता है। इस अवसर पर जगत नारायण अग्रवाल, महेश अग्रवाल,महेश गोयल, गोविंद राम पचेरिया, अनिल अग्रवाल, मीना गोयल, ज्योति अग्रवाल, रेणु शर्मा आदि उपस्थित थे।

# महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर श्री अजित पार्श्व युवा संगठन के विविध कार्यक्रम

**हैदराबाद, 28 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में श्री अजित पार्श्व युवा संगठन द्वारा विभिन्न धार्मिक एवं सेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष पदम कोठारी एवं मंत्री जयेश शाह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सभी सदस्यों से परिवार एवं इष्ट-मित्रों सहित कार्यक्रमों में उपस्थित होकर उन्हें सफल बनाने का आग्रह किया है।

रविवार, 29 मार्च 2026 को कार्यक्रमों की शुरुआत प्रातः 7:01 बजे प्रभात फेरी से होगी, जो श्री श्वेताम्बर जैन मंदिर, कोठी से प्रारंभ होकर श्री जैन सेवा संघ भवन, रामकोट तक जाएगी।



इसके पश्चात प्रातः 8:01 बजे गांधी ज्ञान मंदिर में जलशाला का उद्घाटन किया जाएगा। इस जलशाला के लाभार्थी श्रीमती हुल्लासीबेन भबूतमलजी ललवाणी परिवार रहेंगे।

प्रातः 9:01 बजे से श्री जैन सेवा संघ भवन, रामकोट में संगीतमय नवकार महामंत्र जाप का आयोजन होगा। कार्यक्रम के पश्चात श्री जैन सेवा संघ द्वारा संघ भवन में अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई है।

मध्यान्ह 11:31 बजे से श्री जैन मंदिर, कोठी के सामने महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा।इस कार्यक्रम के मुख्य लाभार्थी श्री गणपतरायजी – सुभाष रानी जैन होंगे।

सोमवार, 30 मार्च 2026 को महिला विभाग द्वारा गौ सेवा का आयोजन किया जाएगा।

मंगलवार, 31 मार्च 2026 को नुमाइश मैदान में फिजियो-थेरेपी कैंप आयोजित किया जाएगा, जो श्री जैन रत्न सुरेन्द्र-शशिबाला लूणिया ट्रस्ट के सौजन्य से आयोजित होगा।

संस्था पदाधिकारियों ने सभी समाज बंधुओं से अपील की है कि वे इन धार्मिक एवं सेवा कार्यक्रमों में अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव को भव्य एवं सफल बनाएं।

# कवि गोष्ठी में लोक लहर पत्रिका पर मूल्यांकन व विचार-विमर्श आज

**हैदराबाद, 27 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** नगरद्वय के कवियों की सक्रिय और लोकप्रिय संस्था गीत चाँदनी द्वारा संचालित सीता युद्धवीर पुस्तकालय एवं शोध संसथान के तत्वावधान में प्रतिमास की मूल्यांकन कवि गोष्ठी क्रम-342 का आयोजन रविवार, 28 मार्चको दिन में 1-00 बजे से मौज़मजाही मार्केट स्थित आरोग्य हॉस्पिटल, कैलाश डायग्नोस्टिक सेंटर के सेलार सभागृह में संपन्न होगा।

इस माह की गोष्ठी का विशेष आकर्षण रहेगा नयी दिल्ली से राजेंद्र शर्मा के संपादन में प्रकाशित होने वाली लोक लहर (भारत की कम्युनिस्ट पार्टी : माक्सवादीका साप्ताहिक मुखपत्र)। पत्रिका का प्रकाशन वर्ष 48, अंक : 13 (23 मार्च से 29 मार्च, 2026)। अंक में प्रकाशित सामग्री पर हैदराबाद के सुप्रसिद्ध साहित्यकार मूल्यांकन प्रस्तुत करेंगे। गीत चाँदनी के कार्यदर्शी एवं गोलकोण्डा दर्पण के संपादक व कवि गोविंद अक्षय कार्यक्रम का संचालन करेंगे तथा संस्था की गतिविधियों की जानकारी भी देंगे। गीतकार चंपालाल बैद कवि गोष्ठी की अध्यक्षता करेंगे।

# भव्य हिंदू सम्मेलन कल

## संतों के प्रवचन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और शक्ति प्रदर्शन होंगे आकर्षण

**हैदराबाद, 28 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन कल रविवार, 29 मार्च को अग्रवाल हाई स्कूल ग्राउंड में किया जाएगा।

आयोजन से जुड़े पंकज कुमार अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि हिंदू समाज में जागरण, नई ऊर्जा और चेतना प्रदान करने के उद्देश्य से इस हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन में देश के प्रसिद्ध साधु-संतों एवं समाज-सेवकों द्वारा मार्गदर्शन एवं उद्बोधन दिया जाएगा।

सम्मेलन के दौरान बालक-बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ शारीरिक शक्ति प्रदर्शन कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, जो कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण रहेंगे।


कार्यक्रम के अंत में भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। हिंदू सम्मेलन समिति, पत्थर गट्टी द्वारा सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से परिवार एवं मित्रों सहित सायं 5:00 बजे अग्रवाल गर्ल्स स्कूल ग्राउंड में समय पर उपस्थित होकर सम्मेलन में भाग लेने तथा एकता की शक्ति का परिचय देने का अनुरोध किया गया है।



कंदास्वामी बाग हनुमान व्याशाला के सामने सुरजमल किशनलाल देवडा परिवार द्वारा श्री राम नवमी के पावन अवसर पर आयोजित सामूहिक आरती एवं महाप्रसादी मे उपस्थित विख्यात कथाकार पंडीत आनंद चतुर्वेदी, स्वामी कमलेश महाराज, जगन्नाथ मठ के महंत रामानुजाचार्य, गुलावचंद देवड़ा, केसीमल देवडा, सिताराम पवार, सज्जनलाल सराफ, मुकेश चौहान, रिद्धीश जागीरदार एवं अन्य।




अग्रवाल समाज तेलंगाना द्वारा विभिन्न कमेटियों के चेयरमैनों के सम्मान समारोह की सभा में सुरेश कुमार टंडन को सभी पाँच जोनल कमेटी का मुखिया नियुक्त किया गया। उन्हें इस अवसर पर समाज के कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र कुमार गोयल द्वारा सम्मान किया गया।



श्री राम नवमी शोभा यात्रा के अन्तर्गत पहाड़ी श्याम मन्दिर, महिन्द्रा हिल्स द्वारा बाबा श्यामजी की शृंगारिक झाँकी निकाली गई। अवसर पर उपस्थित मंदिर के चेयरमैन अरुण डाकोतिया, ट्रस्टी विजय अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, ब्रिजेश मोदी, अक्षय डाकोतिया, राहुल अग्रवाल, कपीश अग्रवाल, गोपाल त्रिवेदी एवं अन्य ।



जीर्णोद्धार कर अति शीघ्र प्रारम्भ होने वाले प्राचीन राम मंदिर, एम.एस. मक्ता, बेगमपेट परिसर में श्रीराम नवमी के अवसर पर सीताराम कल्याणोत्सव में सम्पन्न हुआ । अवसर पर उपस्थित प्रदीप तुलस्यान, दिनेश पसारी, राजेश अग्रवाल, तवीष केडिया, प्रभाकर मधु, रामलु आदि ने कल्याणोत्सव एवं अन्नदान कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया ।

# तेलंगाना विधानसभा में हैदराबाद मेट्रो फेज-1 को एलएंडटी से वापस लेने का प्रस्ताव पारित

**हैदराबाद, 28 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना विधानसभा ने शनिवार को एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया है, जिसके तहत हैदराबाद मेट्रो रेल नेटवर्क के फेज-1 को लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) से वापस लेकर हैदराबाद मेट्रो रेल लिमिटेड (एचएमआरएल) के नियंत्रण में लिया जाएगा।

प्रस्ताव पेश करते हुए तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने बताया कि फेज-ख का नेटवर्क 69 किलोमीटर में फैला है और वर्तमान में इसका प्रबंधन निजी हाथों में है।

**विस्तार में आने वाली बाधाओं को दूर करने की पहल**

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि इस अधिग्रहण का मुख्य उद्देश्य उन तकनीकी, कानूनी और प्रशासनिक बाधाओं को दूर करना है, जिनकी वजह से मेट्रो नेटवर्क के विस्तार में देरी हो रही है। उन्होंने सदन को अवगत कराया कि केंद्र सरकार ने मौजूदा नेटवर्क के निजी नियंत्रण में होने के कारण नए मेट्रो चरणों को शुरू करने पर चिंता व्यक्त की थी। मुख्यमंत्री ने कहा, इन चिंताओं को दूर करने के लिए, यह सदन राज्य सरकार द्वारा एचएमआरएल के माध्यम से एलएंडटी से मेट्रो फेज-ख का कार्यभार संभालने के निर्णय को मंजूरी देता है।


**फेज-खख के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव प्रेषित**

रेवंत रेड्डी ने सदन को जानकारी दी कि फेज-2(ए) (76.4 किमी) और फेज-2(बी) (86.1 किमी) के विस्तार के प्रस्ताव पहले ही केंद्र सरकार को भेजे जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि एक बार फेज-ख से जुड़े मुद्दे सुलझ जाने के बाद, राज्य सरकार केंद्र के साथ संयुक्त साझेदारी में इन नए चरणों को लागू करने की योजना बना रही है।

विधानसभा ने राज्य सरकार से यह भी आग्रह किया कि वह केंद्र सरकार से फेज-खख विस्तार के लिए जल्द से जल्द मंजूरी प्राप्त करने हेतु ठोस प्रयास करे। सरकार का मानना है कि इस अधिग्रहण के बाद हैदराबाद में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था अधिक सुदृढ़ और सुलभ हो सकेगी।



इंजापुर स्थित प. पू. रामचंद्र डोंग्रेजी महाराज गौशाला मे श्री राम नवमी उत्सव एवं गौशाला के 14 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित गोमाता एवं डोंग्रेजी महाराज आरती, महाप्रसाद एवं गौसेवा कार्यक्रम मे उपस्थित गौशाला के प्रभु पटेल, अशोक पटेल, जसमत पटेल, किरण पटेल, जयंती पटेल, दहु पटेल, हरजीव पटेल, मुकेश पटेल, किशोर पटेल, रमा पटेल, ज्योति पटेल, तरूण महेता, गोपी मंडल की बहने एवं अन्य भक्तजन।




अग्रवाल समाज, तेलंगाना के सुचारु संचालन हेतु अध्यक्ष अनिरुद्ध गुप्ता एवं कार्यकारी अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार गोयल द्वारा गठित विभिन्न समितियों में से गवर्नमेन्ट एवं अन्य संस्थानों की समन्वय समिति के चेयरमैन के रूप में अरुण डाकोतिया को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए कार्यकारी अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार गोयल ।

# पश्चिम एशिया संकट ने छीनी रोजी-रोटी

## दिल्ली, सुरत सहित महानगरों से लौट रहे हैं बिहारी एवं झारखंड के प्रवासी मजदूर



**पटना/रांची, 27 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** पश्चिम एशिया संकट के बाद से पूरी दुनिया में जहां ऊर्जा संकट देखने को मिल सकता है। वहीं एलपीजी सिलेंडर गैस संकट भी जहां -तहां देखा जा रहा है। जिसका प्रभाव घर से लेकर होटल,ढांवो एवं रेस्टोरेंट सहित विभिन्न उद्य-ोगों पर भी पड़ रहा है। जहां राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में खिलौने सहित विभिन्न उद्योगों एवं दमन दीव में दवा कारोबार वहीं गुजरात के मोरबी में सिरेमिक इंडस्ट्री के साथ सूरत में कपड़ा उद्योग को मुश्किल हो रही है। जिसके कारण बिहार और झारखंड प्रदेश के प्रवासी मजदूर होली या छठ पर्व में अपने घर वापस लौटते थे। वहीं इस बार होली में घर आने और उसके बाद इस युद्ध के कारण अपने अपने गांवों आने लगे हैं। इसके पहले करीब छह साल पहले कोरोना महामारी के दौरान लाकडाउन के समय काफी कष्ट कर अपने घर आना पड़ा था।इसी डर ने इस वैश्विक संकट कहीं और न बढ़ जाए। वहीं छोटे सिलेंडरों में रसोई गैस नहीं मिलने पर परेशानी होने वहीं दूसरी ओर होटलों के बंद होने से उन्हें डबल झटका लगा है। गौरतलब हो इन प्रवासी मजदूर दिपावली के बाद छठ एवं होली के समय या फिर गर्मियों में गांव में फसल और शादियों के सिलसिले में लौटते रहें हैं।दरअसल आमतौर पर होली-दीवाली जैसे त्योहार पर ही गांव लौटने वालों की भीड़ देखने को मिलती है लेकिन इस बार बिना किसी त्योहार के ही रेल एवं निजी बसों में यात्रियों की संख्या अचानक बढ़ गई है। अपने गांव की ओर लौटने वालों ने इसकी वजह रसोई गैस की किल्लत और बढ़ती कीमतें बताई हैं।इस बीच दिल्ली , मुम्बई,सुरत एवं दमण दीप सहित विभिन्न महानगरों और औद्योगिक क्षेत्र में दिहाड़ी मजदूरी करते हैं। अब महंगाई और गैस की किल्लत के कारण अपने गांव की ओर रुख कर रहे हैं। इस बीच सुरत से लौटे गया जिले के मंझियावां गांव के निवासी सुखदेव पासवान एवं सूर्यदेव रजक सहित झारखंड के गोला निवासी यात्रियों का कहना है कि शहर में गैस सिलेंडर मिलना मुश्किल हो गया है और जहां मिल रहा है, वहां इसकी कीमत करीब 350 रुपये से 500 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच गई है, जिससे आम लोगों का बजट बिगड़ गया है वहीं ईरान-इजरायल -अमेरिका के बीच जारी युद्ध के कारण खाड़ी देशों में फंसे हज़ारों बिहारी मजदूर वतन लौट रहे हैं। जान बचाने के लिए मजदूर, जो ज्यादातर कर्ज लेकर कमाने गए थे, अपना रोजगार छोड़कर सुरक्षित वापसी के लिए मजबूर हैं। गया, पटना सहित अन्य जिलों के लोगों के वापस आने का सिलसिला जारी है, वहीं अधिकांश लोग अभी भी इन खाड़ी देशों में फंसे हुए हैं।जिसको लेकर उनके परिवारों में चिंता और भय का माहौल है। हालांकि राज्य सरकारों एवं केन्द्र सरकार द्वारा बार-बार कहा जा रहा है कि एलपीजी गैस सहित डीजल, पेट्रोल सहित ऊर्जा की कोई कमी नहीं है। वहीं मिडिल ईस्ट में तनाव के कारण एलपीजी और डीजल की सप्लाई पर असर पड़ रहा है, जो दूध के पाश्चुरीकरण और पैकेजिंग के लिए जरूरी है।इस संबंध में कोशी दुग्ध उत्पादन समिती के निदेशक नवीन कुमार ने बताया कि यदि गैस/ईंधन का स्टॉक खत्म होता है, तो सुधा दूध की आपूर्ति बाधित हो सकती है, जिससे दूध का संकट गहरा सकता है।

# केबीआर पार्क पर राधे-राधे ग्रुप द्वारा अन्नदान, सेवा का दिया संदेश



**हैदराबाद, 28 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में इंडो अमेरिकन कैंसर हॉस्पिटल के सामने स्थित केबीआर पार्क पर शनिवार को नियमित अन्नदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस सेवा कार्य के माध्यम से जरूरतमंदों, असहाय एवं राहगीरों को भोजन वितरित किया गया, जिससे उनके चेहरे पर संतोष और खुशी देखने को मिली।

ग्रुप के सदस्यों ने बताया कि अन्नदान सबसे बड़ा दान माना जाता है और इसी भावना के साथ राधे-राधे ग्रुप लगातार सेवा कार्यों में सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है।

कार्यक्रम के दौरान सभी सदस्यों ने मिलकर अनुशासित ढंग से भोजन वितरण किया और जरूरतमंदों की सहायता की।

इस अवसर पर मनीष अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, हरीश तोलाराम हिंदूजा सहित राधे-राधे ग्रुप के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने सेवा भाव के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया और भविष्य में भी इसी प्रकार समाज सेवा के कार्य जारी रखने का संकल्प लिया।



गोशामहल के भाजपा पूर्व पार्षद लाल सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं के सहयोग से श्रीरामचंद्र की भव्य शोभा यात्रा का स्वागत मंच वीरांगी रानी अवन्ति बाई लोध चौक, जुमेरात बाजार, धूलपेट में किया गया। इस अवसर पर आमंत्रित अतिथिगण, धर्मप्रेमियों, प्रस्तुत धार्मिक प्रतिमाएं, देश भक्तों व धार्मिक झांकियों का श्रद्धासुमन स्वागत किया गया।

# मेनका गांधी ने जीएचएसपीसीए एनिमल हॉस्पिटल का किया दौरा

## नई एम्बुलेंस का उद्घाटन, डोनेशन योजनाओं का शुभारंभ

**हैदराबाद, 28 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** ग्रेटर हैदराबाद सोसाइटी फॉर प्रिवेंशन ऑफ क्रुएल्टी टू एनिमल्स (जीएचएसपीसीए) मल्टी-स्पेशियलिटी एनिमल हॉस्पिटल एवं शेल्टर, बेगम बाजार में शनिवार दि. 28 मार्च को पूर्व सांसद एवं पशु-कल्याण कार्यकर्ता तथा जीएचएसपीसीए की मुख्य संरक्षक मेनका गांधी ने जीएचएसपीसीए के एनिमल हॉस्पिटल एवं शेल्टर का दौरा किया।उन्होंने यहां चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया और संस्था को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने डोनेशन योजनाओं का शुभारंभ किया तथा जीए-चएसपीसीए की नई एनिमल एम्बुलेंस का उद्घाटन भी किया।

उन्होंने अपने संदेश में कहा कि 27 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद यह हॉस्पिटल अब बहुत जल्द पूर्ण होने जा रहा है और यहां किया जा रहा कार्य अत्यंत सराहनीय है।




इस अवसर पर जैन गुरु पार्श्वयश महाराज साहब का भी आशीर्वाद प्राप्त हुआ।

आगामी महावीर जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार दि. 31 मार्च 2026 को जीएचएसपीसीए द्वारा नुमाईश मैदान, नामपल्ली तथा इम्पीरियल गार्डन, सिकंदराबाद में अवेयरनेस स्टॉल लगाया जाएगा। जो भी इच्छुक हों, वे जागरूकता एवं डोनेशन ड्राइव में सम्मिलित हो सकते हैं।

इस अवसर पर जीए-चएसपीसीए की सदस्य टीम- महिप जैन, दिनेश अंचालिया, सुरेंद्र भंडारी, डी जोशी, मनोज जैन, योगेश गोसर, हितेन शाह, दीपक विजयवर्गी, सौधर्म भंडारी, सिद्धुम भंडारी, जसराज श्रीस्रिमल, विक्रम, अक्षय बाल्डोटा, हरिनी राव, पार्थ शाह, तकी अली, सुमीत जैन, अक्षत, शुभम जैन, भक्ति, सोनल, आद्या, जसमत पटेल, अजय सुराना, अजय, रघुवीर जी आदि उपस्थित थे।

# बांसवाड़ा में हेल्थ कैंप-2026 का आयोजन छात्रों को जंक फूड से दूर रहने की सलाह




**बांसवाड़ा, 28 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बांसवाड़ा शहर के एसआरएनके गवर्नमेंट ऑटोनॉमस डिग्री एंड पीजी कॉलेज में जूलॉजी डिपार्टमेंट के तहत शनिवार को एसआरएनके डिग्री कॉलेज ने हेल्थ कैंप-2026 लगाया।

प्रोग्राम में जाने-माने जनरल मेडिकल एक्सपर्ट डॉ. सैलू मन्ने और डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. सौजन्या गोले चीफ गेस्ट के तौर पर मौजूद थीं। इस मौके पर डॉ. सैलू ने कहा कि आजकल फास्ट फूड, जंक फूड और प्लास्टिक के इस्तेमाल से कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों का खतरा है और स्टूडेंट्स को इन्हें पूरी तरह से बंद करने की सलाह दी।

डॉ. सौजन्या ने कहा कि गर्मी के मौसम में स्किन प्रोटेक्शन के लिए सनस्क्रीन लोशन का इस्तेमाल करना चाहिए और चेतावनी दी कि कॉस्मेटिक्स के ज्यादा इस्तेमाल से स्किन की बीमारियां हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि अच्छी नींद और पौष्टिक खाना हेल्थ के लिए बहुत जरूरी है।कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. इंदुरु गंगाधर ने कहा कि स्टूडेंट्स को डॉक्टरों की सलाह माननी चाहिए और हर दिन ज्यादा पानी पीकर अपनी हेल्थ का ध्यान रखना चाहिए।

इस प्रोग्राम में टीचर राफिया, कृष्णा, पद्मा, सना बेगम, बलराज, विनय कुमार, विट्ठल, रेखा, अनीता, राजेश, श्रीनिवास और लगभग 150 स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया।

# श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 9 अप्रैल से, तैयारी बैठक आज

**हैदराबाद, 28 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राजस्थानी जागृति समिति, हैदराबाद के तत्वाधान में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन 9 अप्रैल से 15 अप्रैल तक प्रतिदिन मध्याह्न 3 बजे से सायं 7 बजे तक स्थान – बाहेती भवन, सिद्धअम्बर बाजार, हैदराबाद में आयोजित किया जाएगा।

इसी सन्दर्भ में कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए एक बैठक का आयोजन रविवार प्रातः 11:30 बजे बाहेती भवन, सिद्दिम्बर बाजार में किया जा रहा है।

इस आशय की जानकारी समिति अध्यक्ष श्रीनिवास सोमानी ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। बैठक में अब तक गठित समितियों की समीक्षा की जाएगी तथा अन्य आवश्यक समितियों का गठन कर उन्हें जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। साथ ही सभी समाज बंधुओं के सुझाव भी आमंत्रित किए जाएंगे ताकि श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन भव्य और सुव्यवस्थित रूप से किया जा सके।

विज्ञप्ति में बताया गया कि मुख्य यजमान के रूप में अंजनी कुमार अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष, अग्रवाल समाज तेलंगाना ने अपनी स्वीकृति प्रदान की है। सह-मुख्य यजमान के रूप में मनीष अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष, अग्रवाल समाज तेलंगाना ने भी अपनी सहमति प्रदान की है।

इसके अतिरिक्त दैनिक यजमान के रूप में-वेणु गोपाल तोतला, कृष्ण कुमार सौंथलिया (अत्तापुर), कमल किशोर काकानी, जामनालाल मनोहरलाल काकानी, अशोक कुमार हिरावत जैन, हीरालाल सोमानी (चिनूर) आदि ने भी अपनी स्वीकृति प्रदान की है।समिति ने समाज के सभी धार्मिक आस्था रखने वाले बंधुओंपुरुष एवं महिलाओं, विभिन्न संगठनों एवं संस्थाओंसे आग्रह किया है कि वे श्रीमद् भागवत कथा में सहभागी बनकर तन-मन-धन से सहयोग प्रदान करें तथा पुण्य लाभ प्राप्त करें।

श्रीमद् भागवत कथा के पश्चात प्रतिदिन सभी कथा प्रेमी श्रोताओं के लिए महा प्रसाद भोजन की व्यवस्था भी की जाएगी।

समिति की ओर से सभी समाज बंधुओं को रविवार को आयोजित बैठक में उपस्थित होने तथा अपने सुझाव देने के लिए आमंत्रित किया गया है। साथ ही परिवार, मित्रों एवं परिचितों सहित श्रीमद् भागवत कथा श्रवण हेतु सादर आमंत्रण दिया गया है, ताकि इस धार्मिक आयोजन को भव्य एवं सफल बनाया जा सके।

# बहादुरपुरा में राम नवमी जन्मोत्सव व प्रसाद वितरण

**हैदराबाद, 28 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** रामनवमी के अवसर पर बाबा भगवान दास मठ देवी बाग मंदिर बहादुरपुरा में भगवान श्री राम जी का जन्म उत्सव एवं प्रसाद वितरण किया गया।



इस अवसर पर महंत विमल दास, वैष्णव विवेकानंद दास, पुरुषोत्तम दास शर्मा, सुनील कुमार पाण्डेय, सुरेश जी नालपुरिया, मोतीलाल केडिया, श्रीकांत अटल, प्रकाश लड़ा, चिंटू स्वामी, गोलू, आरुष रवि, एवं महावीर जी पूर्वा, विमल कुमार कटोडा, राजेश जी रोहिल्ला, अशोक जी थेपड़ा, प्रकाश वैष्णव, पंकज टांक, राजेश चौधरी, शुभम शर्मा एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया।


शुभ लाभ Classifieds — FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**
I, Army No. 6948762M ACP HAV BRIJENDRA SINGH of. Adm Bn, AOC Centre, C/o.56 APO that my father name is changed from SHRI KRISHANA to SHRI KRISHNA

**CHANGE OF NAME**
I, P Sabapathi, presently Posted at 61 MED Regt, 925761, C/o 56APO, have Changed my son's name from SANTHOSH to SANTHOSH S, vide Affidavit Dt.28-3-2026, before Sec-Bad Court

**CHANGE OF NAME**
I, P Sabapathi, presently Posted at 61 MED Regt, 925761, C/o 56APO, have Changed my son's name from SAI HARISH to SAI HARISH S, vide Affidavit Dt.28-3-2026, before Sec-Bad Court

**CHANGE OF DOB**
I, Duddela Balaiah F/o Duddela Subba Raju, R/o Allinagaram-(V&P), Komarole-(M), (Prakasam) presently Markapuram- (District), A.P-523373, have changed my DOB From 10-06-1965 to 01-01-1965 vide affidavit dt.27-3-2026, before Sec-Bad Court.

**CHANGE OF DOB**
I, Duddela Thirumalamma M/o Duddela Subba Raju, R/o. Allinagaram-(V&P), Komarole-(M), (Prakasam) presently Markapuram - (District), Andhra Pradesh -523373, have changed my DOB From 02-05-1969 to 01-01-1969 vide affidavit dt.27-3-2026, before Sec-Bad Court.

**CHANGE OF NAME**
I, KM SANGITA DAS spouse of Service No JC-775235A Rank - Sub Name Ganesha Kumar Acharya, Residing at Sebatideipur, Khallikote, Bikrampur, Ganjam, Odisha, Pin - 761029. I have changed my name from KM SANGITA DAS to SANGITA ACHARYA and Date of Birth is 02/05/1990. Affidavit dated 25 Mar 2026 before Notary G Sathyanarayana, Secunderabad

**CHANGE OF NAME**
I, Service No JC-775235A Rank - Sub Name Ganesha Kumar Acharya, Residing at Sebatideipur, Khallikote, Bikrampur, Ganjam, Odisha, Pin - 761029. I have changed my daughter's name from SIMARAN ACHARYA to SIMRAN ACHARYA and Date of Birth is 19/05/2013. Affidavit dated 25 Mar 2026 before Notary G Sathyanarayana, Secunderabad

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, SUNJUKTA KUMARI ACHA mother of Service No JC-775235A Rank - Sub Name Ganesha Kumar Acharya, Residing at Sebatideipur, Khallikote, Bikrampur, Ganjam, Odisha, Pin - 761029. I have changed my name from SUNJUKTA KUMARI ACHA to SANJUKTA ACHARYA and Date of Birth from 01/07/1964 to 01/01/1965. Affidavit dated 25 Mar 2026 before Notary G Sathyanarayana, Secunderabad

# मुख्यमंत्री रेवंत ने मूसी नदी के किनारे मंदिरों के पुनर्निर्माण की नींव रखीं



**हैदराबाद, 28 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शहर के बाहरी इलाके में मूसी नदी के तट पर मंचिरेवुला में मचिलेश्वर स्वामी और ओंकारेश्वर स्वामी मंदिरों के पुनर्निर्माण की नींव रखी है। यह शिलान्यास समारोह वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ।

मुख्यमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए इसे एक 'ऐतिहासिक अवसर' बताया और कहा कि यह किसी सामान्य विकास कार्यक्रम के तौर पर नहीं बल्कि 'ईश्वरीय इच्छा' से किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इन मंदिरों का विकास आठ एकड़ में करेगी जिस पर लगभग 700 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत आएगी। उन्होंने यह भी बताया कि इस क्षेत्र का इतिहास लगभग 1,400 साल पुराना है।उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य भावी पीढ़ियों के लिए इस विरासत को संरक्षित करना है।

मुख्यमंत्री ने इससे पहले भगवान मचिलेश्वर स्वामी का अभिषेक किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क, मुख्य सचिव रामकृष्ण राव, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) शिवधर रेड्डी, सांसद, विधायक, विधान पार्षद और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ने आंगनवाड़ी बच्चों के लिए 'तुलि मुद्दा' नाश्ता योजना का शुभारंभ किया

**हैदराबाद, 28 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शनिवार को कहा कि केवल खाद्य सुरक्षा ही पर्याप्त नहीं है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बच्चों को पौष्टिक भोजन प्रदान करना तेलंगाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यहाँ विधानसभा सम्मेलन में आंगनवाड़ी बच्चों के लिए तुलि मुद्दा नाश्ता योजना का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पौष्टिक भोजन की कमी बच्चों में स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों का एक प्रमुख कारण है और यह एक गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है।मुख्यमंत्री ने इस बात पर विशेष बल दिया कि छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों में मानसिक विकास अत्यंत महत्वपूर्ण है।



उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य कम उम्र से ही उनके स्वास्थ्य में सुधार करना है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को गर्भधारण के समय से ही पहले से ही पौष्टिक भोजन प्रदान किया जा रहा है।जवाहरलाल नेहरू के योगदान को याद करते हुए, रेड्डी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री ने निरक्षरता से निपटने और कृषि को मजबूत करने के लिए शिक्षा और सिंचाई को प्राथमिकता दी थी। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि सरकार आंगनवाड़ी कर्मचारियों के सभी लंबित मुद्दों का समाधान करेगी। उन्होंने कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे बच्चों की देखभाल परिवार के सदस्यों की तरह करें और इस नाश्ता योजना को पूरी निष्ठा के साथ लागू करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए स्थायी भवनों के निर्माण की योजना तैयार करें और निजी भवनों से संचालन को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आंगनवाड़ी शिक्षकों को मोबाइल फोन भी वितरित किए।

# अवैध खनन और रेत माफिया के खिलाफ सीबीसीआईडी जांच के आदेश देगी तेलंगाना सरकार

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार तेलंगाना में अवैध खनन और रेत माफिया की गतिविधियों के आरोपों की जांच के आदेश देने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार राज्य के राजस्व को नुकसान पहुँचाने वाली किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिरसिला रेत माफिया के संबंध में संतोष राव और उनके पिता रविंदर राव के खिलाफ जांच शुरू की जा सकती है। इसके अलावा, सरकार पूर्व बीआरएस मंत्री गंगुला कमलाकर से जुड़े कथित अवैध ग्रेनाइट खनन और राज्यसभा सदस्य वद्दिराजू रविचंद्र से जुड़ी एक कंपनी की कथित अनियमितताओं की जांच के लिए भी तैयार है।

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि इन मामलों में क्राइम ब्रांच सीआईडी (सीबीसीआईडी) द्वारा जांच के आदेश दिए जाएंगे, जिसमें राघव कंस्ट्रक्शंस से जुड़े मुद्दे भी शामिल हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि यह जांच सभी तथ्यों को स्पष्ट कर देगी।

विधानसभा को संबोधित करते हुए रेड्डी ने बताया कि राघव कंस्ट्रक्शंस को पहले ही नोटिस जारी किए जा चुके हैं और खनन विभाग ने फर्म पर जुर्माना लगाकर उसे वसूल भी कर लिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह कार्रवाई सरकार द्वारा विवरण जुटाने के बाद स्वतः संज्ञान लेकर शुरू की गई थी, न कि किसी बाहरी शिकायत के आधार पर।

एक मंत्री को बदनाम करने और ब्लैकमेल के जरिए दबाव बनाने के प्रयासों का आरोप लगाते हुए रेड्डी ने कहा कि सरकार ऐसी रणनीति के आगे नहीं झुकेगी। उन्होंने दो-हराया कि जांच के माध्यम से पूरा सच सामने आ जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# 18,000 रुपये मासिक वेतन की मांग को लेकर आशा कार्यकर्ताओं का विरोध प्रदर्शन

**हैदराबाद, 28 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना की आशा कार्यकर्ताओं के शनिवार को अपनी लंबित मांगों और 18,000 रुपये मासिक निश्चित वेतन की मांग को लेकर किये गये विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया। इसके कारण पुलिस ने कई आशा कार्यकताओं को हिरासत में ले लिया।



प्रदर्शनकारियों के अनुसार उनकी प्राथमिक मांग 18,000 रुपये मासिक वेतन तय करना है, क्योंकि वर्तमान मानदेय उनकी आजीविका की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपर्याप्त है। वे इस बजट सत्र के दौरान सरकार से इस संबंध में स्पष्ट घोषणा की उम्मीद कर रही हैं।

माकपा के पूर्व विधायक जुलकांती रंगा रेड्डी ने एक बयान में कहा कि लंबित आश्वासनों पर सरकारी निष्क्रियता के कारण विरोध प्रदर्शन तेज हुआ है और सरकार विरोध की अनुमति न देकर आंदोलन को दबाने का प्रयास कर रही है।

प्रदर्शनकारियों ने मानदेय के भुगतान में देरी का मुद्दा भी उठाया और बताया कि पिछले कई वर्षों से सर्वेक्षण, पोलियो अभियान, चुनावी ड्यूटी और परीक्षा कार्यों से संबंधित भुगतान भी लंबित हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि केंद्र सरकार से मिलने वाली 1,500 रुपये प्रति कार्यकर्ता की राशि भी वितरित नहीं की गयी है, जिससे उन्हें गंभीर वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि सरकार उनके आवागमन पर लगे प्रतिबंध हटाये, समय पर मानदेय सुनिश्चित करे और सभी बकाया राशि का तत्काल भुगतान करे।

सर्वे भवन्तु सुखिनः
अग्रवाल समाज, तेलंगाना
मानव सेवा-माधव सेवा
301, तीसरा माला, राघव रत्ना टॉवर्स, चिराग अली लेन, आबिड्स, हैदराबाद
Email : agarwalsamajtelangana.gmail.com Website : www.agarwalsamajtelangana.com

अग्रवाल समाज तेलंगाना द्वारा आगामी तीन महीनों की भावी योजनाएँ

अग्रवाल समाज के अध्यक्ष अनिरुद्ध गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र कुमार गोयल, सहमंत्री श्रीमति सीमा जैन द्वारा निम्न लिखित भावी योजनाओं की घोषणा की है

1) रविवार 29 मार्च 2026 को समाज कार्यालय 301, राघव रत्ना टावर में मध्याह्न 12 बजे से 3 बजे तक फॉर्म लिए जाएँगे जिसमे आपका आधार कार्ड की कॉपी, पासपोर्ट साइज फोटो होना अनिवार्य है आपको मात्र 11 रुपये में अग्रवाल समाज की सदस्यता प्राप्त होगी तथा प्रिविलेज कार्ड दिया जाएगा जिसके अंतर्गत डायग्नोस्टिक सेंटर, हॉस्पिटल, मेडिकल स्टोर्स, मिठाई की दुकान एवं अन्य कई संस्थाओं में विशेष छूट प्राप्त होगी।

2) 3 April 2026 - Banquet Hall, 10th Floor EMPOWERMENT PROGRAMME के अंतर्गत Abacus, Vedic, Maths and Teacher Training by Jt. Secretary Dr. Seema Jain.

Tanjor Painting - By Shivam Siddam ji.

- 6th April - Chocolate Packing and Basic Bandarwal
- 7th April - Makeup Session by Upasana Goyal ji, Mehdi Design - Smt. Meenu Agarwal ji.
- 8th April - Diet Food Programme by Rinku Garg ji, Wellness Programme by Sunita ji.
- 9th April - Jar Cake and Cookies Making by Rishika Agarwal ji.
- 11th April - Tanjor Painting Workshop by Prem Lohia ji.
- 12th April - Numerology Course by Ankur Jain ji, Vegetable Carving by Neeti Agarwal ji.
- 13th April - Lipan Art Workshop by Deepika Goyal ji.
- 14th April - Masala Making by Vanita Mittal ji, Carrier Guidance and PCOSO by Sunita ji/ Vandana ji.
- 15th April - Resin Art Workshop
- अप्रैल 4, 5 - समय प्रातः 9 बजे, स्थान भाग्यनगर कान्हा शांति वनम, चेगुर विलेज, कोत्तूर मंडल, रंगारेड्डी जिला।
- उपरोक्त कार्यक्रम हेतु सहमंत्री डॉ. सीमा जैन से सम्पर्क कर सकते हैं।

3) 3 अप्रैल - इलेक्ट्रिक इंडक्शन चुल्हे का वितरण।

4) महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु सिलाई मशीन का वितरण।

5) गर्मी के मौसम को ध्यान ने रखते हुए शहर के विभिन्न स्थानों में वाटर कूलर की मशीन लगाना।

6) रघुनाथमल गीता बाई गोयल ट्रस्ट (वेंकटेश्वरा ग्रुप) के सौजन्य से पुरुषोत्तम मास में धार्मिक स्थान जगन्नाथ पुरी की यात्रा एवं दर्शन।

7) समय समय पर शिक्षा सहायता एवं चिकित्सा सहायता प्रदान करना।

8) दिव्यांगों की आवश्यकता अनुसार सेवा करना।

9) एकल नारी योजना को और अधिक सुदृढ़ बनाना।

10) समय समय पर राशन का वितरण करना।

उपरोक्त सभी सुविधाएं केवल अग्रवाल समाज के सदस्यों को दी जाएगी जिसमे सभी शाखा के पदाधिकारिगण, केंद्रीय समिति के सदस्यगण से आग्रह है कि सभी योजनाओं की जानकारी अपनी शाखाओं में प्रेषित कर योजनाओं का लाभ सदस्यों को दिलवाएंगे।

अग्रवाल समाज, तेलंगाना - समस्त पदाधिकारीगण

BHAVES




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.